अपभ्रंश काव्य सौरभ

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपभ्रंश काव्य सौरभ

(काव्य-संकलन, हिन्दी अनुवाद, व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ सहित)

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
(सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र)
संयोजक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर
जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

☐ प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी,
जैनविद्या संस्थान,
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
श्रीमहावीरजी–322220 (राजस्थान)

☐ प्राप्तिस्थान

1. जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी
2. अपभ्रंश साहित्य अकादमी
दिगम्बर जैन नसियां भट्टारकजी
सवाई रामसिंह रोड, जयपुर–302004

☐ प्रथमबार, 1992

☐ मूल्य

पुस्तकालय संस्करण (सजिल्द)	**125.00**
पेपरबैक	**75.00**

☐ मुद्रक

मदरलैण्ड प्रिन्टिंग प्रैस
6–7, गीता भवन, आदर्श नगर
जयपुर–302004

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

पाठ संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रकाशकीय	
	प्रस्तावना	
	काव्य-अनुवाद	
पाठ-1	पउमचरिउ	2-7
पाठ-2	पउमचरिउ	8-13
पाठ-3	पउमचरिउ	14-19
पाठ-4	पउमचरिउ	20-27
पाठ-5	पउमचरिउ	28-33
पाठ-6	महापुराण	34-39
पाठ-7	महापुराण	40-45
पाठ-8	महापुराण	46-49
पाठ-9	जंबूसामिचरिउ	50-55
पाठ-10	सुदंसणचरिउ	56-63
पाठ-11	सुदंसणचरिउ	64-69
पाठ-12	करकण्डचरिउ	70-73
पाठ-13	धण्णकुमारचरिउ	74-81
पाठ-14	हेमचन्द्र के दोहे	82-87
पाठ-15	परमात्मप्रकाश	88-93
पाठ-16	पाहुडदोहा	94-99
पाठ-17	सावयधम्मदोहा	100-103
	व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ	
	संकेत सूची	3-4
पाठ-1	पउमचरिउ	5-18
पाठ-2	पउमचरिउ	19-30
पाठ-3	पउमचरिउ	31-41
पाठ-4	पउमचरिउ	42-54
पाठ-5	पउमचरिउ	55-65
पाठ-6	महापुराण	66-77
पाठ-7	महापुराण	78-90
पाठ-8	महापुराण	91-98
पाठ-9	जंबूसामिचरिउ	99-111

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
पाठ-10	सुदंसणचरिउ	112-127
पाठ-11	सुदंसणचरिउ	128-138
पाठ-12	करकंडचरिउ	139-146
पाठ-13	धण्णकुमारचरिउ	147-164
पाठ-14	हेमचन्द्र के दोहे	165-173
पाठ-15	परमात्मप्रकाश	174-182
पाठ-16	पाहुडदोहा	183-192
पाठ-17	सावयधम्मदोहा	193-199
परिशिष्ट-1	कवि-परिचय	1-20
परिशिष्ट-2	काव्य-प्रसंग	21-40
शुद्धि पत्र		41-42
सहायक पुस्तकें एवं कोश		43-44

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

हमारे देश में प्राचीनकाल से ही लोकभाषाओं में साहित्य-रचना होती रही है । 'अपभ्रंश' भी एक ऐसी ही लोकभाषा/जनभाषा थी जिसमें जीवन की सभी विधाओं में पुष्कल-मात्रा में साहित्य रचा गया । 8वीं से 13वीं शताब्दी तक यह सारे उत्तर भारत की साहित्यिक भाषा रही । अपभ्रंश साहित्य की विशालता, लोकप्रियता और महत्ता के कारण ही आचार्य हेमचन्द्र ने अपने 'प्राकृत-व्याकरण' के चतुर्थ पाद में सूत्र संख्या 329 से 446 तक स्वतन्त्ररूप से अपभ्रंश भाषा की व्याकरण-रचना की ।

अपभ्रंश भारतीय आर्यभाषाओं (उत्तर-भारतीय भाषाओं) की जननी है, उनके विकास की एक अवस्था है । अतः हिन्दी एवं अन्य सभी उत्तर-भारतीय भाषाओं के विकास के इतिहास के अध्ययन के लिए अपभ्रंश भाषा का अध्ययन आवश्यक है ।

अनेक कारणों से अपभ्रंश का साहित्य प्रकाशित न होने से इसकी रुचि पाठकों में न पनप सकी और इसके समुचित ज्ञान का अभाव बना रहा । धीरे-धीरे यह अपरिचय की ओट में छिप गई, इसके अध्ययन-अध्यापन की भी उचित व्यवस्था न हो सकी, परिणामतः अपभ्रंश का अध्ययन अत्यन्त दुष्कर हो गया ।

अपभ्रंश साहित्य के अध्ययन-अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी द्वारा संचालित जैनविद्या संस्थान के अन्तर्गत 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी' की स्थापना की गई । अकादमी का प्रयास है—अपभ्रंश के अध्ययन-अध्यापन को सशक्त करके उसके सही रूप को सामने रखना जिससे प्राचीन साहित्यिक-निधि के साथ साथ आधुनिक आर्य भाषाओं के स्वभाव और उनकी संभावनाएं भी स्पष्ट हो सकें ।

इसके लिए अकादमी में अपभ्रंश भाषा के अध्यापन की समुचित व्यवस्था है । अकादमी में अपभ्रंश सर्टिफिकेट कोर्स और अपभ्रंश डिप्लोमा कोर्स विधिवत् निःशुल्क चलाये जाते हैं ।

अपभ्रंश भाषा सरल रूप में सीखी जा सके, इस क्रम में 'अपभ्रंश रचना सौरभ' प्रकाशित की गई । उसी क्रम में 'अपभ्रंश काव्य सौरभ' प्रकाशित है । इसमें अपभ्रंश काव्यों से चयनित अंश, उनके हिन्दी अनुवाद, व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ दिये गये हैं । मेरा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विश्वास है कि विश्वविद्यालयों के हिन्दी विभागों के लिए यह कृति उपयोगी होगी और विद्यार्थी अपभ्रंश भाषा के काव्यों का रसास्वाद कर सकेंगे।

इस पुस्तक के प्रकाशन में अकादमी के विद्वान एवं मुद्रण के लिए मदरलैण्ड प्रिन्टिग प्रेस, जयपुर धन्यवादार्ह हैं।

6 अक्टूबर, 1992
भट्टारकजी की नसियां,
सवाई रामसिंह रोड,
जयपुर-302 004

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
संयोजक
जैनविद्या संस्थान समिति

Jain Education International · For Private & Personal Use Only · www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

अपभ्रंश भारतीय आर्य-परिवार की एक सुसमृद्ध लोक भाषा रही है। इसका प्रकाशित-अप्रकाशित विपुल साहित्य इसके विकास की गौरवमयी गाथा कहने में समर्थ है। स्वयंभू, पुष्पदन्त, धनपाल, वीर, नयनन्दि, कनकामर, जोइन्दु, रामसिंह, हेमचन्द्र, रइधू आदि अपभ्रंश भाषा के अमर साहित्यकार हैं। कोई भी देश व संस्कृति इनके आधार से अपना मस्तक ऊंचा रख सकती है। विद्वानों का मत है 'अपभ्रंश ही वह आर्य भाषा है जो ईसा की लगभग सातवीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक सम्पूर्ण उत्तर-भारत की सामान्य लोक-जीवन के परस्पर भाव-विनिमय और व्यवहार की बोली रही है।'[1] यह निर्विवाद तथ्य है कि अपभ्रंश की कोख से ही सिन्धी, पंजाबी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, बिहारी, उड़िया, बंगला, असमी, पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी आदि आधुनिक भारतीय भाषाओं का जन्म हुआ है। इस तरह से राष्ट्र भाषा का मूल स्रोत होने का गौरव अपभ्रंश भाषा को प्राप्त है। यह कहना युक्तिसंगत है—"अपभ्रंश और हिन्दी का सम्बन्ध अत्यन्त गहरा और सुदृढ़ है, वे एक दूसरे की पूरक हैं। हिन्दी को ठीक से समझने के लिए अपभ्रंश की जानकारी आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।"[2] डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार—"हिन्दी साहित्य में (अपभ्रंश की) प्रायः पूरी परम्पराएं ज्यों की त्यों सुरक्षित हैं।" अतः राष्ट्रभाषा हिन्दीसहित आधुनिक भारतीय भाषाओं के सन्दर्भ में यह कहना कि अपभ्रंश का अध्ययन राष्ट्रीय चेतना और एकता का पोषक है, उचित प्रतीत होता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अपभ्रंश भाषा को सीखना-समझना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखकर **'अपभ्रंश रचना सौरभ'** प्रकाशित की गई थी। उसी क्रम में **'अपभ्रंश काव्य सौरभ'** तैयार की गई है। इसमें अपभ्रंश के विभिन्न ग्रन्थों से काव्यांशों का चयन किया गया है। उनके हिन्दी अनुवाद, व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ प्रस्तुत किये गये हैं। परिशिष्ट–1 में कवि-परिचय लिखा गया है तथा परिशिष्ट–2 में काव्यांशों के प्रसंग दे दिये गए हैं। इस तरह से अपभ्रंश भाषा सीखने के साथ-साथ काव्यों का रसास्वादन किया जा सकेगा।

---

1. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग, डॉ. नामवरसिंह, पृ. 287।
2, अपभ्रंश और अवहट्ट : एक अन्तर्यात्रा, डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय, 1979, पृ. 9।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आभार—

काव्यांशों एवं उनके व्याकरणिक विश्लेषण से सम्बन्धित पुस्तकों का प्रूफ-संशोधन का कार्य अत्यन्त कठिन होता है। किन्तु मुझे हर्ष है कि अपभ्रंश के मेरे विद्यार्थियों—सुश्री प्रीति जैन, सुश्री सीमा बत्रा एवं सुश्री माया शर्मा ने, जिन्होंने अकादमी की 'अपभ्रंश डिप्लोमा परीक्षा' उत्तीर्ण की है और जो अकादमी के प्रकाशन विभाग में कार्यरत हैं, इस कठिन कार्य को सहर्ष और रुचिपूर्वक सम्पन्न किया है। अतः मैं उनका आभारी हूँ। मैं सुश्री प्रीति जैन का विशेषरूप से आभारी हूँ जिन्होंने काव्यों के अनुवाद एवं व्याकरणिक विश्लेषण में महत्वपूर्ण सुझाव सुझाए।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी सोगाणी ने इस पुस्तक को तैयार करने में जो सहयोग दिया है उसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए जैनविद्या संस्थान समिति एवं समिति के पूर्व संयोजक श्री ज्ञानचन्द्र खिन्दूका ने जो व्यवस्था की उसके लिए मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

(सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र)
संयोजक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर
जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी।

कमलचन्द सोगाणी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपभ्रंश काव्य सौरभ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ—1

पउमचरिउ

सन्धि–22

कोसलणन्दणेंण स-कलत्तें णिय-घरु आएं ।
आसाढट्ठमिहिँ किउ ण्हवणु जिणिन्दहों राएं ।।

22.1

सुर-समर-सहासेंहिँ दुम्महेण किउ ण्हवणु जिणिन्दहों दसरहेण ।। 1
पट्ठवियइँ जिण-तणु-धोवयाइँ देविहिँ दिव्वइँ गन्धोदयाइँ ।। 2
सुप्पहहें णवर कञ्चुइ ण पत्तु पहु पभणइ रहसुच्छलिय-गत्तु ।। 3
'कहें काइँ णियम्विणि मणें विसण्ण चिर-चित्तिय भित्ति व थिय विवण्ण'।। 4
पणवेप्पिणु वुच्चइ सुप्पहाएँ 'किर काइँ महु त्तणियएँ कहाएँ ।। 5
जइ हउँ जें पाणवल्लहिय देव तो गन्ध-सलिलु पावइ ण केम' ।। 6
तहिँ अवसरें कञ्चुइ ढुक्कु पासु छण-ससि व णिरन्तर-धवलियासु ।। 7
गय-दन्तु अयंगमु (?) दण्ड-पाणि अणियच्छिय-पहु पक्खलिय-वाणि ।। 8

घत्ता—गरहिउ दसरहेंण 'पइँ कञ्चुइ काइँ चिराविउ ।
जलु जिण-वयणु जिह सुप्पहहें दवत्ति ण पाविउ' ।।

22.2

पणवेप्पिणु तेण वि वुत्तु एम 'गय दियहा जोव्वणु ल्हसिउ देव ।। 1
पढमाउसु जर धवलन्ति आय पुणु असइ व सीस-वलग्ग जाय ।। 2
गइ तुट्टिय विहडिय सन्धि-वन्ध ण सुणन्ति कण्ण लोयण णिरन्ध ।। 3
सिरु कम्पइ मुहें पक्खलइ वाय गय दन्त सरीरहों णट्ठ छाय ।। 4
परिगलिउ रुहिरु थिउ णवर चम्मु महु एत्थु जें हुउ णं अवरु जम्मु ।। 5

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–1

पउमचरिउ

सन्धि–22

अपने घर पहुँचे हुए कोशलनगर (अयोध्या) के (राज–) पुत्र, राजा (राम) के द्वारा पत्नि-सहित अषाढ़ की अष्टमी के दिन जिनेन्द्र का अभिषेक किया गया।

22.1

[1] देवताओं के साथ हजारों युद्धों में कठिनाई से मारे जानेवाले दशरथ के द्वारा (भी) जिनेन्द्र का अभिषेक किया गया। [2] (अभिषेक के पश्चात्) जिनेश्वर के तन को धोनेवाला दिव्य गन्धोदक (सुगन्धित जल) देवियों (राज-पत्नियों) के लिए (कञ्चुकी के साथ) भेजा गया। [3] कञ्चुकी केवल (रानी) सुप्रभा के (पास) नहीं पहुँचा। हर्ष से पुलकित शरीरवाला स्वामी (राजा) कहता है–[4] "हे (सुडोल) स्त्री ! कहो (तुम) मन में दुःखी क्यों (हो) ? (और) पुरानी चित्रित भीत की तरह स्थिर (और) निस्तेज (क्यों हो)? [5] (राजा को) प्रणाम करके सुप्रभा के द्वारा कहा जाता है—हे प्रभु ! मेरे सम्बन्ध में चर्चा से क्या (लाभ)? [6] हे देव ! यदि मैं (सुप्रभा) भी इस प्रकार (आपके लिए) प्राणों से प्यारी (होती), तो (सुप्रभा) गन्धोदक क्यों नहीं पाती ? [7] उसी समय पर कञ्चुकी (जिसका) मुख शरद (ऋतु) की पूर्णिमा के चन्द्रमा की तरह (वृद्धावस्था के द्वारा) निरन्तर सफेद किया गया (था)। [8] (जिसका) दन्त (-समूह) टूट गया (था), (जो) जड़ (था), (जिसके) हाथ में लकड़ी (थी), (जिसके द्वारा) पथ नहीं देखा गया, (जिसकी) वाणी लड़खड़ाती हुई (थी) (सुप्रभा के) पास पहुँचा।

घत्ता—दशरथ के द्वारा (कञ्चुकी) निन्दा किया गया (और कहा गया कि) हे कञ्चुकी ! तुम्हारे द्वारा देर क्यों की गई ? (जिससे) सुप्रभा के द्वारा जिन-वचन के सदृश गन्धोदक शीघ्र नहीं पाया गया।

22.2

[1] (राजा को) प्रणाम करके, उसके द्वारा भी इस प्रकार कहा गया—हे देव ! (मेरे) दिन चले गये, यौवन खिसक गया, [2] बुढ़ापा प्रारम्भिक आयु (युवावस्था) को सफेद करता हुआ आ गया, और कुलटा (स्त्री) की तरह सिर पर चढ़ा हुआ विद्यमान है। [3] गति टूट गई (है), हड्डियों के जोड़ों के बन्धन खुल गये (हैं), कान सुनते नहीं (हैं), आंखें बिल्कुल अन्धी (हैं)। [4] सिर हिलता है, मुख में वाणी लड़खड़ाती है। दाँत टूट गये (हैं), शरीर की कान्ति नष्ट हो चुकी (है)। [5] खून क्षीण हो चुका (है), केवल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गिरि-णइ-पवाह ण वहन्ति पाय गन्धोवउ पावउ केम राय' ॥ 6
वयणेण तेण किउ पहु-वियप्पु गउ परम-विसायहों राम-वप्पु ॥ 7
'सच्चउ चलु जीविउ कवणु सोक्खु तं किज्जइ सिज्झइ जेण मोक्खु ॥ 8

घत्ता—सुहु महु-विन्दु-समु दुहु मेरु-सरिसु पवियम्भइ ।
वरि तं कम्मु किउ जं पउ अजरामरु लब्भइ ॥

22.3

कं दिवसु वि होसइ आरिसाहुँ कञ्चुइ-अवत्थ अम्हारिसाहुँ ॥ 1
को हउँ का महि कहों तणउ दव्वु सिंहासणु छत्तइँ अथिरु सव्वु ॥ 2
जोव्वणु सरीरु जीविउ धिगत्थु संसारु असारु अणत्थु अत्थु ॥ 3
विसु विसय वन्धु दिढ-वन्धणाइँ घर दारइँ परिहव-कारणाइँ ॥ 4
सुय सत्तु विढत्तउ अवहरन्ति जर-मरणहँ किङ्कर किं करन्ति ॥ 5
जीवाउ वाउ हय हय वराय सन्दण सन्दण गय गय जें णाय ॥ 6
तणु तणु जें खणद्धें खयहों जाइ धणु धणु जि गुणेण वि वङ्कु थाइ ॥ 7
दुहिया वि दुहिय माया वि माय सम-भाउ लेन्ति किर तेण भाय ॥ 8

घत्ता—आयइँ अवरइ मि सव्वइँ राहवहों समप्पेंवि ।
अप्पुणु तउ करमि' थिउ दसरहु एम वियप्पेंवि ॥

22.7

घत्ता—दसरहु अण्ण-दिणें किर रामहों रज्जु समप्पइ ।
केक्कय ताव मणें उण्हालएँ धरणि व तप्पइ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चमड़ी रह गई (है), मानो मेरा यहाँ दूसरा ही जन्म हुआ (है)। [6] (इसलिए) पैर पर्वतीय नदी के (समान) प्रवाह को धारण नहीं करते हैं, (तो) हे राजा (वह रानी) (उस) गन्धोदक को किस प्रकार पावे। [7] (कञ्चुकी के) उस कथन से राजा (दशरथ) के द्वारा (मन में) विचार किया गया (और वे) राम के पिता (दशरथ) अत्यन्त दुःख को प्राप्त हुए। [8] (उन्होंने सोचा) (यह) सत्य (है) (कि) जीवन चंचल (है), (तो फिर) वह कौनसा सुख (है), (जो) अनुभव किया जाता है, जिससे मोक्ष (शाश्वत पद) सिद्ध होता है।

घत्ता—(इन्द्रिय-) सुख मधु की बिन्दु के समान (होता है), दुःख मेरु-पर्वत के समान लगता (दिखता) है। किया हुआ वह (ही) कर्म अच्छा (होता है), जिससे अजर-अमर पद प्राप्त किया जाता है।

22.3

[1] किसी दिन हम जैसों की (अवस्था) ऐसे (लोगों) के (समान) ही होगी, (जैसी) कञ्चुकी की अवस्था (है)। [2] (इस पर राजा के द्वारा विचार किया गया कि) मैं कौन (हूँ)? किसकी पृथ्वी (है)? किसका धन (है)? सिंहासन (और) छत्र सभी अस्थिर (हैं)। [3] यौवन, शरीर, धन (और) (चल रहे) जीवन को धिक्कार (है)। संसार असार (है), धन हानिकारक (होता है)। [4] (इन्द्रिय-) विषय विष (हैं), बन्धु कठोर बन्धन (हैं), घर और पत्नी दुःख देने के कारण (बन जाते हैं)। [5] सुत (पुत्र) शत्रु (हो जाते हैं), (वे) उपार्जित (धन) को छीन लेते हैं। बुढ़ापे और मरण के अवसर पर नौकर-चाकर क्या करते हैं? [6] जीव की आयु हवा (की तरह) (चंचल) (होती है), (देखो) बेचारे घोड़े (युद्ध में) मारे गये (हैं)। रथ टूटनेवाले (होते हैं), मरे हुए (व्यक्ति) (सदा के लिए) ही गये, (वे) (कभी) नहीं लौटे। [7] शरीर तृण (के समान) ही (होता है), (वह) आधे क्षण में क्षय को प्राप्त होता है। धन धनुष (के समान) (होता है), (जो) प्रत्यञ्चा (रूपी दुर्गुण) से बांका रहता है। [8] पुत्री दुःखी करनेवाली (होती) है, माता मोह-जाल (होती है), चूंकि (भाई) (सम्पत्ति में) समान हिस्सा लेते हैं, इसलिए (ही) (वे) भाई (हैं)।

घत्ता–इनको (और) दूसरे सब को भी राम को देकर (मैं) स्वयं तप करूँगा। इस प्रकार विचार करके दशरथ स्थिर हुए।

22.7

घत्ता—दशरथ दूसरे दिन (जब) राम को राज्य दे देते हैं, तब केकय देश के राजा की कन्या (कैकयी) मन में, (तपती है, दुःखी होती है), जैसे ग्रीष्म-काल में धरती तपती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

22.8

णरिन्दस्स सोऊण पव्वज्ज–यज्जं स-रामाहिरामस्स रामस्स रज्जं ॥ 1
ससा दोणरायस्स भग्गाणुराया तुलाकोडि-कन्ती-लयालिद्ध-पाया ॥ 2
गया केक्कया जत्थ अत्थाण-मग्गो णरिन्दो सुरिन्दो व पीढं वलग्गो ॥ 6
वरो मग्गिओ 'णाह सो एस कालो महं णन्दणो ठाउ रज्जाणुपालो' ॥ 7
'पिए होउ एवं' तओ सावलेवो समायारिओ लक्खणो रामएवो ॥ 8

घत्ता—'जइ तुहुँ पुत्तु महु तो एत्तिउ पेसणु किज्जइ ।
छत्तइँ वइसणउ वसुमइ भरहहों अप्पिज्जइ' ॥

23.3

चिन्तावण्णु णराहिउ जावेंहिँ वलु णिय-णिलउ पराइउ तावेंहिँ ॥ 1
दुम्मणु एन्तु णिहालिउ मायएँ पुणु विहसेवि वुत्तु पिय-वायएँ ॥ 2
'दिवें दिवें चडहि तुरङ्गम-णाएँहिँ अज्जु काइँ अणुवाहणु पाएँहिँ ॥ 3
दिवें दिवें वन्दिण-विन्देंहिँ थुव्वहि अज्जु काइँ थुव्वन्तु ण सुव्वहि ॥ 4
दिवें दिवें धुव्वहि चमर-सहासेंहिँ अज्जु काइँ तउ को वि ण पासेंहिँ ॥ 5
दिवें दिवें लोयहिँ वुच्चहि राणउ अज्जु काइँ दीसहि विद्दाणउ' ॥ 6
तं णिसुणेवि वलेण पजम्पिउ 'भरहहों सयलु वि रज्जु समप्पिउ ॥ 7
जामि माएँ दिढ हियवएँ होज्जहि जं दुम्मिय तं सव्वु खमेज्जहि' ॥ 8

घत्ता—जं आउच्छिय माय 'हा हा पुत्त' भणन्ती ।
अपराइय महएवि महियलें पडिय रुयन्ती ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

22.8

[1] राजा दशरथ के संन्यास-विधान को और पत्नीसहित आकर्षक (लगने-वाले) राम के लिए राज्य (देने) को सुनकर, [2] द्रोण राजा की बहिन (कैकयी), (जिसका) (राम के प्रति) स्नेह टूट गया (था), (जिसके) पैर लता-रूपी नूपुरों से लिपटे हुए और कान्तिसहित (थे), [6] (वह) (उस ओर) गई, जहां (राज) सभास्थान का पथ (था) (और) (सभास्थान में) इन्द्र की तरह राजा (दशरथ) आसन पर स्थित (थे)। [7] (वहाँ पहुँचने पर उसने कहा-) हे नाथ ! यह वह समय (है) (जब) मांगा हुआ वर (पूरा किया जाना चाहिए) (उसने कहा) मेरा पुत्र (भरत) राज्य का पालन-कर्त्ता रहे। [8] हे प्रिये ! इसी प्रकार होवे। तब गर्वसहित राम और लक्ष्मण बुलाए गए।

घत्ता—यदि तुम मेरे पुत्र (हो), तो इतनी आज्ञा पालन की जाए (कि) छत्र, आसन (सिंहासन) और पृथ्वी भरत के लिए दे दी जाए।

23.3

[1] जब नराधिप (दशरथ) चिन्ता में डूबे हुए (थे), तब (ही) बलदेव (राम) निज भवन को गए। [2] माता के द्वारा आता हुआ उदास मनवाला (राम) देखा गया। फिर भी (माता के द्वारा) हँसकर प्रियवाणी से कहा गया— [3] प्रतिदिन (तुम) घोड़े और हाथी पर चढ़ते थे, आज बिना जूतों के (नंगे) पैरों से कैसे ? [4] प्रतिदिन (तुम) स्तुति-गायकों के समूहों द्वारा स्तुति किए जाते थे, आज स्तुति किए जाते हुए कैसे नहीं सुने जाते हो ? [5] प्रतिदिन (तुम) हजारों चँवरों से पंखा किए जाते थे, आज तुम्हारे आस-पास में कोई भी क्यों नहीं है ? [6] प्रतिदिन तुम लोगों के द्वारा राणा (छोटे राजा) कहे जाते थे, आज (तुम) निस्तेज क्यों दिखाई देते हो ? [7] उसको सुनकर बलदेव (राम) के द्वारा कहा गया-भरत को सम्पूर्ण राज्य ही दे दिया गया है। [8 हे मां ! (मैं) जाता हूँ, (तुम) मन की अवस्था में दृढ़ रहना, जो (मेरे द्वारा) कष्ट पहुँचाया गया (है), उस सबको (तुम) क्षमा करना।

घत्ता—जिस तरह से माता पूछी गई (उसके परिणामस्वरूप) हाय पुत्र ! कहती हुई (वह) महादेवी अपराजिता धरती पर रोती हुई गिर पड़ी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ—2

पउमचरिउ

सन्धि–24

गएँ वरण-वासहों रामें उज्झ रण चित्तहों भावइ ।
थिय रगीसास मुअन्ति महि उण्हालएँ रणावइ ।।

24.1

सयलु वि जणु उम्माहिज्जन्तउ खणु वि रण थक्कइ णामु लयन्तउ ।। 1
उव्वेल्लिज्जइ गिज्जइ लक्खणु मुरव-वज्जें वाइज्जइ लक्खणु ।। 2
सुइ-सिद्धन्त-पुराणेंहिँ लक्खणु ओङ्कारेण पढिज्जइ लक्खणु ।। 3
अण्णु वि जं जं किं पि स-लक्खणु लक्खण-णामें वुच्चइ लक्खणु ।। 4
का वि रणारि सारङ्गि व वुण्णी वड्डी धाह मुएवि परुण्णी ।। 5
का वि रणारि जं लेइ पसाहणु तं उल्हावइ जारणइ लक्खणु ।। 6
का वि रणारि जं परिहइ कङ्कणु धरइ सु-गाढउ जारणइ लक्खणु ।। 7
का वि रणारि जं जोयइ दप्पणु अण्णु रण पेक्खइ मेल्लेंवि लक्खणु ।। 8
तो एत्थन्तरें पारिणय-हारिउ पुरें वोल्लन्ति परोप्परु रणारिउ ।। 9
'सो पल्लङ्कु तं जे उवहारणउ सेज्ज वि स ज्जें तं जें पच्छाणउ ।। 10

घत्ता—तं घरु रयणइँ ताइँ तं चित्तयम्मु स-लक्खणु ।
णवर रण दीसइ माएँ रामु ससीय-सलक्खणु' ।।

24.3

जं रणीसरिउ राउ आणन्दें वुत्तु रणवेप्पिणु भरह–णरिन्दें ।। 1
'हउ मि देव पइँ सहुँ पव्वज्जमि दुग्गइ-गामिउ रज्जु रण भुञ्जमि ।। 2
रज्जु असारु वारु संसारहों रज्जु खणेण रणेइ तम्वारहों ।। 3
रज्जु भयङ्करु इह-पर-लोयहों रज्जें गम्मइ णिच्च-णिगोयहों ।। 4
रज्जें होउ होउ महु सरियउ सुन्दरु तो किं पइँ परिहरियउ ।। 5
रज्जु अकज्जु कहिउ मुणि-छेयहिँ दुट्ठ-कलत्तु व भुत्तु अणेयहिँ ।। 6

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-2

पउमचरिउ

सन्धि-24

राम के वनवास (चले) जाने पर अयोध्या चित्त को अच्छी नहीं लगती है जैसे ग्रीष्म-काल में स्थित पृथ्वी (गर्म) श्वांस छोड़ती हुई (चित्त को अच्छी नहीं लगती है)।

24.1

[1] समस्त जन (-समूह) वियोग में व्याकुल किया जाता हुआ भी नाम लेता हुआ (एक) क्षण भी नहीं थकता है। [2] लक्ष्मण (का नाम) उछाला जाता है, गाया जाता है, लक्ष्मण मृदंगवाद्य में बजाया जाता है। [3] श्रुति सिद्धान्त और पुराणोंद्वारा लक्षण (समझा जाता है), ओंकार से लक्षण (व्याकरण शास्त्र) पढ़ा जाता है। [4] अन्य जो-जो कुछ भी लक्षण-सहित है, (वह) लक्ष्मण नाम से लक्षण कहा जाता है। [5] कोई नारी हरिणी के समान दुःखी हुई (और) बड़ी चिल्लाहट निकालकर रोई। [6] कोई नारी जिस आभूषण को पहनती है, (वह) उसको लक्ष्मण समझती है (जो) (उसे) शान्ति देता है। [7] कोई नारी जिस (भी) कंगन को पहनती है, (वह) (उसको) खूब गाढ़ा धारण करती है, (वह) (उसको) लक्ष्मण समझती है। [8] कोई नारी जिस (भी) दर्पण को देखती है, उसमें लक्ष्मण को छोड़कर अन्य को नहीं देखती है। [9] तब इसी बीच में पनिहारिनें नगर में नारियों को आपस में कहती हैं—[10] वह ही पलंग, वह ही तकिया, शय्या भी वह ही (और) वह ही ढकनेवाली (चादर) है।

घत्ता—वह (ही) घर, वे (ही) रत्न, लक्ष्मण-सहित वह (ही) चित्र (छवि) (किन्तु) हे मां! केवल सीतासहित और लक्ष्मणसहित राम नहीं देखे जाते हैं।

24.3

[1] जब राजा हर्ष से निकला (तो) भरत राजा के द्वारा प्रणाम करके कहा गया—[2] हे देव! मैं भी तुम्हारे साथ संन्यास लूँगा। दुर्गति देनेवाले राज्य को नहीं भोगूंगा। [3] राज्य असार (है), संसार का द्वार (है), राज्य क्षण भर में विनाश को पहुँचा देता है। [4] राज्य इस (लोक में) और परलोक में दुःख-जनक (होता है)। (मनुष्य के द्वारा) राज्य से नित्य-निगोद के लिए जाया जाता है। [5] राज्य के द्वारा मधु के समान रुचिकर हुआ गया (है) तो (यह ऐसा) होवे। (किन्तु) (फिर) तुम्हारे द्वारा (राज्य) क्यों छोड़ दिया गया? [6] निर्मल मुनियों द्वारा राज्य नहीं करने योग्य कहा गया (है) (वह) अनेक के

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

दीसवन्तु मयलञ्छण-विम्वु व बहु-दुक्खाउरु दुग्ग-कुडुम्वु व ॥ 7
तो वि जीउ पुणु रज्जहों कङ्खइ अणुदिणु आउ गलन्तु ण लक्खइ ॥ 8

घत्ता – जिह महुविन्दुहुँ कज्जें करहु ण पेक्खइ कक्करु ।
तिह जिउ विसयासत्तु रज्जें गउ सय–सक्करु ॥ 9

24.4

भरहु चवन्तु णिवारिउ राएं 'अज्ज वि तुज्झु काइँ तव-वाएं ॥ 1
अज्ज वि रज्जु करहि सुहु भुञ्जहि अज्ज वि विसय-सुक्खु अणुहुञ्जहि ॥ 2
अज्ज वि तुहुँ तम्वोलु समाणहि अज्ज वि वर-उज्जाणइँ माणहि ॥ 3
अज्जु वि अंगु स-इच्छएँ मण्डहि अज्ज वि वर-विलयउ अवरुण्डहि ॥ 4
अज्ज वि जोग्गउ सव्वाहरणहों अज्ज वि कवणु कालु तव-चरणहों ॥ 5
जिण-पव्वज्ज होइ अइ–दुसहिय कें वावीस परीसह विसहिय ॥ 6
कें जिय चउ-कसाय-रिउ दुज्जय कें आयामिय पञ्च महव्वय ॥ 7
कें किउ पञ्चहुँ विसयहुँ णिग्गहु कें परिसेसिउ सयलु परिग्गहु ॥ 8
को दुम-मूलें वसिउ वरिसालएँ को एक्कंगें थिउ सीयालएँ ॥ 9
कें उण्हालएँ किउ अत्तावणु एँउ तव-चरणु होइ भीसावणु ॥ 10

घत्ता – भरह म वड्ढिउ वोल्लि तुहुँ सो अज्ज वि वालु ।
भुञ्जहि विसय-सुहाइँ को पव्वज्जहें कालु' ॥ 11

24.5

तं णिसुणेवि भरहु आरुट्ठउ मत्त-गइन्दु व चित्तें दुट्ठउ ॥ 1
'विरुयउ ताव वयणु पइँ वुत्तउ किं वालहों तव-चरणु ण जुत्तउ ॥ 2
किं वालत्तणु सुहेँहिँ ण मुच्चइ किं वालहों दय-धम्मु ण रुच्चइ ॥ 3
किं वालहों पव्वज्ज म होओ किं वालहों दूसिउ पर-लोओ ॥ 4

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वारा अनुभव किया गया (है) जैसे दुष्ट स्त्री (अनेक) (पुरुषों द्वारा)। [7] (वह राज्य) दोषवाला (होता है) जैसे चन्द्रमा का बिम्ब, (वह) बहुत दुःखों से पीड़ित (होता है) जैसे दरिद्र कुटुम्ब। [8] (आश्चर्य है कि) तो भी जीव राज्य की/के लिए इच्छा करता है। प्रतिदिन गलती हुई आयु को नहीं देखता है।

घत्ता—जिस प्रकार जल की बूंद के प्रयोजन से ऊँट कंकर को नहीं देखता है, उसी प्रकार विषय में आसक्त जीव ने राज्य से अत्यधिक आदर-सत्कार पाया है (इसलिए) (वह) (उससे प्राप्त दुःखों को नहीं देखता है)।

24.4

[1] राजा के द्वारा बोलता हुआ भरत रोका गया। (राजा ने कहा) आज ही तेरे लिए तप की बात से क्या (लाभ)? [2] आज ही राज्य कर (और उसके) सुख का अनुभव कर। आज ही विषय-सुख को भोग। [3] आज ही तू पान का उपभोग कर। आज ही (तू) श्रेष्ठ उद्यानों को मान। [4] आज ही (तू) शरीर को स्व-इच्छा से सजा (और) आज ही श्रेष्ठ स्त्रियों का आलिंगन कर। [5] आज भी (तू) सभी अलंकार के योग्य (है)। आज ही तप के आचरण का कौनसा समय (है)? [6] जिन-प्रव्रज्या बहुत असह्य होती है। किसके द्वारा बाईस परीषह सहन किए गए (हैं)? [7] किसके द्वारा दुर्जेय चारों कषायोंरूपी शत्रु जीते गये (हैं), किसके द्वारा पंच महाव्रत ग्रहण किए गए (हैं)? [8] किसके द्वारा पाँचों विषयों का निग्रह किया गया (है)? किसके द्वारा सकल परिग्रह समाप्त किया गया (है)? [9] कौन वर्षाकाल में वृक्ष के नीचे बसा (है)? कौन शीतकाल में केवलमात्र शरीर से रहा (है)? [10] किसके द्वारा ग्रीष्मकाल में शरीर का तपन किया गया (है)? यह तप का आचरण भीषण होता है।

घत्ता—हे भरत! तू बढ़कर मत बोल। (तू) आज भी वह (ही) बालक (है)। विषय-सुखों को भोग। (यह) प्रव्रज्या का कौनसा काल (है)?

24.5

[1] उसको सुनकर भरत क्रुद्ध (रुष्ट) हुआ। मस्त हाथी की तरह चित्त में दुःखी हुआ। [2] (भरत ने कहा कि हे पिता) तब आपके द्वारा प्रतिकूल (विरोधी) वचन कहे गए। क्या बालक के लिए तप का आचरण उचित (युक्त) नहीं है? [3] क्या बालपन सुखों के द्वारा नहीं ठगा जाता है? क्या बालक के लिए दया एवं धर्म रुचिकर नहीं होता है? [4] क्या बालक के लिए प्रव्रज्या नहीं हुई? क्या बालक का परलोक दूषित (नहीं)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किं वालहों सम्मत्तु म होम्रो   किं वालहों गाउ इट्ठ-विम्रोम्रो ।। 5
किं वालहों जर-मरणु ण ढुक्कइ   किं वालहों जमु दिवसु वि चुक्कइ' ।। 6
तं णिसुणेवि भरहु णिब्भच्छिउ   'तो किं पहिलउ पट्टु पडिच्छिउ ।। 7
एवहिँ सयलु वि रज्जु करेवउ   पच्छलें पुणु तव-चरणु चरेवउ' ।। 8

घत्ता—एम भणेप्पिणु राउ सच्चु समप्पेंवि भज्जहें ।
भरहहों वन्धेंवि पट्टु दसरहु गउ पव्वज्जहें ।। 9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(होता) ? [5] क्या बालक के लिए सम्यक्त्व नहीं हुआ ? क्या बालक के लिए इष्ट-वियोग नहीं (हुआ) ? [6] क्या बालक के लिए जरा-मरण नहीं आता है ? क्या बालक के लिए यमराज दिन भूल जाता है ? [7] उसको सुनकर (राजा के द्वारा) भरत झिड़का गया (कि) तब (तुम्हारे द्वारा) पहले राजपट्ट (सिंहासन) क्यों स्वीकार किया गया ? [8] इस समय (तो) (तुम्हारे द्वारा) सम्पूर्ण राज ही किया जाना चाहिए (और) (जीवन के) पिछले भाग में फिर तप का आचरण किया जाना चाहिए ।

घत्ता—इस प्रकार कहकर पत्नी के वचन को पूरा करके (और) भरत को पट्ट बाँधकर (राजा) दशरथ प्रव्रज्या के लिए चले गए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 3

पउमचरिउ

सन्धि–27

27.14

घत्ता—वरि पहरिउ वरि किउ तवचरणु वरि विसु हालाहलु वरि मरणु ।
वरि अच्छिउ गम्पिणु गुहिल-वणेँ णवि णिविसु वि णिवसिउ अवुहयणेँ ॥ 9

27.15

तो तिण्णि वि एम चवन्ताइँ उम्माहउ जणहोँ जणन्ताइँ ॥ 1
दिण-पच्छिम-पहरेँ विणिग्गयाइँ कुञ्जर इव विउल-वणहो गयाइँ ॥ 2
वित्थिण्णु रण्णु पइसन्ति जाव णग्गोहु महादुमु दिट्ठु ताव ॥ 3
गुरु वेसु करेँवि सुन्दर-सराइँ णं विहय पढावइ अक्खराइँ ॥ 4
वुक्कण-किसलय क-क्का रवन्ति वाउलि-विहङ्ग कि-क्की भणन्ति ॥ 5
वण-कुक्कुड कु-क्कू आयरन्ति अण्णु वि कलावि के-क्कइ चवन्ति ॥ 6
पियमाहवियउ को-क्कउ लवन्ति कंका वप्पीह समुल्लवन्ति ॥ 7
सो तरुवरु गुरु-गणहर-समाणु फल-पत्त-वन्तु अक्खर-णिहाणु ॥ 8

घत्ता—पइसन्तेँहिँ असुर-विमद्दणेँहिँ सिरु णामेँवि राम-जणद्दणेँहिँ ।
परिअञ्चेँवि दुमु दसरह-सुएँहिँ अहिणन्दिउ मुणि व सइं भु एँहिँ ॥ 9

सन्धि–28

सीय स-लक्खणु दासरहि तरुवर-मूलेँ परिट्ठिय जावेँहिँ ।
पसरइ सु-कइहेँ कव्वु जिह मेह-जालु गयणङ्गणेँ तावेँहिँ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ—3

पउमचरिउ

सन्धि—27

27.14

घत्ता—(व्यक्तियों के द्वारा) (यदि) प्रहार किया गया (है), (तो) अधिक अच्छा (है), (यदि) तप का आचरण किया गया (है), (तो) (भी) अधिक अच्छा (है), (यदि) हालाहल विष (पिया गया है), (तो) (भी) अधिक अच्छा (है), मरना (भी) अधिक अच्छा (है),गहन वन में जाकर टिके हुए (होना)(भी) अधिक अच्छा(है), किन्तु पल भर (भी) मूर्ख-जन में ठहरे हुए (रहना) (अच्छा) नहीं (है)।

27.15

[1] तब तीनों ही (राम, लक्ष्मण व सीता) (उस) जन (-समूह) में अतिपीड़ा को उत्पन्न करते हुए (और) इस (उपर्युक्त) प्रकार से कहते हुए [2] दिन के अन्तिम प्रहर में बाहर निकल गए (और) हाथी की तरह (वे) घने वन को चले गये। [3] ज्यों ही विशाल वन में प्रवेश करते हुए (वे) (आगे बढ़े), त्यों ही (उनके द्वारा) बरगद-महावृक्ष देखा गया। [4] (वह वृक्ष ऐसा था) मानो शिक्षक के रूप को धारण करके पक्षियों को सुन्दर स्वर व अक्षर पढ़ाता हो। [5] कौए नए कोमल पत्तों (वाली टहनी) पर (बैठे हुए) क–क्का, क–क्का बोलते थे (और) बाउलि पक्षी कि–क्की, कि–क्की कहते थे। [6] जलमुर्गे कु–क्कू, कु–क्कू कहते थे, और भी मोर के–क्कई, के–क्कई बोलते थे। [7] कोयलें को–क्कऊ, को-क्कऊ बोलती थीं (तथा) पपीहे कंका, कंका बोलते थे। [8] (इस तरह से) वह श्रेष्ठ वृक्ष फल-पत्तों वाला था (और) गुरु गणधर के समान अक्षरों का भण्डार (था)।

घत्ता—असुरों का नाश करनेवाले दशरथ के पुत्र, राम–लक्ष्मण द्वारा (वन में) प्रवेश करते ही सिर को नमाकर (बरगद का) वृक्ष मुनि की तरह (नमन किया गया) और (उसकी) परिक्रमा करके (उनके द्वारा) अपनी भुजाओं से (भी) अभिनन्दन किया गया।

सन्धि—28

ज्यों ही (दशरथ-पुत्र) राम सीता (और) लक्ष्मण के साथ (उस) श्रेष्ठ वृक्ष के नीचे के भाग में बैठे, त्योंही सुकवि के काव्य की भाँति बादलों के सघन-समूह आकाश के आँगन में (चारों ओर) फैल गए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

28.1

पसरइ मेह-विन्दु गयणङ्गणें पसरइ जेम सेण्णु समरङ्गणें ॥ 1
पसरइ जेम तिमिरु अण्णाणहों पसरइ जेम बुद्धि वहु-जाणहों ॥ 2
पसरइ जेम पाउ पाविट्ठहों पसरइ जेम धम्मु धम्मिट्ठहों ॥ 3
पसरइ जेम जोण्ह मयवाहहों पसरइ जेम कित्ति जगणाहहों ॥ 4
पसरइ जेम चिन्त धण-हीणहों पसरइ जेम कित्ति सुकुलीणहों ॥ 5
पसरइ जेम सद्दु सुर-तूरहों पसरइ जेम रासि-णहें सूरहों ॥ 6
पसरइ जेम दवग्गि वणन्तरें पसरइ मेह-जालु तिह अम्वरें ॥ 7
तडि तडयडइ पडइ घणु गज्जइ जाणइ रामहों सरणु पवज्जइ ॥ 8

घत्ता—अमर-महाधणु-गहिय-करु मेह-गइन्दें चडेंवि जस-लुद्धउ ।
उप्परि गिम्भ-णराहिवहों पाउस-राउ णाइँ सण्णद्धउ ॥ 9

28.2

जं पाउस-णरिन्दु गलगज्जिउ धूली-रउ गिम्भेण विसज्जिउ ॥ 1
गम्पिणु मेह-विन्दें आलग्गउ तडि-करवाल-पहारेंहिँ भग्गउ ॥ 2
जं विवरम्मुहु चलिउ विसालउ उट्ठिउ 'हणु' भणन्तु उण्हालउ ॥ 3
धगधगधगधगन्तु उद्धाइउ हसहसहसहसन्तु संपाइउ ॥ 4
जलजलजलजलजल पचलन्तउ जालावलि-फुलिङ्ग मेल्लन्तउ ॥ 5
धूमावलि-धयदण्डुब्भेंप्पिणु वर-वाउल्लि-खग्गु कड्ढेप्पिणु ॥ 6
झडझडझडझडन्तु पहरन्तउ तरुवर-रिउ-भड-थड भज्जन्तउ ॥ 7
मेह-महागय-घड विहडन्तउ जं उण्हालउ दिट्ठु भिडन्तउ ॥ 8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

28.1

[1] जिस प्रकार युद्ध के क्षेत्र में सेना फैलती है (और) आकाश के क्षेत्र में जल-कणों का समूह फैलता है। [2] जिस प्रकार अज्ञान (-रूपी अँधेरी रात) का अन्धकार फैलता है, जिस प्रकार बहुत प्रकार का ज्ञान रखनेवाले की बुद्धि फैलती है (मजबूत होती है)। [3] जिस प्रकार अत्यन्त पापी का पाप फैलता है, जिस प्रकार अत्यन्त धार्मिक का धर्म फैलता है। [4] जिस प्रकार मृग को धारण करनेवाले (चन्द्रमा) का प्रकाश फैलता है, जिस प्रकार जिनदेव की महिमा फैलती है। [5] जिस प्रकार धन से रहित (व्यक्ति) की चिन्ता उभरती है, जिस प्रकार अत्यधिक शालीन का यश फैलता है। [6] जिस प्रकार देवों की तुरही का शब्द फैलता है, जिस प्रकार सूर्य की किरणें आकाश में फैलती हैं। [7] जिस प्रकार दावाग्नि (जंगल की आग) जंगल के अन्दर फैलती है, उसी प्रकार बादलों का समूह आकाश में फैला है। [8] बादल (समूह) गरजा (और) बिजली ने तड-तड किया (और) (पृथ्वी पर) पड़ी, (मानो) (वह) जानकी (और) राम की शरण में गई हो।

घत्ता—(सारा दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था) मानो पावस (वर्षा ऋतु का) राजा (जो) यश का इच्छुक (है), (जिसका) हाथ इन्द्रधनुष को पकड़े हुए (है), (वह) मेघ-रूपी हाथी पर चढ़कर ग्रीष्म-राजा के ऊपर आक्रमण के लिए तैयार (हो)।

28.2

[1] जब पावस (वर्षा ऋतु का) राजा गरजा, (तो) ग्रीष्म द्वारा धूल-वेग (आंधी) भेजा गया। [2] (वह) (धूल) मेघ-समूह से जाकर चिपक गई, (फिर) बिजलीरूपी तलवार के प्रहारों से (वह) (धूल) छिन्न-भिन्न कर दी गई। [3] (इसके परिणामस्वरूप) जब (धूल) विमुख चली (तो) भयंकर ग्रीष्म ऋतु (पावस राजा को) 'मारो' कहती हुई उठी। [4] (और) खूब जलती हुई ऊँची दौड़ी (तथा) उत्तेजित होती हुई (पावस राजा की ओर) प्रवृत्त हुई। [5] और (उस ओर) कूच करती हुई तेजी से जली, (तब) (ऊष्ण) लपट की शृंखला से चिनगारियों को छोड़ते हुए (आगे चली)। [6] (और) जब ऊष्ण ऋतु धूम की शृंखला के ध्वजदण्डों को ऊँचा करके, तूफानरूपी श्रेष्ठ तलवार को खींचकर, [7] झपट मारते हुए (और) प्रहार करते हुए, श्रेष्ठ वृक्षोंरूपी शत्रु के योद्धा-समूह को नष्ट करते हुए, [8] मेघरूपी महा-हाथियों की टोली को खण्डित करते हुए (पावस राजा से) भिड़ती हुई दिखाई दी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता – धणु अप्फालिउ पाउसेँण तडि-टङ्कार-फार दरिसन्तें।
चोएँवि जलहर-हत्थि-हड णीर-सरासणि मुक्क तुरन्तें ।। 9

28.3

जल-वाणासणि-घायहिँ घाइउ गिम्भ-णराहिउ रणेँ विणिवाइउ ।। 1
दद्दुर रडेँवि लग्ग णं सज्जण णं णच्चन्ति मोर खल दुज्जण ।। 2
णं पूरन्ति सरिउ अक्कन्दें णं कइ किलिकिलन्ति आणन्दें ।। 3
णं परहुय विमुक्क उग्घोसें णं वरहिण लवन्ति परिओसें ।। 4
णं सरवर वहु-अंसु-जलोल्लिय णं गिरिवर हरिसें गञ्जोल्लिय ।। 5
णं उण्हविअ दवग्गि विओएं णं णच्चिय महि विविह-विणोएं ।। 6
णं अत्थमिउ दिवायरु दुक्खें णं पइसरइ रयणि सइँ सुक्खें ।। 7
रत्त-पत्त तरु पवणाकम्पिय 'केण वि वहिउ गिम्भु' णं जम्पिय ।। 8

घत्ता—तेहएँ कालेँ भयाउरएँ वेण्णि मि वासुएव-वलएव ।
तरुवर-मूलेँ स-सीय थिय जोगु लएविणु मुणिवर जेम ।। 9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—बिजली की टंकार और चमक दिखाते हुए पावस के द्वारा धनुष ताना गया (और) बादलरूपी हाथीघटा को प्रेरित करके (उसके द्वारा) जलरूपी तीर तुरन्त छोड़े गए।

28.3

[1] जलरूपी तीरों के प्रहारों से चोट पहुँचाया हुआ ग्रीष्म राजा युद्ध में (मारकर) (नीचे) गिरा दिया गया। [2] इसलिए मेंढक सज्जनों की तरह रोने लगे (और) शरारती मोर दुष्टों की तरह नाचे। [3] (ऐसा प्रतीत हो रहा था) मानो रोने के कारण नदियों ने (अपने को) (आँसूरूपी जल से) भरा हो (और) मानो (वर्षा से प्राप्त) आनन्द से कवि प्रसन्न हुए हों। [4] मानो कोयलें ऊँची आवाज में (बोलने के लिए) स्वतन्त्र की गई (हों) और मानो मोर संतोष से बोले हों। [5] मानो बड़े तालाब विपुल आँसूरूपी जल से भरे हुए (हों और) मानो बड़े पर्वत हर्ष से पुलकित (हों)। [6] मानो तप्त दावाग्नि के वियोग से धरती विविध विनोद के कारण नाची (हो)। [7] मानो दुःख के कारण सूर्य अस्त हुआ हो (और) मानो सुख के कारण रात स्वयं व्याप्त हो गई हो। [8] वृक्ष के पत्ते सुहावने हुए (और) पवन से हिले-डुले, मानो (उनके द्वारा) (यह) बोला गया (है) (कि) ग्रीष्म किसके द्वारा मारा गया।

घत्ता—उस जैसे भयातुर समय में दोनों ही राम और लक्ष्मण सीता-सहित (उस) (बड़े) वृक्ष के नीचे के भाग में योग-ग्रहण करके महामुनि की भाँति बैठ गये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 4

पउमचरिउ

सन्धि–76

76.3

रुअइ विहीसणु सोयक्कमियउ 'तुहुँ णत्थमिउ वंसु अत्थमियउ ॥ 1
तुहुँ ण जिओऽसि सयलु जिउ तिहुअणु तुहुँ ण मुओऽसि मुअउ वन्दिय-जणु ॥ 2
तुहुँ पडिओऽसि ण पडिउ पुरन्दरु मउडु ण भग्गु भग्गु गिरि-मन्दरु ॥ 3
दिट्ठि ण णट्ठ णट्ठ लङ्काउरि वाय ण णट्ठ णट्ठ मन्दोयरि ॥ 4
हारु ण तुट्टु तुट्टु तारायणु हियउ ण भिण्णु भिण्णु गयणङ्गणु ॥ 5
चक्कु ण ढुक्कु ढुक्कु एक्कन्तरु आउ ण खुट्टु खुट्टु रयणायरु ॥ 6
जीउ ण गउ गउ आसा-पोट्टलु तुहुँ ण सुत्तु सुत्तउ महि-मण्डलु ॥ 7
सीय ण आणिय आणिय जमउरि हरि-वल कुद्ध ण कुद्धा केसरि ॥ 8

घत्ता—सुरवर-सण्ढ-वराइणा सयल-काल जे मिग सम्भूया ।
रावण पइँ सीहेण विणु ते वि अज्जु सच्छन्दीहूया' ॥ 9

76.7

दिट्ठु पुणो वि णाहु पिय-णारिहिँ सुत्तु मत्त-हत्थि व गणियारिहिँ ॥ 1
वाहिणिहिँ व सुक्कउ रयणायरु कमलिणिहिँ व अत्थवण-दिवायरु ॥ 2
कुमुइणिहि व्व जरढ-मयलञ्छणु विज्जुहि व्व छुडु छुडु वरिसिय-घणु ॥ 3

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 4

पउमचरिउ

सन्धि–76

76.3

[1] शोक से युक्त विभीषण रोया (और) (बोला)—(हे भाई) तुम (ही) समाप्त नहीं हुए (हो), (किन्तु) (मानो) (सम्पूर्ण) वंश (ही) समाप्त हो गया (है)। [2] तुम (ही) नहीं जीते गए हो, (किन्तु) (मानो) सकल त्रिभुवन (ही) जीत लिया गया (हो)। तुम (ही) नहीं मरे हो, (किन्तु) (मानो) सम्मानित जन-समुदाय (ही) मर गया (हो)। [3] तुम (ही आहत होकर जमीन पर) नहीं पड़े हो, (किन्तु) (मानो) (वहाँ) इन्द्र (ही) पड़ा (है)। (तुम्हारा) मुकुट (ही) टुकड़े-टुकड़े नहीं किया गया है, (किन्तु) (मानो) सुमेरु पर्वत (ही) टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया (हो)। [4] (तुम्हारी) विचार-पद्धति (ही) समाप्त नहीं हुई, (किन्तु) (मानो) लंकापुरी (ही) समाप्त हो गई। (तुम्हारी) वाणी (ही) नष्ट नहीं हुई, (किन्तु मानो) मन्दोदरी (ही) नष्ट हो गई। [5] (तुम्हारा) हार (ही) नहीं टूटा, (किन्तु) (मानो) तारागण (ही) टूट गए (हों), (तुम्हारा) (व्यापक) हृदय (ही) भंग नहीं किया गया (है) (किन्तु) (मानो) (व्यापक) आकाश-प्रदेश (ही) भंग कर दिया गया (है)। [6] (लक्ष्मण के पास तुम्हारा) चक्र (अस्त्रविशेष ही) नहीं आया (पहुँचा) (किन्तु) (तुम्हारे लिए) एक परिवर्तित दशा (मृत्यु) आ पहुँची। (तुम्हारी) (लंबी) आयु (ही) क्षीण नहीं हुई, (किन्तु) (विस्तृत) सागर (ही) क्षीण हो गया। [7] (तुम्हारा) जीवन (ही) विदा नहीं हुआ (किन्तु) (हमारी) आशाओं की पोटली (ही) विदा हो गई। तुम (ही) नहीं सोए, (किन्तु) (मानो) (सम्पूर्ण) पृथ्वी-मण्डल (जगत) सो गया। [8] (तुम्हारे द्वारा) सीता (ही) नहीं लाई गई, (किन्तु) (मानो) (तुम्हारे द्वारा) यमपुरी (ही) लाई गई (हो)। राम की सेना (ही) कुपित नहीं हुई, (किन्तु) (मानो) सिंह (ही) कुपित हुआ (हो)।

घत्ता—हे रावण ! बेचारे देवताओं के समूह द्वारा, जो सभी काल में (तुम्हारे समक्ष) हरिण (के समान) रहे, तेरे (जैसे) सिंह के बिना वे ही आज स्वच्छन्दी हुए।

76.7

[1] फिर प्रिय पत्नियों द्वारा पति देखा गया, जैसे हथिनियों के द्वारा सोया हुआ मतवाला हाथी (देखा गया) (हो)। [2] जैसे नदियों द्वारा सूखा हुआ समुद्र (देखा गया) (हो), जैसे कमलिनियों के द्वारा डूबने से (समाप्त हुआ) सूर्य (देखा गया हो)। [3] जैसे कुमुदिनियों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अमर-वहूहिँ व चवण-पुरन्दरु गिम्भ-दिसाहिँ व अञ्जण-महिहरु ॥ 4
भमरावलिहि म्व सूडिय-तरुवरु कलहंसीहि म्व अ-जलु महा-सरु ॥ 5
कलयण्ठीहि म्व माहव-णिग्गमु णाइणिहिँ व हय-गरुड-भुयङ्गमु ॥ 6
वहुल-पओसु व तारा-पन्तिहिँ तेम दसास-पासु ढुक्कन्तिहिँ ॥ 7
दस-सिरु दस-सेहरु दस-मउडउ गिरि व स-कन्दरु स-तरु स-कूडउ ॥ 8

घत्ता—एएँवि अवत्थ दसाणणहोँ 'हा हा सामि' भणन्तु स-वेयणु ।
अन्तेउरु मुच्छा-विहलु णिवडिउ महिहिँ झत्ति णिच्चेयणु ॥ 9

सन्धि–77

भाइ – विओएं जिह जिह करइ विहीसणु सोउ ।
तिह तिह दुक्खेंण रुवइ स-हरि-वल-वाणर-लोउ ॥

77.1

दुम्मणु दुम्मण-वयणउ अंसु-जलोल्लिय-णयणउ ।
ढुक्कु कइद्धय सत्थउ जहिँ रावणु पल्हत्थउ ॥ 1
तेण समाणु विणिग्गय-णामेंहिँ दिट्ठु दसाणणु लक्खण-रामेंहिँ ॥ 2
दिट्ठइँ स-मउड-सिरइँ पलोट्टइँ णाइँ स-केसराइँ कन्दोट्टइँ ॥ 3
दिट्ठइँ भालयलइँ पायडियइँ अद्धयन्द-विम्वाइँ व पडियइँ ॥ 4
दिट्ठइँ मणि-कुण्डलइँ स-तेयइँ णं खय-रवि-मण्डलइँ अणेयइँ ॥ 5
दिट्ठउ भउहउ भिउडि-करालउ णं पलयग्गि-सिहउ धूमालउ ॥ 6
दिट्ठइँ दीह-विसालइँ णेत्तइँ मिहुणा इव आमरणासत्तइँ ॥ 7
मुह-कुहरइँ दट्ठोट्ठइँ दिट्ठइँ जमकरणाइँ व जमहोँ अणिट्ठइँ ॥ 8
दिट्ठ महब्भुव भड-सन्दोहें णं पारोह मुक्क णग्गोहें ॥ 9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के द्वारा क्षीण चन्द्रमा (देखा गया हो), जैसे बिजलियों द्वारा पुनः पुनः बरसा हुआ बादल (देखा गया हो)। [4] जैसे देवताओं की स्त्रियों द्वारा मरण को प्राप्त इन्द्र (देखा गया हो), जैसे ग्रीष्म में दिशाओं द्वारा (सूखे) वृक्षों से युक्त पर्वत (देखा गया हो)। [5] जैसे भँवरों की पंक्तियों द्वारा नाश को प्राप्त श्रेष्ठ वृक्ष (देखे गए) (हों), जैसे राज-हंसनियों द्वारा जलरहित बड़ा तालाब (देखा गया हो)। [6] जैसे कोकिलों द्वारा बसन्त ऋतु का (चला) जाना (देखा गया हो), जैसे नागिनियों द्वारा गरुड़ से मारा हुआ सर्प (देखा गया हो)। [7] जैसे तारों की पंक्तियों द्वारा दोषों से युक्त कृष्ण पक्ष (देखा गया हो), उसी प्रकार दसमुखवाले (रावण) के पास जाती हुई (रानियों) के द्वारा (दोषयुक्त) (पति) (देखा गया)। [8] (उसके) दस सिर, दस शिखा तथा दस मुकुट (थे) (मानो) पर्वत (ही) गुफा-सहित, वृक्ष–सहित (तथा) शिखर–सहित (हो)।

घत्ता – रावण की (ऐसी) अवस्था को देखकर पीड़ासहित हाय-हाय स्वामी कहते हुए अन्तःपुर (रानियों का समुदाय) मूर्च्छा से व्याकुल (हुआ) (और) शीघ्र (ही) पृथ्वी पर चेतना-रहित (होकर) गिरा।

सन्धि–77

भाई के वियोग से विभीषण जैसे-जैसे शोक करता, वैसे-वैसे राम–लक्ष्मण–सहित वानर जाति के लोग दुःख के कारण रोते।

77.1

[1] दुःखी मन और उदास मुखवाला (तथा) आँसू के जल से गीली हुई आँखोंवाला कपि (-चिह्न युक्त) ध्वज (लिये हुए) जन–समूह (वहाँ) पहुँचा जहाँ रावण मार गिराया गया (था)। (2) उस (समूह) के साथ (बाहर) फैले हुए नामवाले (विख्यात) राम और लक्ष्मण द्वारा (भी) (पड़ा हुआ) रावण देखा गया। [3] जमीन पर गिरे हुए (उसके) मुकुट–सहित सिर देखे गए, मानो पराग–सहित कमल (हों)। [4] (वहाँ) खुले हुए ललाट देखे गए, मानो पड़े हुए अर्द्धचन्द्र के प्रतिबिंब (हों)। [5] मणियों से (बने हुए) कान्तियुक्त–कुण्डल देखे गए, मानो गिरे हुए अनेक रवि–चक्र (हों)। [6] भौं के विकार से भयंकर (हुई) भौंहें देखी गईं, मानो (वे) धुएं के आश्रयवाली प्रलय की आग की ज्वालाएं (हों)। [7] (उसके) लंबे और चौड़े नेत्र देखे गए, मानो (वे) मृत्यु तक (आजीवन) आसक्त स्त्री-पुरुष के जोड़े (हों)। [8] (उसके) मुख–विवर (और) दाँतों से काटे गए होठ देखे गए, मानो (वे) यम के अप्रीतिकर मृत्यु के साधन (हों)। [9] योद्धाओं के समूह द्वारा (रावण की) महा–भुजाएँ देखी गईं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिट्ठ उर-त्थलु फाडिउ चक्कें दिण-मज्झु अ(?) मज्झत्थें अक्कें ।। 10
अवणियलु व विञ्झेण विहञ्जिउ णं विहिँ भाएँहिँ तिमिरु व पुञ्जिउ ।।11

घत्ता—पेक्खेंवि रामेँण समरङ्गणेँ रामण(हों) मुहाइँ ।
आलिङ्गेंप्पिणु धीरिउ 'रुवहि विहीसण काइँ ।। 12

77.2

सो मुउ जो मय-मत्तउ जीव-दया-परिचत्तउ ।
वय-चारित्त-विहूणउ दाण - रणङ्गणेँ दीणउ ।। 1
सरणाइय-वन्दिग्गहेँ गोग्गहेँ सामिहेँ अवसरेँ मित्त-परिग्गहेँ ।। 2
णिय-परिहवेँ पर-विहुरेँ ण जुज्जइ तेहउ पुरिसु विहीसण रुज्जइ ।। 3
अण्णु इ दुक्किय-कम्म-जणेरउ गरुअउ पाव-भारु जसु केरउ ।। 4
सव्वंसह वि सहेंवि ण सक्कइ अहों अण्णाउ मणन्ति ण थक्कइ ।। 5
वेवइ वाहिणि किं मइँ सोसहि धाहावइ खज्जन्ती ओसहि ।। 6
छिज्जमाण वणसइ उग्घोसइ कइयहुँ भरणु णिरासहों होसइ ।। 7
पवणु ण भिडइ भाणु कर खञ्चइ धणु राउल-चोरग्गिहुँ सञ्चइ ।। 8
विन्धइ कण्टेंहिँ व दुव्वयणेंहिँ विस-रुक्खु व मणिणज्जइ सयणेंहिँ ।। 9

घत्ता—धम्म-विहूणउ पाव-पिण्डु अणिहालिय-थामु ।
सो रोवेवउ जासु महिस-विस-मेसहिँ णामु ।। 10

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मानो बड़ के पेड़ के द्वारा निकाली हुई (छोड़ी हुई) शाखाएँ (हों)। [10] चक्र के द्वारा फाड़ी हुई (दमकती) छाती देखी गई, मानो (आकाश के) मध्य में स्थित सूर्य के द्वारा दिन का बीच (दो बराबर के भाग) (हुए) 'हों)। [11] मानो विंध्य (पर्वत) के द्वारा पृथ्वी-तल विभक्त कर दिया गया (हो), मानो (पृथ्वी के) विविध भागों द्वारा अंधकार इकट्ठा किया गया (हो)।

घत्ता—युद्धस्थल में रावण के (पड़े हुए) मुखों को देखकर राम के द्वारा (विभीषण को) छाती से लगाकर धीरज बँधाया गया। (और) (कहा गया) (कि) हे विभीषण! (तुम) क्यों रोते हो?

77.2

[1] वह (ही) मरा हुआ (है), जो अहंकार के नशे में चूर (है) (तथा) (जिसके द्वारा) जीव-दया छोड़ दी गई (है)। (जो) व्रत और चारित्र से हीन है, (जो) दान और युद्ध-स्थल में भीरु (है)। [2] (जो) शरण में आए हुए के लिए, (दोषियों को) कैदी रूप में पकड़ने में, (गाय की चोरी होने पर) गाय के संरक्षण में, स्वामी के (कठिन) समय में, मित्र की सहायता में, निज का अपमान होने पर, (तथा) (जिसके द्वारा) दूसरे के दुःख में (काम में) नहीं लगा जाता है, हे विभीषण! वैसा पुरुष रोया जाता है। [4-7] अन्य भी (जो) पाप-कर्म का उत्पादक (है) (वह) (तथा) जिसके (जीवन में) पाप का बहुत भारी बोझ (है) (वह) (रोया जाता है) (जिसको) पृथ्वी भी सहने के लिए समर्थ नहीं है (वह भी) (जिस) अन्याय को कहती हुई नहीं थकती है, (जिसके कारण) नदी काँपती है, (और उसको कहती है) (कि) (तुम) (मेरा) (प्रयोग करके) मुझको क्यों सुखाते हो? (ऐसा व्यक्ति रोया जाता है) (जिसके कारण) खाई जाती हुई औषधि हाहाकार मचाती है, (अर्थात् दुःखी होती है), (जिसके कारण) काटी जाती हुई वनस्पति घोषणा करती है (ऊँची आवाज में कहती है) (कि) (ऐसे) दुष्ट चित्तवाले (व्यक्ति) का मरण कब होगा। [8] उस (पापी) के (साथ) (शीतल) पवन भी (बार-बार) भिड़ता है (और) सूर्य की (तप्त) किरणें (भी) (उसे) परास्त कर देती हैं। (वह) राजकुल के चोरों की स्तुति से धन इकट्ठा करता है। [9] (वह) (सभी को) दुर्वचनरूपी काँटों से बींध देता है। (वह) स्वजनों द्वारा विष-वृक्ष की तरह माना जाता है (ऐसा व्यक्ति रोया जाता है)।

घत्ता—(जो) धर्मरहित (है), (जो) पाप का पिण्ड (है), (जिसका) यहां निवास किया हुआ (अन्य) (कोई) स्थान नहीं है (जिसका कोई ठौर-ठिकाना नहीं है) जिसका नाम महिष, वृष और मेष (राशि) के द्वारा (कहा जाता है) वह रोया जाना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तं णिसुणेवि पहाणउ	भणइ विहीसण–राणउ।
'एत्तिउ रुग्रमि दसासहों	भरिउ भुवणु जं ग्रयसहों ॥ 1
एण सरीरें ग्रविणय–थाणें	दिट्ठ-णट्ठ–जल-विन्दु-समाणें ॥ 2
सुरचावेण व ग्रथिर–सहावें	तडि-फुरणेण व तक्खण-भावें ॥ 3
रम्भा–गब्भेण व णीसारें	पक्क-फलेण व सउणाहारें ॥ 4
तउ ण चिण्णु मण–तुरउ ण खञ्चिउ	मोक्खु ण साहिउ णाहु ण ग्रञ्चिउ ॥ 11
वउ ण धरिउ महु ण किउ णिवारिउ	ग्रप्पउ किउ तिण-समउ णिरारिउ' ॥ 12

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

77.4

[1] उसको सुनकर प्रधान राजा विभीषण ने कहा (कि) (चूंकि) दसमुखवाले (रावण) के द्वारा (यह) जगत अपयश से भर दिया गया है (इसलिए) (मैं) इतना रोता हूँ। [2] (प्राय:) देखा गया (है) (कि) जल-बिन्दु के समान (अस्थिर) तथा दोष के घर इस शरीर के द्वारा नाश को प्राप्त हुआ गया (है) (इतना तो मैं समझता हूँ)। [3] (और यह भी समझता हूँ) (कि) (शरीर) अस्थिर-स्वभाववाले इन्द्र-धनुष के समान है (और) शीघ्र (परिवर्तनशील) अवस्था होने से बिजली की चमक के समान है। [4] (तथा) (वह) केले के पेड़ के साररहित भीतर (के) (भाग) के समान है (तथा) पक्षियों के (प्रिय) भोजन पके फल के समान है। [11] (खेद है कि रावण के द्वारा) (इस शरीर से) तप नहीं किया गया, मनरूपी घोड़ा वश में नहीं किया गया, मोक्ष नहीं साधा गया (तथा) परमेश्वर नहीं पूजा गया। [12] (और भी) (मोक्ष प्राप्ति के लिए) व्रत धारण नहीं किया गया (तथा) (सबके द्वारा) रोका हुआ यह विनाश किया गया। (उसके द्वारा) निश्चय ही अपना (जीवन) तिनके के समान (तुच्छ) बनाया गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-5

पउमचरिउ

सन्धि-83

83.2

घत्ता—'एत्तडउ दोसु पर रहुवइहेँ जं परमेसरि णाहिँ घरेँ।
म पमायहि लोयहुँ छन्देँण आणँवि का वि परिक्ख करेँ' ।। 9

83 3

तं णिसुणेवि चवइ रहुणन्दणु 'जाणमि सीयहेँ तणउ सइत्तणु ।। 1
जाणमि जिह हरि-वंसुप्पण्णी जाणमि जिह वय-गुण-संपण्णी ।। 2
जाणमि जिह जिण-सासणेँ भत्ती जाणमि जिह महु सोक्खुप्पत्ती ।। 3
जा अणु-गुण-सिक्खा-वय-धारी जा सम्मत्त-रयण-मणि-सारी ।। 4
जाणमि जिह सायर-गम्भीरी जाणमि जिह सुर-महिहर-धीरी ।। 5
जाणमि अंकुस-लवण-जणेरी जाणमि जिह सुय जणयहोँ केरी ।। 6
जाणमि सस भामण्डल-रायहोँ जाणमि सामिणि रज्जहोँ आयहोँ ।। 7
जाणमि जिह अन्तेउर-सारी जाणमि जिह महु पेसण-गारी ।। 8

घत्ता—मेल्लेप्पिणु णायर-लोएँण महु घरेँ उब्भा करेँवि कर।
जो दुज्जसु उप्परेँ घित्तउ एउ ण जाणहोँ एक्कु पर' ।। 9

83.4

तहिँ अवसरेँ रयणासव-जाएं कोक्किय तियड विहीसण-राएं ।। 1

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-5

पउमचरिउ

सन्धि-83

83.2

घत्ता—किन्तु हे रघुपति ! इतना (ही) दोष है कि परमेश्वरी (सब ऐश्वर्य से सम्पन्न) (सीता) घर में नहीं है। आप लोगों के छल से न भटकें (गलत निर्णय न करें)। (आप) समझकर (जानकर) कोई भी परीक्षा करें।

83.3

[1] उसको सुनकर रघुनन्दन ने कहा—(मैं) सीता के सतीत्व को जानता हूँ। [2] जिस प्रकार (वह) हरिवंश में उत्पन्न हुई (है) (उसको) (मैं) जानता हूँ। जिस प्रकार व्रत और गुण से युक्त है (मैं) जानता हूँ। [3] जिस प्रकार (उसकी) जिन-शासन में भक्ति है (उसको) (मैं) जानता हूँ। जिस प्रकार (वह) मेरे लिए सुख की उत्पत्तिको (करती है, उसको) (मैं) जानता हूँ। [4] जो अणुव्रत, गुणव्रत व शिक्षाव्रतों को धारण करनेवाली है, जो सम्यक्त्वरूपी रत्नों और मणियों का सार है (उसको मैं जानता हूँ)। [5] जिस प्रकार (वह) सागर के समान गंभीर है, जानता हूँ। जिस प्रकार (वह) मेरुपर्वत के समान धैर्यवाली है (उसको) (मैं) जानता हूँ। [6] (मैं) लवण और अंकुश की माता को जानता हूँ। जानता हूँ, जिस प्रकार (वह) जनक की पुत्री है। [7] राजा भामण्डल की बहिन को जानता हूँ, (मैं) इस राज्य की स्वामिनी को जानता हूँ। [8] जिस प्रकार (वह) अन्तःपुर में श्रेष्ठ है, मैं जानता हूँ। जिस प्रकार (वह) मेरे लिए आज्ञा (पालन) करनेवाली है (मैं) जानता हूँ।

घत्ता – किन्तु नगर के लोगों द्वारा मिलकर मेरे लिए घर में हाथों को ऊँचे करके जो अपयश (मेरे) ऊपर डाला गया है, एक यह (ही) समझने (जानने) के लिए (मैं) (समर्थ) नहीं (हूँ)।

83.4

[1] उस अवसर पर रत्नाश्रव (से उत्पन्न) के पुत्र विभीषण राजा के द्वारा त्रिजटा

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

वोल्लाविय एत्तहेँ वि तुरन्तें   लङ्कासुन्दरि तो हणुवन्तें ।। 2
विण्णि वि विण्णवन्ति पणमन्तिउ   सीय-सइत्तण-गव्वु वहन्तिउ ।। 3
'देव देव जइ हुअवहु डज्झइ   जइ मारुउ पड-पोट्टलें वज्झइ ।। 4
जइ पायालें णहङ्गणु लोट्टइ   कालन्तरेंण कालु जइ तिट्ठइ ।। 5
जइ उप्पज्जइ मरणु कियन्तहोँ   जइ णासइ सासणु अरहन्तहोँ ।। 6
जइ अवरें उग्गमइ दिवायरु   मेरु-सिहरें जइ णिवसइ सायरु ।। 7
एउ असेसु वि सम्भाविज्जइ   सीयहेँ सीलु ण पुणु मइलिज्जइ ।। 8

घत्ता—जइ एव त्रि णउ पत्तिज्जहि तो परमेसर एउ करें ।
तुल-चाउल-विस-जल-जलणहँ पञ्चहँ एक्कु जि दिव्वु धरें' ।। 9

83.5

तं णिसुणेँवि रहुवइ परिओसिउ   'एव होउ' हक्कारउ पेसिउ ।। 1

घत्ता—'चडु पुप्फ-विमाणेँ भडारिएँ मिलु पुत्तहँ पइ-देवरहँ ।
सहुँ अच्छहिँ मज्झें परिट्ठिय पिहिमि जेम चउ-सायरहँ' ।। 9

83.6

तं णिसुणेँवि लवणंकुस-मायएँ   वुत्तु विहीसणु गग्गिर-वायएँ ।। 1
णिट्ठुर-हिययहोँ अ-लइय-णामहोँ   जाणमि तत्ति ण किज्जइ रामहोँ ।। 2
घल्लिय जेण रुवन्ति वणन्तरें   डाइणि-रक्खस-भूय-भयङ्करें ।। 3
जहिँ माणुसु जीवन्तु वि लुच्चइ   विहि कलि-कालु वि पाणहुँ मुच्चइ ।। 6
तहिँ वणेँ घल्लाविय अण्णाणेँ   एवहिँ किं तहोँ तणेण विमाणेँ ।। 7

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

बुलाई गई। [2] तब यहाँ पर हनुमान के द्वारा तुरन्त ही लङ्कासुन्दरी बुलवाई गई। [3] दोनों ही सीता के सतीत्व के गर्व को धारण करती हुई (और उसको) प्रणाम करती हुई कहती हैं। [4] हे देव ! हे देव ! यदि अग्नि जलाई जाती है, यदि कपड़े की पोटली में हवा बांधी जाती है। [5] यदि पाताल में आकाश लोटता है, यदि समय बीतने से काल नष्ट होता है। [6] यदि यमराज का मरण उत्पन्न होता है, यदि अरहन्त का शासन नष्ट होता है। [7] यदि सूर्य पश्चिम दिशा में उगता है, यदि पर्वत के शिखर पर सागर रहता है। [8] (तो) यह सब भी सोचा जा सकता है, (सम्भावना कराई जा सकती है) किन्तु सीता का शील (आचरण) मलिन नहीं किया जा सकता।

घत्ता—यदि इस प्रकार भी (तुमको) विश्वास नहीं होता तो हे परमेश्वर ! (आप) यह करें (कि) तिल–चावल–विष–जल–अग्नि इन पाँचों (परीक्षा) में से आरोप की शुद्धि के लिए की जानेवाली परीक्षा (के लिए) एक ही (वस्तु) को धारण करलें'।

83.5

[1] उस (बात) को सुनकर रघुपति सन्तुष्ट हुए। 'इसी प्रकार हो' (यह कहकर सीता को बुलाने के लिए) हरकारा भेजा गया।

घत्ता—'हे पूजनीया ! (आप) पुष्पक विमान पर (में) चढ़ें। (अपने) पुत्रों, पति और देवरों को मिलें। (आप) (उनके) साथ (इस प्रकार) रहें जिस प्रकार चारों सागरों के मध्य में पृथ्वी स्थित है'।

83.6

[1] उसको सुनकर लवण (और) अंकुश की माता के द्वारा भरी हुई वाणी से विभीषण (को) कहा गया। [2] 'निष्ठुरहृदय राम के नाम को मत लो, (उनको) (मैं) जानती हूँ, (उनके द्वारा) (मेरी) कोई तृप्ति नहीं की गई। [3] जिनके द्वारा डाकिनियों, राक्षसों और भूतोंवाले डरावने वन में (मैं) रोती हुई डालदी गई। [6] जहाँ पर जीता हुआ (जीवित) मनुष्य भी काट दिया जाता है, जहाँ विधाता और काल-रूपी शत्रु (मृत्यु) भी प्राणों से छुटकारा पा जाता है। [7] उस वन में (मैं) अज्ञान से (अज्ञान में) डलवा दी गई। अब उसके लिए विमान से क्या (लाभ है) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—जो तेण डाहु उप्पाइयउ पिसुणालाव–भरीसिएँण ।
सो दुक्करु उल्हाविज्जइ मेह–सएण वि वरिसिएँण ।। 8

83.8

ण भीय सइत्तण-गव्वें बलेंवि पवोल्लिय मच्छर-गव्वें ।। 7
'पुरिस णिहीण होन्ति गुणवन्त वि तियहँ ण पत्तिज्जन्ति मरन्त वि ।। 8

घत्ता—खडु लक्कडु सलिलु वहन्तियहँ पउराणियहँ कुलुग्गयहँ ।
रयणायरु खारइँ देन्तउ तो वि ण थक्कइ णम्मयहँ ।। 9

83.9

साणु ण केण वि जणेंण गणिज्जइ गङ्गा-णइहिँ तं जि ण्हाइज्जइ ।। 1
ससि स-कलंकु तहिँ जि पह णिम्मल कालउ मेहु तहिँ जें तडि उज्जल ।। 2
उवलु अपुज्जु ण केण वि छिप्पइ तहिँ जि पडिम चन्दणेंण विलिप्पइ ।। 3
धुज्जइ पाउ पंकु जइ लग्गइ कमल-माल पुणु जिणहों वलग्गइ ।। 4
का विनाश कर देनेवाली अग्नि (देखने) से (वह) पापरूपी मल को जला देगा। [8] (और भी) (तुम्हारा पुत्र) सुन्दर, मनोहर, गुणरूपी मणियों का घर, युवती-वर्ग का प्रिय और प्रेम का देवता (होगा)। [9] (तुम्हारा पुत्र) ईर्ष्यारहित (तथा) अपने कुलरूपी मानसरोवर का राजहंस (होगा) (और ऐसा होगा) (जिसके द्वारा) ज्ञानी वर्ग की प्रशंसा प्राप्त कर ली गई है। [10] (जो) साधु होकर उपसर्ग सहन करके ध्यान के द्वारा मोक्ष के लाभ को प्राप्त करेगा। [11] जिनेन्द्र (और) मुनिवर को प्रणाम करके हर्षित मनवाले दोनों ही मनुष्य (पति-पत्नी) निज घर को चले गए। [12] गोप भी वहां निदान सहित मरकर वणिक की पत्नी के उदर में आकर रहा।

घत्ता—वहाँ (वह) गर्भ में आकाश में स्थित सूर्य की तरह, कमलिनी के पत्ते पर जल की तरह, सघन सिप्पिदल में (खोखली जगह में) असाधारण मोती की तरह शोभायमान हुआ।

3.5

[1] (जन्मे हुए) उस पुत्र से मनुष्य वर्ग सन्तुष्ट हुआ। आकाश में घने बादलों द्वारा जल बरसाया गया। [2] नगर का दुष्ट और अत्यन्त पापी (एवं) ईर्ष्यालु/द्वेषी वर्ग डर गया (दुःखी हुआ)। देवताओं द्वारा आकाश में हर्ष (और) आनन्द घोषित किया गया। [3] (जिसके द्वारा) सन्तोष दिया गया (ऐसा) दिव्य दुंदुभि-घोष (उत्पन्न) हुआ। समस्त वन खिले हुए फूलों को छोड़ने लगा (बरसाने लगा)। [4] आनन्दकारी मन्द पवन चला। बावड़ियों और कुओं में अत्यधिक जल भरा। [5] गौ-समूहों द्वारा थणों से दूध बिखेरा गया। आते-जाते हुए पथिकों के कारण मार्ग रुक गया। [6] तब (जन्म के) छठे दिन पर वणिक के द्वारा उत्कृष्ट रूप से झटपट उत्सव दिखलाया गया (मनाया गया)। [7-8] जब शीघ्र आठ और दो दिन (=दस दिन) व्यतीत हुए, तब जिनदासी नामक (माता ने) अनुराग-सहित (उस) सुकुमार (और) इन्द्र के समान देहवाले बालक को लेकर (और) भक्तिपूर्वक जिन-मन्दिर जाकर (जिनेन्द्र को प्रणाम किया)। [9] (वहाँ) उसके द्वारा मुणिचन्द देखे गए (और) (वे) पूछे गए। यह छन्द नाम से मत्तमात्तंग (है)।

घत्ता—जिस प्रकार मेरु-पर्वत स्थित है उसी प्रकार ज्ञानियों द्वारा कुम्भ राशि कही जाती है। हे मुनिवर! ऐसा जानकर मेरे पुत्र का नाम रचा जाए।

3.6

[1] उसको (माता के वचन को) सुनकर (वे) विशिष्ट मुनि (जिनके द्वारा) काम नष्ट कर दिया गया (है), (जिनका) स्वर मेघ के समान (है) बोले—[2] हे पुत्री! तुम्हारे द्वारा स्वप्न के अन्दर श्रेष्ठ, ऊँचा (और) सुन्दर पर्वत देखा गया। [3] अतः (इसका) नाम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किज्जउ तेण सुदंसणु णामो	सज्जणकामिणिसोत्तहिरामो	॥ 3
तो जिणयासें णविवि जईसं	चित्तें पहिट्ठ गया सणिवासं	॥ 4
सोहणमासें दिणे छुडु दित्तं	बद्धउ पालणयं सुविचित्तं	॥ 5
देवमहीहरि णं सुरवच्छो	वड्ढइ तत्थ परिट्ठिउ वच्छो	॥ 6
वड्ढइ णं वयपालणें धम्मो	वड्ढइ णं पियलोयणें पेम्मो	॥ 7
वड्ढइ णं णवपाउसि कंदो	एसु पयासिउ दोहयछंदो	॥ 8

घत्ता—जगतमहरु ससहरु मयरहरु जिह वड्ढंतउ भावइ ।
मणवल्लहु दुल्लहु सज्जणहँ पुरएवहों सुउ णावइ ॥ 9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुदर्शन रखा जाए (जो) सज्जन और कामिनियों के कानों के लिए मनोहर है। [4] तब जिनदासी मन में आनन्दित हुई और विशिष्ट मुनि को प्रणाम करके स्वनिवास को गई। [5] शीघ्र (शुभ) दिन (और) शुभमास में दिव्य (और) अत्यन्त सुन्दर पालना बाँधा गया। [6-7-8] वहाँ रहा हुआ बालक बढ़ने लगा, जैसे देव-बालक देव-पर्वत (सुमेरु) पर (बढ़ता है), जैसे व्रतपालन से धर्म बढ़ता है, जैसे स्नेही के दर्शन से प्रेम बढ़ता है, जैसे नई वर्षा ऋतु में कंद (बादल) बढ़ता है, इस प्रकार दोधक छंद व्यक्त किया गया (है)।

घत्ता—जिस प्रकार समुद्र और जग के अन्धकार को दूर करनेवाला चन्द्रमा बढ़ता हुआ अच्छा लगता है, (उसी प्रकार) सज्जनों के मन को अच्छा लगनेवाला (जिनदासी का) दुर्लभ (पुत्र) पुरुदेव (ऋषभदेव) के सुत (भरत) के समान (अच्छा लगता है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-12

करकण्डचरिउ

सन्धि-2

2.16

पुणु उच्चकहाणी णिसुणि पुत्त संपज्जइ संपइ जें विचित्त ।। 1
परिकलिवि संगु णीचहों हिएण उच्चेण समउ किउ संगु तेण ।। 2
वाणारसिणयरि मणोहिरामु अरविंदु णराहिउ अत्थि णामु ।। 3
संतोसु वहंतउ णियमणम्मि पारद्धिहे गउ एक्कहिँ दिणम्मि ।। 4
जलरहियहिँ अडविहिँ सो पडिउ तहिँ तण्हएँ भुक्खएँ विण्णडिउ ।। 5
अमिएण विणिम्मिय सुहयराइँ तहों दिण्णइँ वणिणा फलइँ ताइँ ।। 6
संतुट्ठउ तहों वणिवरहों राउ घरि जाइवि तहों दिण्णउ पसाउ ।। 7
उवयारु महंतउ जाणएण वणि णिहियउ मंतिपयम्मि तेण ।। 8

घत्ता—अणुराएँ विण्णि वि तहिँ वसहिँ दिणयरतेयकलायर ।
गुणगणरयणहँ सीलणिहि गहिरिमाइँ णं सायर ।। 9

2.17

ता एक्कहिँ दिणि मंतीवरेण तहों रायहों णंदणु हरिवि तेण ।। 1
आहरणइँ लेविणु दिहिकरासु गउ तुरिउ विलासिणिमंदिरासु ।। 2
गयमोल्लइँ जणणयणहँ पियाइँ तहिँ वणिणा ताहेँ समप्पियाइँ ।। 3
सरयागमससहरआणणीहेँ पुणु कहियउ तेण विलासिणीहेँ ।। 4
मइँ मारिउ णंदणु णरवईहिँ इउ कहियउ सयलु वि थिररईहिँ ।। 5
तं सुणिवि ताइँ पभणिउ सणेहु मा कासु वि पयडु करेहि एहु ।। 6
एत्तहिँ अलहंतें सुउ णिवेण देवाविउ डिंडिमु णयरेँ तेण ।। 7
जो रायहों णंदणु कहइ को वि सहुँ दविणइँ मेइणि लहइ सो वि ।। 8

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

पाठ-12

करकण्डचरिउ

सन्धि-2

2.16

[1] इसके विपरीत हे पुत्र ! उच्च (संगति) की कहानी सुन। जिससे नाना प्रकार की सम्पत्ति प्राप्त की जाती है। [2] हृदय से नीच की संगति को समझकर उस (वणिक) के द्वारा उच्च (व्यक्ति) के साथ संग किया गया। [3] वाराणसी नगर में मन को प्रसन्न करनेवाला अरविंद नामक राजा था। [4] अपने मन में प्रसन्नता को धारण करता हुआ (वह) एक दिन शिकार के लिए गया। [5] वह जलरहित जंगल में फँस गया, वहाँ पर भूख (और) प्यास के द्वारा व्याकुल किया गया। [6](तब) वणिक के द्वारा अमृत से बने हुए वे सुखकारी फल उस (राजा) को दिए गए। [7] राजा उस श्रेष्ठ वणिक पर प्रसन्न हुआ, (और) घर जाकर उसको पुरस्कार दिया गया। [8] (अपने ऊपर) महान उपकार समझनेवाला होने के कारण, उस (राजा) के द्वारा वणिक मन्त्री-पद पर रखा गया।

घत्ता—(वे) दोनों (जो) तेज में सूर्य और चन्द्रमा (के समान) थे, (जो) गुणसमूहरूपी रत्नों के (व) शील के निधान (थे),(जो) गंभीरता में सागर के समान (थे), स्नेहपूर्वक वहाँ पर रहने लगे।

2.17

[1] तब एक दिन उस राजा के पुत्र का हरण करके उस मन्त्रीवर के द्वारा (भागा गया)। [2] (वह) (उसके) आभूषणों को लेकर शीघ्रता से (स्नेहशील) विलासिनी (महिला) के सुखकारी घर को गया। [3] (वे) (आभूषण) (जिनका) मूल्य चला गया (है), (जो) मनुष्यों के नयनों के लिए प्रिय (हैं), उस विलासिनी (महिला) के लिए वणिक के द्वारा वहाँ प्रदान किए गए। [4] शरद ऋतु में आनेवाले चन्द्रमा की तरह मुखवाली (उस) विलासिनी को उस (वणिक) के द्वारा फिर कहा गया। [5] मेरे द्वारा राजा का पुत्र मारा गया (है)। यह सारी (बात) ही (उसके द्वारा) स्थिर स्नेहवाली (विलासनी) को कही गई। [6] उस (बात) को सुनकर उस (विलासिनी) के द्वारा (वणिक के लिए) सस्नेह कहा गया (कि) यह (बात) किसी के लिए भी (तुम) प्रकट मत करना। [7] यहाँ पर राजा के द्वारा पुत्र को न पाते हुए होने के कारण, उसके द्वारा नगर में ढोल-(बजाकर) आज्ञा करवायी गयी (है)। [8] (और राजा के द्वारा कहलवाया गया कि) जो कोई भी राजा के पुत्र को बताता है (बतायेगा) वह ही सम्पत्ति के साथ भूमि को पायेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—ता केण वि धिट्ठें तुरियएँण णरणाहहों अग्गइँ भणिउ ।
उवलक्खिउ तुह सुउ देव मइँ सो णवलइँ मंतिएँ हणिउ ।। 9

2.18

तं वयणु सुणेविणु सरलबाहु	संतुट्ठउ मंतिहें धरणिणाहु	।। 1
तिहिँ फलहिँ मज्झें एक्कहों फलासु	णिरहरियउ रिणु मइँ मइवरासु	।। 2
अवराह दोण्णि अज्ज वि खमीसु	खणि हुयउ पसण्णउ धरणिईसु	।। 3
परियाणिवि मंतिइँ रायणेहु	णिवणंदणु अप्पिउ दिव्वदेहु	।। 4
अइ होहि णरेसर परममित्तु	मइँ देव तुहारउ कलिउ चित्तु	।। 5
वणिवयणु सुणेविणु णरवरेण	अइपउरु पसाउ पइण्णु तेण	।। 6
गुरुआण संगु जो जणु वहेइ	हियइच्छिय संपइ सो लहेइ	।। 7
एह उच्चकहाणी कहिय तुज्झु	गुणसारणि पुत्तय हियइँ बुज्झु	।। 8

घत्ता—करकंडु जणाविउ खेयरइँ हियबुद्धिएँ सयलउ कलउ ।
इय णित्तिएँ जो णरु ववहरइ सो भुंजइ णिच्छउ भूवलउ ।। 9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—तब किसी ढीठ (व्यक्ति) के द्वारा शीघ्रता से राजा के आगे कहा गया (कि) हे देव ! तुम्हारा सुत (पुत्र) मेरे द्वारा देखा गया (है), वह (तुम्हारे) नए मन्त्री द्वारा मार दिया गया (है)।

2.18

[1] उस बात को सुनकर पृथ्वी का नाथ (राजा) सरलबाहु, मन्त्री से प्रसन्न हुआ। [2] (राजा ने कहा कि जंगल में दिए गए) तीन फलों में से मन्त्रीवर के एक फल का ऋण मेरे द्वारा चुका दिया गया (है)। [3] (मन्त्री ने कहा कि) हे नाथ ! अन्य दो (फलों के ऋण) को आज ही क्षमा कीजिए। पृथ्वी का मुखिया (राजा) क्षण भर में प्रसन्न हुआ। [4] राजा के स्नेह को जानकर मन्त्री के द्वारा सुन्दर देहवाला राजा का पुत्र सौंप दिया गया। [5] हे नरेश्वर ! (आप) (मेरे) परम मित्र हो ! हे देव ! मेरे द्वारा तुम्हारा चित्त पहिचान लिया गया (है)। [6] (इस तरह से) वणिक के वचन को सुनकर उस राजा के द्वारा (वणिक के लिए) खूब पुरस्कार सार्वजनिक रूप से घोषित किया गया। [7] (इस प्रकार) जो मनुष्य अच्छों की संगति को धारण करता है, वह मन से चाही गई सम्पत्ति को प्राप्त करता है। [8] हे पुत्र ! यह उच्च (पुरुष) की कहानी (जो) गुणों की परम्परावाली है, तेरे लिए कही गई है (इसको) (तू) हृदय में समझ।

घत्ता—खेचर (विद्याधर) के द्वारा हितकारी बुद्धि से करकंड समस्त कलाएँ सिखाया गया। इसकी नीति से जो मनुष्य व्यवहार करता है वह अवश्य ही भूमण्डल को उपभोग करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ—13

धण्णकुमारचरिउ

सन्धि–3

3.16

लउडि-खग्ग सव्वहिँ करि धारिय   भोगवइ चल्लिय विणिवारिय ॥ 1
दूरहु हुंति तेण णियच्छिय   हक्क दिंत आवंत वि पेच्छिय ॥ 2
एयहु मारणत्थि इह आवहिँ   वच्छउलइँ णउ कत्थ वि पावहिँ ॥ 3
इय मणि मंतिवि पुणु भयतट्ठउ   पच्छउ वलिवि णिएवि वणि णट्ठउ ॥ 4
ते बोल्लावहिँ भो गिहि आवहि   एहि-एहि मा भयवसु धावहि ॥ 5
वच्छउलइँ णियगेहि पराणिय   तुहु इ थक्कु ण मइए जाणिय ॥ 6
तुज्झु जणणि तुअ दुक्खेँ सल्लिय   मा वणि जाहि मुइवि एकल्लिय ॥ 7
तह वि ण सो णियत्तु भयभीयउ   मुणइ पवंचु सयलु इणु कीयउ ॥ 8
जाय रयणि ते सीह-भयाउर   पल्लट्टिवि गय ते पुणु णियघर ॥ 9
तासु जणणि महदुक्खेँ तत्ती   हुय णिरास खणि पगलियणेत्ती ॥ 10
हा-हा किह सुव-दंसणु होसइ   दुट्ठ विहिहिँ पुणु-पुणु सा कोसइ ॥ 11
भाय-भाय हा किम जीवेसमि   सुबाहु सुवत्तु किम पेच्छेसमि ॥ 12
हा-हा किं बंधव णिचिंतउ   महु सुउ विसमावत्थहिँ पत्तउ ॥ 13
हउँ तुव सरणि विएसेँ पत्ती   करहि गंपि महु पुत्तहु तत्ती ॥ 14
महु मणु अच्छइ बहुदुक्खायरु   इय कंदंति णिवारइ भायरु ॥ 15
अच्छहि कलुणु म कंदहि बहिणी   पुर-सयासि सो णिवसइ रयणी ॥ 16

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

पाठ-13

धण्णकुमारचरिउ

सन्धि-3

3.16

[1] सभी के द्वारा लकड़ियाँ और तलवारें हाथ में रखी गईं। भोगवती (साथ में जाने से) रोकी गई (फिर भी) (वह) (उनके साथ) (जंगल में) चल दी। [2] उसके (अकृतपुण्य के) द्वारा दूर से (ही) (सब) देख लिए गए (कि) (वे) हैं। हाँक देते हुए (और) आते हुए भी (वे) देख लिए गए। [3] (उसने सोचा कि) (जब) बछड़ों के समूहों को (उन्होंने) कहीं भी नहीं पाया होगा (तो) इन (हथियारों) से (मुझे) मारने के इच्छुक यहाँ (जंगल में) आये हैं। [4] मन में यह विचारकर (वह) भय से काँपा। फिर पीछे की ओर मुड़कर, देखकर (वह) जंगल में छिप गया। [5] वे बुलाते (थे) (कि) हे (बालक)! (तुम) घर में आओ। आओ, आओ। भय के अधीन (होकर) मत भागो। [6] (तुम सुनो कि) बछड़ों के समूह निज घर में पहुँच गए (हैं)। तू (जंगल) (में) हो ठहरा है, (हमारे द्वारा) बुद्धि से (यह) नहीं समझा गया (था)। [7] तुम्हारी माता तुम्हारे दुःख द्वारा दुःखी की गई (है), (उसको) यहाँ अकेली छोड़कर वन में मत जा। [8] तो भी वह भयभीत (अकृतपुण्य) (वापिस) नहीं लौटा। (वह) इस सबको (उनके द्वारा) किया हुआ छल समझता है। [9] रात्रि हुई! फिर सिंह के भय से पीड़ित वे पलटकर अपने घर को गए। [10] उसकी माता महादुःख के कारण दुःखी (और) निराश हुई। (वह) (एक) क्षण में बहतेहुए नेत्रवाली (हुई) [11] हाय-हाय! (अब) सुत का दर्शन (मिलन) कैसे होगा? वह (अपनी) दुष्ट किस्मत को बार-बार कोसने लगी। [12] हे भाई! हे भाई! हाय! (मैं) (अब) कैसे जीवूँगी? सुन्दर भुजावाले (और) सुन्दर मुखवाले (पुत्र) को कैसे देखूँगी? [13] हाय-हाय! हे भाई! (तुम) निश्चिन्त क्यों हो? मेरा पुत्र कठिन (विषम) अवस्था में पड़ा हुआ (है)। [14] मैं विदेश में तुम्हारी शरण में पड़ी हुई (हूँ)। (कहीं) जाकर मेरे लिए (तुम) (कुछ) करो, (जिससे) (मुझको) पुत्र से सन्तोष (मिले)। [15] मेरा मन बहुत दुःखों की खान (हो गया) है। इस प्रकार रोती हुई (उस) को भाई रोकता है। [16] हे बहिन! ठहरो! करुणाजनक मत रोओ। (आशा है कि) रात्रि में वह नगर के पास (कहीं) रहेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—जिं णियउरि धरियउ खीरें भरियउ परपेसणेण जि पोसियउ।
महु-दुक्खें पालिउ देहें लालिउ तं वीसरइ केम हियउ ॥ 17

3.19

हउँ होंतउ दुख-दालिद्द-जडिउ पुव्वविकय दुक्कम्मेण णडिउ ॥ 1
णिद्धंधउ छुह-तिस-संभरिउ जणणिए सहु देसंतर फिरिउ ॥ 2
थक्कइ असोय-माम जि घरि हउँ अत्थि पवट्टिउ तहिं पवरि ॥ 3
मइ दाणु पदिण्णउँ मुणिवरहु सहुं जणणिए णिहणिय भवसरहु ॥ 4
हउँ वच्छउलहँ रक्खणहँ गउ तहिं सुत्तउ जावहिं विगय-भउ ॥ 5
पवणाहय ते णिय आय घरि हउँ भयभीयउ कंदरि-विवरि ॥ 6
थक्कउ तहिं आयमु बहु सुणिउ संसार-सरूवउ वि चित्ति मुणिउ ॥ 7
जा णिवसमि ता सिंघेण हउ हउँ सुरवर जायउ चिय विवउ ॥ 8
मुणिवयणपसाएँ दुक्खभरु छिंदिवि खणि जायउ सुक्खघरु ॥ 9
एत्तहिं तह मायरि दुहभरिया महदुक्खें खविय विहावरिया ॥ 10
हुय सुप्पहाए सयल्न जि मिलिया सहुँ जणणिए तं जोयहुं चलिया ॥ 11
सव्वत्थ वणम्मि गवेसियउ मह सोएँ पुरजणु सोसियउ ॥ 12

घत्ता—तहुँ खोज्जु णियंतइँ जतइँ संतइँ पत्तइँ गिरि-गुह-वारि पुणु।
तहिँ तहु कर-चलणइँ बहु-दुह-जणणइँ दिट्ठइँ दहदिसि पडिय तणु ॥ 13

3.20

मुच्छाविय जणणि णिएवि ताइ सयल वि दुक्खाविय तेत्थु ठाइ ॥ 1
उम्मुच्छिवि मायरि मुइवि धाह रोवणह लग्ग हा हुय अणाह ॥ 2
हा-हा मह णंदणु हउँ सदुक्खि किं मुक्की णिक्कारणि उवेक्खि ॥ 3
वारंतहँ सव्वहँ गयउ काइ हा-हा किं णायउ गेह-ठाइ ॥ 4

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घत्ता—(माता ने कहा कि) (वह) निज छाती से लगाया गया, दूध से पोषित दूसरों की सेवा से ही (वह) पाला गया। बड़े कष्टों से (वह) रक्षण किया गया। (अपनी) देह से (वह) स्नेहपूर्वक सँभाला गया। उसको हृदय कैसे भूलेगा ?

3.19

[1] मैं दुःख-दरिद्रता से युक्त होता हुआ पूर्व में किए हुए दुष्कर्म द्वारा नचाया गया। [2] (प्रारम्भ में) (मैं) धन्धे-रहित (होकर) भूख-प्यास-सहित (रहा) (और) माता के साथ विदेश में फिरा। [3] उस समय मैं अशोक मामा के श्रेष्ठ घर में प्रवृत्त हुआ (और) रहा। [4] मेरे द्वारा माता के साथ इस संसार-सरोवर के विनाश के लिए (समर्थ) श्रेष्ठ मुनि के लिए (आहार)-दान दिया गया। [5] मैं बछड़ों के समूह की रक्षा के लिए (वन में) गया (और) जैसे ही (मेरा) भय नष्ट हुआ (मैं) वहाँ सो गया। [6–7] (तेज) वायु से आघात प्राप्त (आहत) वे (बछड़े) अपने घर में आ गए (और) भय से काँपा हुआ (भयभीत) मैं गुफा के द्वार पर बैठा। वहाँ आगम बहुत सुना गया और संसार का स्वरूप चित्त में समझा गया। [8] जब (मैं) (वहाँ) बैठा था तब मैं सिंह के द्वारा मारा गया। (वहां से मरकर) (मेरे द्वारा) श्रेष्ठ देव का विशिष्ट पद पाया गया। [9] (इस तरह से) मुनि के वचन के प्रसाद से दुःख के बोझ को काटकर (एक) क्षण में (मैं) सुख के घर (स्थान) को गया। [10] इधर उसकी माता दुःख से भरी हुई थी (और) अत्यन्त कष्ट से (उसके द्वारा) रात्रि बिताई गई। [11] (तब) सब ही सुप्रभात में (उपस्थित) होकर मिले। माता के साथ (उसको) खोजने के लिए (सभी) चले। [12] (उनके द्वारा) सारे वन में (वह) खोजा गया। महान शोक के कारण नगर के जन कृश हो गये (थे)।

घत्ता—फिर उसके मार्ग-चिह्न देखते हुए, जाते हुए, थके हुए (वे सब) पर्वत की गुफा के दरवाजे पर पहुँचे। वहाँ उसके शरीर के हाथ और पैर दसों दिशाओं में पड़े हुए देखे गए (जो) बहुत दुःख के जनक (थे)।

3.20

[1] उन (हाथ-पैरों) को देखकर (शोक के द्वारा) माता मूर्च्छित कर दी गई। (और) सब भी उस स्थान पर दुःखी (हुए)। [2] अमूर्च्छित होकर (मूर्च्छारहित होकर, होश में आकर) माँ ने चिल्लाहट (की) (कि) छोड़कर (चला गया) (फिर) रोने का चिह्न (प्रकट हुआ)। हाय ! (मैं) अनाथ हो गई (हूँ)। [3] हाय–हाय ! हे मेरे पुत्र ! मैं अत्यन्त दुःख में (हूँ)। मैं (तेरे द्वारा) निष्कारण उपेक्षा करके क्यों छोड़ दी गई ? [4] सबके रोकते हुए होने पर (भी) (तुम) (वन में) क्यों गए ? (और) (फिर) हाय–हाय !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किं कुमइ जाय तुव एह पुत्त जं वणि आवासिउ कमलवत्त ।। 5
महु छंडि गयउ तुहु किं विएसि हउँ पाण चयमि पुणु इह पएसि ।। 6
इय भणिवि चलण-कर मेलवेवि आलिंगइ जा णेहेण लेवि ।। 7
ता सुरवरु चिंतइ सग्गवासि किम जणणि मज्झ हुव सोक्खरासि ।। 8
जाइवि संबोहमि ताहि अज्जु जिम सिज्झइ तहि परलोइ कज्जु ।। 9
अण्णु वि णियगुरु-चरणारविंद पणमवि जाइवि गइमल अणिंद ।। 10
इय चिंतिवि आयउ तहिँ सुरेसु मायइँ करेवि चिर-देह-वेसु ।। 11
णियडउ आविवि जंपिवि सुवाय किं कंदहि रोवहि मज्झु माय ।। 12
हउँ जीवमाणु महु णियहि वत्तु हउँ अकयपुण्णु णामेण पुत्तु ।। 13
मोहाउर णिसुणिवि वयण सिग्घु णिच्छइ जाणिउ महु सुउ अणग्घु ।। 14

घत्ता—मेल्लिवि कर-चरणइँ बहुदुहकरणइँ धाइवि आलिंगेहि तहु ।
ता सुरवरु सारउ वसु-गुण-धारउ पउ सरेवि थिउ सो वि लहु ।। 15

3.21

जंपइ भो बुज्झहि जणणि सारु जिणवयणु दयावरु जणहँ तारु ।। 1
को कासु णाहु को कासु भिच्चु जाणहि संसारु जि मणि अणिच्चु ।। 2
मोहेँ बद्धउ मे-मे करेइ आउक्खए कु वि कासु ण धरेइ ।। 3
अइआरु ण किज्जइ मोहु अंबि जिणधम्मु गहहि मा इह विलंबि ।। 4
जेँ लब्भहिँ इच्छिय सयलसुक्ख छेइज्जहिँ जेँ भवदुक्खलक्ख ।। 5
खण भंगुरु सयलु म करहि सोउ महु पुणु पेच्छहि संजणिय मोउ ।। 6
सद्दहहि जिणायमु सरिवि अज्जु हुउ पढम-सग्गि सुर देवपुज्जु ।। 7
अवहिए जाणिवि हउँ एत्थु आउ तुव बोहणत्थि पयडिय-सुवाउ ।। 8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(तुम) निवास स्थान में (घर के आँगन में) क्यों नहीं पहुँचे ? [5] हे कमल के समान मुख-वाले पुत्र ! तुम्हारे (मन में) यह कुमति क्यों उत्पन्न हुई कि (तुम्हारे द्वारा) वन में (ही) रहा गया ? [6] मुझको छोड़कर तू परदेश में क्यों चला गया ? (अत:) मैं इस स्थान पर ही प्राण छोड़ती (हूँ)। [7-8] यह कहकर (उसके) हाथों और पैरों को मिलाकर (उनको) स्नेह से उठाकर जब (वह) (उनका) आलिंगन करती है, तब सुख की खान स्वर्ग का वासी श्रेष्ठदेव विचारता है (कि) मेरी माँ को क्या हुआ (है) ? [9] (मैं) जाकर उसको आज समझाऊँगा, जिससे परलोक में उसका कार्य सिद्ध हो। [10] दूसरी (बात) भी (विचारी) (कि) (मैं) (वहाँ) जाकर मलरहित व निंदारहित निज गुरु के चरणरूपी कमलों को प्रणाम करके उनके प्रति (कृतज्ञता ज्ञापन करूँगा)। [11] इन (दोनों बातों) को सोचकर माया से पुरानी देह के वेश को बनाकर उत्तम देव वहाँ आया। [12] निकट आकर (और) मधुर वचन कहकर (बोला) (कि) हे मेरी माता ! (तुम) क्यों क्रन्दन करती हो ? (तुम) क्यों रोती हो ? [13] मैं जीता हुआ (जीवित) हूँ। (तुम) मेरे मुख को देखो। मैं (तुम्हारा) पुत्र (हूँ) (जो) नाम से अकृतपुण्य (है)। [14] (उसके) वचन को सुनकर मोह से पीड़ित (माता) ने शीघ्र जानकर और निश्चय करके (कहा) (कि) (अरे !) (यह) (तो) मेरा उत्तम पुत्र (है)।

घत्ता—बहुत दु:ख को उत्पन्न करनेवाले हाथों और पैरों को छोड़कर, दौड़कर वह उस (मायावी पुत्र) को आलिंगन करती है। तब वह श्रेष्ठ देव भी, (जो) सर्वोत्तम आठ गुणों का धारक (था), (माता की) अवस्था को स्मरण करके स्थिर हुआ।

3.21

[1] (मायावी) (पुत्र) बोला (कि) हे माता ! (तू) मनुष्यों के लिए श्रेष्ठ, दयावान (और) उज्ज्वल जिन-वचन को समझ। [2] कौन किसका नाथ (है) ? कौन किसका नौकर (है) ? (तू) मन में संसार को अनित्य जान। [3] (व्यक्ति) मोह से जकड़ा हुआ मेरा-मेरा करता है, आयु के समाप्त होने पर कोई भी किसी को पकड़ नहीं सकता। [4] हे माता ! अत्यधिक इच्छावाला (बन्धनवाला) मोह नहीं किया जाना चाहिए। यहाँ (अब) देरी मत करो। (तुम) जिनधर्म को ग्रहण करो। [5] जिसके द्वारा इच्छित सभी सुख प्राप्त किए जाते हैं, जिसके द्वारा संसार के लाखों दु:ख नष्ट किये जाते हैं। [6] प्रत्येक (सम्बन्ध) क्षण में नाशवान (होता है)। (अत:) (तू) शोक मत कर। फिर मुझको देख। (ऐसा कहने से) (माता में) हर्ष उत्पन्न हुआ। [7] आज (ही) जिनागम का स्मरण करके (उसमें) श्रद्धा कर। (देख इसके प्रभाव से) (मैं) प्रथम स्वर्ग में देवों द्वारा पूज्य देव हुआ (हूँ)। [8] अवधि-ज्ञान से जानकर मैं यहाँ आया (हूँ)। (मैं) तुम्हारी शिक्षा (बोध) का इच्छुक (हूँ)। (इसलिए) (मेरे द्वारा) (तुम्हारे) पुत्र की आयु (जीवनकाल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इय वयणु सुणिवि उवसंतमोह कर-चरण मुइवि जाया सुबोह ॥ 9

देवें पुणु णिय-मुणिणाह पासि वरु गुह-अब्भंतरि वि गय तासि ॥ 10

ति पयाहिणि देप्पिणु गुरुपयाइँ देवें वंदिय ता गरहियाइँ ॥ 11

घत्ता—बहु थोत्तु पयासिवि चिरकह भासिवि तुम्ह पसाएँ देव पउ ।
मइँ पाविउ धण्णउ बहु-सुह छण्णउ एम भणिवि पणवाउ कउ ॥ 12

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का रूप) प्रकट की गई (है)। [9] इस वचन को सुनकर (माता का) मोह शान्त हुआ (मृत) हाथ-पैरों को छोड़कर (वह) उत्तम ज्ञानवाली हुई। [10] फिर देव के द्वारा अपने मुनिनाथ (गुरु) के पास जाया गया। (वे) भयंकर और श्रेष्ठ गुफा के भीतर ही (निवास करते थे)। [11] गुरु-चरणों को तीन प्रदक्षिणा देकर देव के द्वारा वन्दना की गई (और) तब (उनके समक्ष) (अपने दोष) निन्दित किए गए।

घत्ता—(गुरु के समक्ष) (उनकी) बहुत स्तुति (को) व्यक्त करके (और) (उनको अपने सम्बन्ध की) पुरानी कथा कहकर (देव ने) (कहा) (कि) (हे गुरु) तुम्हारी कृपा से मेरे द्वारा प्रशंसनीय और बहुत सुखों से आच्छादित (यह) देव का पद प्राप्त किया गया। इस प्रकार कहकर (उसके द्वारा) (फिर) प्रणाम किया गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–14

हेमचन्द्र के दोहे

1. सायरु उप्परि तणु धरइ तलि घल्लइ रयणाइं ।
सामि सुभिच्चु विपरिहरइ संमाणेइ खलाइं ।।

2. दूरुड्डाणे पडिउ खलु अप्पणु जणु मारेइ ।
जिह गिरि–सिंगहुं पडिअ सिल अन्नु वि चूरु करेइ ।।

3. जो गुण गोवइ अप्पणा पयडा करइ परस्सु ।
तसु हउँ कलि-जुगि दुल्लहहो बलि किज्जउं सुअणस्सु ।।

4. दइवु घडावइ वणि तरुहुँ सउणिहं पक्क फलाइं ।
सो वरि सुक्खु पइट्ठ ण वि कण्णहिं खल–वयणाइं ।।

5. धवलु विसूरइ सामि अहो गरुआ भरु पिक्खेवि ।
हउं कि न जुत्तउ दुहुं दिसहिं खंडइं दोण्णि करेवि ।।

6 कमलइं मेल्लवि अलि उलइं करि–गंडाइं महन्ति ।
असुलहमेच्छण जाहं भलि ते ण वि दूर गणन्ति ।।

7. जीविउ कासु न वल्लहउं धणु पुणु कासु न इट्ठु ।
दोण्णि वि अवसर-निवडिअइं तिण-सम गणइ विसिट्ठु ।।

8. बलि अब्भत्थणि महु–महणु लहुई हूआ सोइ ।
जइ इच्छहु वड्डत्तणउं देहु म मग्गहु कोइ ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–14

हेमचन्द्र के दोहे

[1] (आश्चर्य है कि) सागर घास-फूस को ऊपर रखता है (और) रत्नों को पैंदे में फेंक देता है। (इसी प्रकार) (आश्चर्य है कि) राजा गुणवान सेवक को त्याग देता है (और) दुष्ट सेवकों का सम्मान करता है।

[2] (आचरणरूपी) ऊँचाई से उड़ने के कारण (हटने/डिगने के कारण) गिरा हुआ दुष्ट (व्यक्ति) अपने को (और) (दूसरे) मनुष्यों को नष्ट करता है, जिस प्रकार पर्वत की शिखा से गिरी हुई शिला (अपने साथ) अन्य को भी टुकड़े–टुकड़े कर देती है।

[3] जो स्वयं के गुणों को छिपाता है, दूसरे के (गुणों को) प्रकट करता है, उस दुर्लभ सज्जन की (इस) कलि-युग में (मैं) पूजा करता (हूँ)।

[4] दैव ने वन में पक्षियों के लिए वृक्षों के पके फल बनाए, वह (पक्षियों के लिए) श्रेष्ठ सुख (है), (क्योंकि) (वन में रहने के कारण उनके) कानों में दुष्टों के वचन प्रविष्ट (प्रवेश) नहीं हुए।

[5] स्वामी के बड़े भार को देखकर (गाड़ी में जुता हुआ) उत्तम बैल खेद करता है (कि) हे (स्वामी)! मैं (अपने) दो विभाग करके दोनों दिशाओं में क्यों न जोत दिया गया?

[6] कमलों को छोड़कर भँवरों के समूह हाथियों के गंडस्थलों की इच्छा करते हैं। (ठीक ही है) जिनका कदाग्रह (हठ) असुलभ लक्ष्य को (प्राप्त करना है) वे (उसको) बिल्कुल दूर (स्थित) नहीं मानते (हैं)।

[7] जीवन किसके लिए प्रिय नहीं है? (और) धन (भी) किसके लिए प्रिय नहीं है, (किन्तु) विशेष गुण-सम्पन्न (व्यक्ति) समय आ पड़ने पर दोनों को ही तिनके (घास) के समान गिनता है।

[8] बलि राजा से माँगनेवाला होने के कारण वह विष्णु भी छोटा हुआ। यदि (तुम) बड़प्पन को चाहते हो (तो) दो। कुछ भी मत माँगो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. कुञ्जर ! सुमरि म सल्लइउ सरला सास म मेल्लि ।
कवल जि पाविय विहि–वसिण ते चरि माणु म मेल्लि ।।

10. दिग्रहा जन्ति झडप्पडहिं पडहिं मणोरह पच्छि ।
जं अच्छइ तं माणिग्र इं होसइ करतु म अच्छि ।।

11. सन्ता भोग जु परिहरइ तसु कन्तहो बलि कीसु ।
तसु दइवेण वि मुण्डियउं जसु खल्लिहडउ सीसु ।।

12. तं तेत्तिउ जलु सायरहो सो तेवडु वित्थारु ।
तिसहे निवारणु पलुवि नवि पर धुट्ठुअइ असारु ।।

13. किर खाइ न पिअइ न विद्दवइ धम्मि न वेच्चइ रुअडउ ।
इह किवणु न जाणइ जइ जमहो खणेण पहुच्चइ दूअडउ।।

14. कहिं ससहरु कहिं मयरहरु कहिं बरिहिणु कहिं मेहु ।
दूर–ठिआहं वि सज्जणहं होइ असड्ढलु नेहु ।।

15. सरिहिं न सरेहिं न सरवरेहिं नवि उज्जाण–वणेहिं ।
देस रवण्णा होन्ति वढ ! निवसन्तेहिं सु–अणेहिं ।।

16. एक्क कुडुल्ली पञ्चहिं रुद्धी तहं पञ्चहं वि जुअंजुअ बुद्धी ।
बहिणुए तं घरु कहिं किम्व नन्दउ जेत्थु कुडुम्बउं अप्पण-छंदउं।।

17. जिब्भिन्दिउ नायगु वसि करहु जसु अधिन्नइं अन्नइं ।
मूलि विणट्ठइ तुंबिणिहे अवसें सुक्कइं पण्णइं ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[9] हे गजराज ! शल्लकी (नामक) (स्वादिष्ट वृक्ष विशेष) को (अब) याद मत कर। (और) (उसके लिए) (गहरे साँसों को लेकर) स्वाभाविक साँसों को मत त्याग। जो (वृक्षरूपी) भोजन विधि के वश से (तेरे द्वारा) प्राप्त किया गया (है) उनको खा, (पर) स्वाभिमान को मत छोड़।

[10] दिन झटपट से व्यतीत होते हैं, इच्छाएं पीछे रह जाती हैं, जो होना है वह होगा ही (ऐसा) मानकर सोचता हुआ ही मत बैठ।

[11] जो विद्यमान भोगों को त्यागता है उस सुन्दर (व्यक्ति) की (मैं) पूजा करता हूँ। जिसका सिर गंजा है उसका सिर (तो) दैव के द्वारा ही मुँडा हुआ है।

[12] (यद्यपि) सागर का वह जल इतना (गहरा) (है) (तथा) वह इतना (बड़ा) विस्तार (लिए हुए) है, (तो भी) (आश्चर्य है कि) (उससे) प्यास का निवारण जरासा भी नहीं (होता है)। किन्तु (वह) निरर्थक (गूँज की) आवाज करता रहता है।

[13] निश्चय ही कंजूस न खाता है, न पीता है, न घूमता है और न रुपये को धर्म में व्यय करता है। जबकि (कृपण) यहाँ (यह) नहीं समझता है (कि) यम का दूत क्षण भर में पहुँच जायेगा।

[14] कहाँ चन्द्रमा (है), कहाँ समुद्र, कहाँ मोर (है)(और) कहाँ मेघ ? (फिर) भी (इनमें आपस में) प्रेम है। (इसी प्रकार) दूरी पर स्थित (भी) सज्जनों का प्रेम असाधारण होता है।

[15] हे मूर्ख ! न नदियों से, न झीलों से, न तालाबों से, न ही उद्यानों और वनों से देश सुन्दर होते हैं। (वे) (तो) सज्जनों द्वारा बसे हुए होने के कारण ही सुन्दर (होते हैं)।

[16] एक कुटिया पाँच (व्यक्तियों) द्वारा रोकी हुई है। उन पाँचों की भी बुद्धि अलग-अलग है। हे बहिन ! कहो, वह घर कैसे हर्ष मनानेवाला (होगा) जहाँ कुटुम्ब स्वच्छन्दी (हो) ?

[17] अन्य (इन्द्रियाँ) जिसके अधीन हैं, (ऐसी) प्रमुख रसना इन्द्रिय को वश में करो। मूल के समाप्त हो जाने पर तुम्बिनी के पत्ते अवश्य ही निराधार (म्लान) (हो जाते हैं)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

18. जेप्पि असेसु कसाय-बलु देप्पिणु अभउ जयस्सु ।
लेवि महव्वय सिवु लहहिं झाएविणु तत्तस्सु ॥

19. देवं दुक्करु निअय-धणु करण न तउ पडिहाइ ।
एम्वइ सुहु भुञ्जणहं मणु पर भुञ्जणहिं न जाइ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[18] सम्पूर्ण कषाय की सेना को जीतकर, जगत को अभय (दान) देकर, महाव्रतों को ग्रहण करके, तत्त्व का ध्यान करके (व्यक्ति) मोक्ष प्राप्त करते हैं।

[19] निज धन को देने के लिए (तत्पर होना) दुष्कर (है), तप को करने के लिए (कोई) दिखाई नहीं देता है। इसी प्रकार सुख को भोगने के लिए (तो) मन (तत्पर रहता है), किन्तु (उसको) भोगने के लिए (कोई) (प्रयास) उत्पन्न नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ—15

परमात्मप्रकाश

1. पुणु पुणु पणविवि पंच-गुरु भावें चित्ति धरेवि ।
भट्टपहायर णिसुणि तुहुँ अप्पा तिविहु कहेवि ।।

2. अप्पा ति-विहु मुणेवि लहु मूढउ मेल्लहि भाउ ।
मुणि सण्णाणें णाणमउ जो परमप्प-सहाउ ।।

3. मूढु वियक्खणु बंभु परु अप्पा ति-विहु हवेइ ।
देहु जि अप्पा जो मुणइ सो जणु मूढु हवेइ ।।

4. देह-विभिण्णउ णाणमउ जो परमप्पु णिएइ ।
परम-समाहि-परिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ ।।

5. अप्पा लद्धउ णाणमउ कम्म-विमुक्के जेण ।
मेल्लिवि सयलु वि दव्वु परु सो परु मुणहि मणेण ।।

6. णिच्चु णिरंजणु णाणमउ परमाणंद-सहाउ ।
जो एहउ सो संतु सिउ तासु मुणिज्जहि भाउ ।।

7. जो णिय-भाउ ण परिहरइ जो पर-भाउ ण लेइ ।
जाणइ सयलु वि णिच्चु पर सो सिउ संतु हवेइ ।।

8. जासु ण वण्णु ण गंधु रसु जासु ण सद्दु ण फासु ।
जासु ण जम्मणु मरणु ण वि णाउ णिरंजणु तासु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–15

परमात्मप्रकाश

[1] पाँच गुरुओं को बार-बार प्रणाम करके (और) (उनको) अंतरंग बहुमान से चित्त में धारण करके (मैं) तीन प्रकार की आत्मा को कहने के लिए (उद्यत हुआ हूँ)। (अत:) हे भट्ट प्रभाकर ! तू (ध्यानपूर्वक) सुन।

[2] तीन प्रकार की आत्मा को जानकर (तू) शीघ्र मूर्च्छित आत्मावस्था को छोड़। (और) जो ज्ञानमय परमात्म-स्वभाव (है) (उसको) स्वबोध के द्वारा जान।

[3] आत्मा तीन प्रकार की होती है—मूर्च्छित (आत्मा), जाग्रत (आत्मा) और परम आत्मा (शुद्ध आत्मा)। जो देह को ही आत्मा मानता है वह मनुष्य मूर्च्छित होता है।

[4] जो देह से भिन्न परम समाधि में ठहरे हुए ज्ञानमय परम आत्मा को समझता है वह ही जाग्रत होता है।

[5] सकल ही पर द्रव्य को छोड़कर जिसके द्वारा ज्ञानमय आत्मा प्राप्त किया गया (है) वह कर्मरहित (मानसिक तनावरहित) होने के कारण सर्वोच्च (आत्मा) (है)। (तुम) (इसको) रुचिपूर्वक समझो।

[6] (आत्मा) नित्य (है), निरंजन (है), ज्ञानमय (है) (और) (उसका) परमानन्द स्वभाव (है)। जिस (मनुष्य) ने ऐसी (अवस्था) (प्राप्त की है) वह (निश्चय ही) संतुष्ट हुआ (है) (और) (वह) मंगल-युक्त (भी) (बना) (है)। उसकी (इस) अवस्था को (तू) समझ।

[7] जो (आत्मा) निज स्वभाव को नहीं छोड़ता है, जो पर स्वभाव को ग्रहण नहीं करता है, (जो) नित्य (है), सर्वोच्च (है) और सकल (पदार्थ-समूह) को जानता है वह ही सन्तुष्ट हुआ (है) (और) मंगल-युक्त (भी) बना है।

[8] जिस (अवस्था) का न (कोई) रंग (है), (जिस अवस्था में) न (कोई) गंध (है), (जिस अवस्था में) न (कोई) (इन्द्रियात्मक) रस (है), जिस (अवस्था) में न (कोई) (कर्णेन्द्रिय सम्बन्धी) शब्द (है), (और) (जिस अवस्था में) न (कोई) (स्पर्शनेन्द्रिय संबंधी) स्पर्श (है), जिस (अवस्था) का न (कोई) जन्म (है) (और न) मरण, (जिस) (अवस्था) (का) न ही (कोई) नाम (है), उस (अवस्था) का (स्वरूप) निष्कलंक (होता है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. जासु ण कोहु ण मोहु मउ जासु ण माय ण माणु ।
जासु ण ठाणु ण झाणु जिय सो जि णिरंजणु जाणु ।।

10. अत्थि ण पुण्णु ण पाउ जसु अत्थि ण हरिसु विसाउ ।
अत्थि ण एक्कु वि दोसु जसु सो जि णिरंजणु भाउ ।।

11. जासु ण धारणु धेउ ण वि जासु ण जंतु ण मंतु ।
जासु ण मंडलु मुद्द ण वि सो मुणि देउँ अणंतु ।।

12. वेयहिँ सत्थहिँ इंदियहिँ जो जिय मुणहु ण जाइ ।
णिम्मल-झाणहँ जो विसउ सो परमप्पु अणाइ ।।

13. जेहउ णिम्मलु णाणमउ सिद्धिहिँ णिवसइ देउ ।
तेहउ णिवसइ बंभु परु देहहँ मं करि भेउ ।।

14. जें दिट्ठें तुट्टंति लहु कम्मइँ पुव्व-कियाइँ ।
सो परु जाणहि जोइया देहि वसंतु ण काइँ ।।

15. जित्थु ण इंदिय-सुह-दुहइँ जित्थु ण मण-वावारु ।
सो अप्पा मुणि जीव तुहुँ अण्णु परिं अवहारु ।।

16. देहादेहहिँ जो वसइ भेयाभेय-णएण ।
सो अप्पा मुणि जीव तुहुँ किं अण्णें बहुएण ।।

17. जीवाजीव म एक्कु करि लक्खण भेएँ भेउ ।
जो परु सो परु भणमि मुणि अप्पा अप्पु अभेउ ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[9] जिस (आत्मा) के न क्रोध (है), न मोह (है) (और) (न) मद (है), जिस (आत्मा) के न माया (है) (और) न मान (है), जिस (आत्मा) के लिए (अनुभूति का) (कोई) (विशिष्ट) देश नहीं (है), (जिस) (आत्मा) (के लिए) (प्रयत्नरूप) ध्यान नहीं (है), वह ही आत्मा निष्कलंक (होता है)। (इस बात को) (तुम) जानो।

[10] जिस (अवस्था) में न पुण्य है (और) न पाप, जिस (अवस्था) में न हर्ष है (और) (न) शोक, जिस (अवस्था) में एक भी दोष नहीं है वह ही अवस्था निष्कलंक (होती है)।

[11] जिसके लिए (ध्यान के योग्य) (कोई) अवलम्बन नहीं है, (जिसके लिए) (प्राप्त करने योग्य) (कोई) उद्देश्य भी नहीं (है), जिसके लिए न यन्त्र (उपयोगी) (है) (और) न मन्त्र (उपयोगी) (है), जिसके लिए न ही आसन, (उपयोगी है) न (विशिष्ट) मुद्रा है वह अनन्त (शक्तिवाला) दिव्यात्मा (है) (ऐसा) (तुम) जानो।

[12] जो (निष्कलंक) चैतन्य (है), (उसका ज्ञान) आगमों द्वारा, (आगमों पर आधारित) ग्रन्थों द्वारा (तथा) इन्द्रियों द्वारा नहीं होता है। (तुम) निश्चय ही जानो (कि) जो अनादि परमात्मा (निष्कलंक चैतन्य) (है) वह निर्मल ध्यान का (ही) विषय (होता है)।

[13] जिस तरह का निर्मल (और) ज्ञानमय दिव्यात्मा मोक्ष (पूर्णता की अवस्था) में रहता है उस तरह का (ही) परमात्मा (दिव्यात्मा) (विभिन्न) देहों में रहता है। (तू) भेद मत कर।

[14] जिस (तत्व) के अनुभव किए गए होने के कारण पूर्व में किए गए कर्म शीघ्र नष्ट हो जाते हैं, वह परम (आत्मा) (है) (तू) समझ। हे योगी! (इसके) देह में बसते हुए (भी) (तू) (इसको) क्यों नहीं (देखता है)।

[15] जहाँ इन्द्रिय-सुख-दुख नहीं (हैं), जहाँ मन का व्यापार (भी) नहीं (है), वह (परम) आत्मा (है)। हे जीव! तू (इस बात को) समझ और दूसरी (बात) को पूरी तरह से छोड़ दे।

[16] भेद और अभेद दृष्टि से जो (क्रमशः) देह में और बिना देह के अपने में रहता है वह (परम) आत्मा (है)। हे जीव! (इस बात को) तू समझ। दूसरी बहुत (बात) से क्या (लाभ है)?

[17] (तू) जीव (आत्मा) और अजीव (अनात्मा) को एक मत कर। (इनमें) लक्षण के भेद से (पूर्ण) भेद (है)। हे मनुष्य! (तू) अभेद रूप (विकल्प-रहित) आत्मा को जान। जो (इससे) अन्य है, वह अन्य (ही) (है), (ऐसा) मैं कहता हूँ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

18. अमणु अणिदिउ णाणमउ मुत्ति-विरहिउ चिमित्तु ।
अप्पा इंदिय विसउ णवि लक्खणु एहु णिरुत्तु ।।

19. भव-तणु-भोय-विरत्त-मणु जो अप्पा झाएइ ।
तासु गुरुक्की वेल्लडी संसारिणि तुट्टेइ ।।

20. देहादेवलि जो वसई देउ अणाइ-अणंतु ।
केवल-णाण-फुरंत-तणु सो परमप्पु णिभंतु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[18] आत्मा मनरहित, इन्द्रिय (समूह से) रहित, मूर्ति-रहित (रूप, रस, गन्ध और स्पर्श-रहित), ज्ञानमय और चैतन्य स्वरूप (है), (यह) इन्द्रियों का विषय नहीं (है)। (आत्मा का) यह लक्षण बताया गया (है)।

[19] जो मन (व्यक्ति) संसार, शरीर और भोगों से उदासीन हुआ (परम) आत्मा का ध्यान करता है, उसकी घनी संसाररूपी (मानसिक तनावरूपी) बेल नष्ट हो जाती है।

[20] जो अनादि (है), अनन्त (है), (जो) देहरूपी मन्दिर में बसता है, (जिसके) केवलज्ञान से चमकता हुआ शरीर (है) वह दिव्य आत्मा (ही) परम आत्मा (है)। (यह)(बात) सन्देहरहित (है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-16

पाहुडदोहा

1. गुरु दिणयरु गुरु हिमकरणु गुरु दीवउ गुरु देउ ।
अप्पापरहं परंपरहं जो दरिसावइ भेउ ।।

2. अप्पायत्तउ जं जि सुहु तेण जि करि संतोसु ।
परसुहु वढ चिंततहं हियइ ण फिट्टइ सोसु ।।

3. आभुंजंता विसयसुह जे ण वि हियइ धरंति ।
ते सासयसुहु लहु लहहिं जिणवर एम भणंति ।।

4. ण वि भुंजंता विसय सुह हियडइ भाउ धरंति ।
सालिसित्थु जिम वप्पुडउ णर णरयहं णिवडंति ।।

5. आयई अडवड वडवडइ पर रंजिज्जइ लोउ ।
मणसुद्धइं णिच्चलठियइं पाविज्जइ परलोउ ।।

6. धंधइं पडियउ सयलु जगु कम्मइं करइ अयाणु ।
मोक्खहं कारणु एक्कु खणु ण वि चिंतइ अप्पाणु ।।

7. अण्णु म जाणहि अप्पणउ घरु परियणु तणु इट्ठु ।
कम्मायत्तउ कारिमउ आगमि जोइहिं सिट्ठु ।।

8. जं दुक्खु वि तं सुक्खु किउ जं सुहु तं पि य दुक्खु ।
पइं जिह मोहहिं वसि गयइं तेण ण पायउ मुक्खु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-16

पाहुडदोहा

[1] जो देव (समतावान व्यक्ति) (आत्मा के) स्वभाव और परभाव की परम्परा के भेद को समझाता है, वह महान् (होता है) (जिस प्रकार) (प्रकाश और अन्धकार की परम्परा के भेद को दिखानेवाला) सूर्य महान् (होता है), चन्द्रमा महान् (होता है) (तथा) दीपक (भी) महान् (होता है)।

[2] जो भी सुख स्वयं के अधीन (रहता है), (तू) उससे ही सन्तोष कर। हे मूर्ख ! दूसरों के (अधीन) सुख का विचार करते हुए (व्यक्तियों) के हृदय में कुम्हलान (होती है), (जो) (कभी) नहीं मिटती है।

[3] जो (इन्द्रिय-) विषयों (से उत्पन्न) सुखों को सब ओर से भोगते हुए (भी) (उनको) कभी (भी) हृदय में धारण नहीं करते हैं, वे (व्यक्ति) शीघ्र (ही) अविनाशी सुख को प्राप्त करते हैं, इस प्रकार जिनवर (समतावान व्यक्ति) कहते हैं।

[4] (जो) (व्यक्ति) (इन्द्रिय-) विषयों के सुखों को न भोगते हुए भी (उनके प्रति) आसक्ति को हृदय में रखते हैं, (वे) मनुष्य नरकों में गिरते हैं, जैसे बेचारा सालिसित्थ (नरक में) (पड़ा था)।

[5] (जो) (व्यक्ति) आपत्ति में अटपट बड़बड़ाता है (उससे) (तो) लोक (ही) खुश किया जाता है (और कोई लाभ नहीं होता है), किन्तु (आपत्ति में) मन के कषायरहित होने पर (और) अचलायमान और दृढ़ होने पर (यहाँ) पूज्यतम जीवन प्राप्त किया जाता है।

[6] धंधे में पड़ा हुआ सकल जगत ज्ञानरहित (होकर) (हिंसा आदि के) कर्मों को करता है, (किन्तु) मोक्ष (शान्ति) के कारण आत्मा को एक क्षण भी नहीं विचारता है।

[7] घर, नौकर-चाकर, शरीर (तथा) इच्छित वस्तु को अपनी मत जानो, (चूँकि) (वे) (सब) (आत्मा से) अन्य (हैं)। (वे) (सब) कर्मों के अधीन बनावटी (स्थिति) (है)। (ऐसा) योगियों द्वारा आगम में बताया गया है।

[8] हे जीव ! (तू) आसक्ति के कारण परतन्त्रता में डूबा है। (इस कारण से) जो दुःख (है) वह (तेरे द्वारा) सुख (ही) माना गया (है) और जो (वास्तविक) सुख (है) वह (तेरे द्वारा) दुःख ही (समझा गया है)। इसलिए तेरे द्वारा परम शान्ति प्राप्त नहीं की गई (है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. मोक्खु ण पावहि जीव तुहुं धणु परियणु चिंततु ।
तो इ विचिंतहि तउ जि तउ पावहि सुक्खु महंतु ।।

10. मूढा सयलु वि कारिमउ मं फुडु तुहुं तुस कंडि ।
सिवपइ णिम्मलि करहि रइ घरु परियण लहु छंडि ।।

11. विसयसुहा दुइ दिवहडा पुणु दुक्खहं परिवाडि ।
भुल्लउ जीव म वाहि तुहुं अप्पाखंधि कुहाडि ।।

12. उव्वलि चोप्पडि चिट्ठ करि देहि सुमिट्ठाहार ।
सयल वि देह णिरत्थ गय जिह दुज्जणउवयार ।।

13. अथिरेण थिरा मइलेण णिम्मला णिग्गुणेण गुणसारा ।
काएण जा विढप्पइ सा किरिया किण्ण कायव्वा ।।

14. अप्पा बुज्झिउ णिच्चु जइ केवलणाणसहाउ ।
ता पर किज्जइ काइं वढ तणु उप्परि अणुराउ ।।

15. जसु मणि णाणु ण विप्फुरइ कम्महं हेउ करंतु ।
सो मुणि पावइ सुक्खु ण वि सयलइं सत्थ मुणंतु ।।

16. बोहिविवज्जिउ जीव तुहुं विवरिउ तच्चु मुणेहि ।
कम्मविणिम्मिय भावडा ते अप्पाण भणेहि ।।

17. ण वि तुहुं पंडिउ मुक्खु ण वि ण वि ईसरु ण वि णीसु ।
ण वि गुरु कोइ वि सीसु ण वि सव्वइं कम्मविसेसु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[9] हे जीव ! तू धन (और) नौकर-चाकर को मन में रखते हुए शान्ति नहीं पायेगा । आश्चर्य ! तो भी (तू) उनको-उनको ही मन में लाता है (और) (उनसे) विपुल सुख (व्यर्थ में) (ही) पकड़ता है ।

[10] हे मूढ़! (यह) सब (संसारी वस्तु-समूह) ही बनावटी (है) । (इसलिए) तू (इस) स्पष्ट (वस्तुरूपी) भूसे को मत कूट (अर्थात् तू इसमें समय मत गवाँ) घर (और) नौकर-चाकर को शीघ्र छोड़कर तू निर्मल शिवपद (परम शान्ति) में अनुराग कर ।

[11] (इन्द्रिय-) विषय-सुख दो दिन के (हैं), और फिर दुःखों का क्रम (शुरू हो जाता है) । हे (आत्म-स्वभाव को) भूले हुए जीव ! तू अपने कंधे पर कुल्हाड़ी मत चला ।

[12] (तू) (चाहे) (शरीर का) उपलेपन कर, (चाहे) घी, तेल आदि लगा, (चाहे), सुमधुर आहार (उसको) खिला, (और) (चाहे) (उसके लिए) (और भी) (नाना प्रकार की) चेष्टाएँ कर, (किन्तु) देह के लिए (किया गया) सब कुछ ही व्यर्थ हुआ (है), जिस प्रकार दुर्जन के प्रति (किया गया) उपकार (व्यर्थ होता है) ।

[13] अस्थिर, मलिन और गुणरहित शरीर से जो स्थिर, निर्मल और गुणों (की प्राप्ति) के लिए श्रेष्ठ (स्व-पर उपकारक) क्रिया उदय होती है, वह क्यों नहीं की जानी चाहिए ?

[14] यदि आत्मा नित्य और केवलज्ञान स्वभाववाली समझी गई (है), तो हे मूर्ख ! (इस आत्मा से) भिन्न शरीर के ऊपर आसक्ति क्यों की जाती है ?

[15] जिस (मुनि) के हृदय में (आध्यात्मिक) ज्ञान नहीं फूटता है, वह मुनि सभी शास्त्रों को जानते हुए भी सुख नहीं पाता है (और) विभिन्न कर्मों (मानसिक तनावों) के कारणों को करता हुआ ही (जीता है) ।

[16] आध्यात्मिक ज्ञान (से रहित) के बिना हे जीव ! तू (आत्म-) तत्व को असत्य मानता है । (तथा) कर्मों से रचित उन (शुभ-अशुभ) चित्तवृत्तियों को (तू) स्वयं की (चित्तवृत्ति) समझता है ।

[17] (हे मनुष्य) ! न ही तू पंडित (है), न ही (तू) मूर्ख (है), न ही (तू) धनी (है), न ही (तू) निर्धन (है), न ही (तू) गुरु (है) । कोई शिष्य (भी) नहीं (है) । (ये) सभी (बातें) कर्मों की विशेषता (है) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

18. ण वि तुहुं कारणु कज्जु ण वि ण वि सामिउ ण वि भिच्चु ।
सूरउ कायरु जीव ण वि ण वि उत्तमु ण वि णिच्चु ।।

19. पुण्णु वि पाउ वि कालु णहु धम्मु अहम्मु ण काउ ।
एक्कु वि जीव ण होहि तुहुं मिल्लिवि चेयणभाउ ।।

20. ण वि गोरउ ण वि सामलउ ण वि तुहुं एक्कु वि वण्णु ।
ण वि तणुअंगउ थूलु ण वि एहउ जाणि सवण्णु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[18] हे मनुष्य ! न ही तू कारण (है), न ही (तू) कार्य (है), न ही (तू) स्वामी (है), न ही (तू) नौकर (है), न ही (तू) शूरवीर (है), (न ही) (तू) कायर (है), न ही (तू) उच्च (है) और न ही (तू) नीच (है)।

[19] हे मनुष्य ! तू पुण्य, पाप और मृत्यु नहीं (है)। (तू) धर्म, अधर्म और शरीर नहीं (है)। (वास्तव में) (तू) ज्ञानात्मक स्वरूप को छोड़कर कुछ भी नहीं है।

[20] (हे मनुष्य) ! (तू) न गोरा (है), न काला (है)। इस प्रकार (तेरा) कोई भी वर्ण नहीं है। (तू) न ही दुर्बल अंगवाला (है) और न ही स्थूल (शरीरवाला) है। (अतः) तू स्ववर्ण (स्व-रूप) को समझ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-17

सावयधम्मदोहा

1. दुज्जणु सुहियउ होउ जगि सुयणु पयासिउ जेण ।
अमिउ विसें वासरु तमिण जिम मरगउ कच्चेण ।।

2. जिह समिलहिं सायरगयहिं दुल्लहु जूयहु रंधु ।
तिह जीवहं भवजलगयहं मणुयत्तणि संबंधु ।।

3. मणवयकायहिं दय करहि जेम ण ढुक्कइ पाउ ।
उरि सण्णाहें बद्धइण अवसि ण लग्गइ घाउ ।।

4. पसुधणधण्णइं खेत्तियइं करि परिमाणपवित्ति ।
बलियइं बहुयइं बंधणइं दुक्करु तोडहुं जंति ।।

5. भोगहं करहि पमाणु जिय इंदिय म करि सदप्प ।
हुंति ण भल्ला पोसिया दुद्धें काला सप्प ।।

6. दाणु कुपत्तहं दोसडइ बोल्लिज्जइ ण हु भंति ।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं दीसइ उत्तारंति ।।

7. जइ गिहत्थु दाणेण विणु जगि पभणिज्जइ कोइ ।
ता गिहत्थु पंखि वि हवइ जें घरु ताह वि होइ ।।

8. काइं बहुत्तइं संपयइं जइ किविणहं घरि होइ ।
उवहिणीरु खारें भरिउ पाणिउ पियइ ण कोइ ।।

9. पत्तहं दिण्णउ थोवडउ रे जिय होइ बहुत्तु ।
वडह बीउ धरणिहिं पडिउ वित्थरु लेइ महंतु ।।

10. काइं बहुत्तइं जंपियइं जं अप्पहु पडिकूलु ।
काइं मि परहु ण तं करहि एहु जि धम्महु मूलु ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-17

सावयधम्मदोहा

[1] (वह) दुर्जन जग में सुखी होवे जिसके द्वारा सज्जन विख्यात किया गया (है), जिस प्रकार अमृत विष के द्वारा, दिन अन्धकार के द्वारा (और) मरकत मणि (पन्ना) काँच से (विख्यात किया गया है)।

[2] जिस प्रकार सागर में लुप्त समिला (लकड़ी की खील) के लिए जुँवे का छिद्र दुर्लभ है, उसी प्रकार संसाररूपी पानी (सागर) में पड़े हुए जीवों के लिए मनुष्यत्व से सम्बन्ध (दुर्लभ) (है)।

[3] मन-वचन-काय से दया करो जिससे पाप प्रवेश न करे, छाती में बँधे हुए कवच के कारण निश्चय ही घाव नहीं लगता है।

[4] पशु, धन, धान्य (और) खेत में परिमाण से प्रवृत्ति कर। (ठीक ही है) बहुत गाढ़े बन्धन तोड़ने के लिए कठिन होते हैं।

[5] हे मनुष्य! भोगों का परिमाण कर। इन्द्रियों को दम्भी मत बना। काले सर्प (यदि) दूध से पाले गये (हैं) (तो भी) अच्छे नहीं होते हैं।

[6] कुपात्रों के लिए दान दूषण (ही) कहा जाता है। (इसमें) निश्चय ही भ्रांति नहीं (है)। प थर की नाव पत्थर को पार पहुँचाती हुई (क्या) कहीं देखी गई है?

[7] यदि दान के बिना जगत में कोई गृहस्थ कहा जाता है, तो पक्षी भी गृहस्थ हो जावेगा, चूँकि घर उसके भी होता है।

[8] (उस) बहुत सम्पदा से क्या (लाभ है) जो कृपणों के घर में होती है? समुद्र का जल खार से भरा हुआ (रहता है) (इसलिए) (उस) पानी को कोई नहीं पीता है।

[9] हे मनुष्य! पात्रों के लिए थोड़ा (कुछ) दिया हुआ (भी) बहुत होता है। पृथ्वी पर पड़ा हुआ वट का (छोटा सा) बीज बड़ा विस्तार ले लेता है।

[10] बहुत कहे गये से क्या (लाभ)? जो अपने लिए प्रतिकूल (है) उसको कैसे भी (किसी भी तरह) दूसरों के लिए मत करो। यह ही धर्म का मूल है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

11. धम्मु विसुद्धउ तं जि पर जं किज्जइ काएण ।
अहवा तं धणु उज्जलउ जं आवइ णाएण ।।

12. अवरु वि जं जहिं उवयरइ तं उवयारहि तित्थु ।
लइ जिय जीवियलाहडउ देहु म लेहु णिरत्थु ।।

13. एक्कहिं इंदियमोक्कलउ पावइ दुक्खसयाइं ।
जसु पुणु पंच वि मोक्कला तसु पुच्छिज्जइ काइं ।।

14. जइ इच्छहि संतोसु करि जिय सोक्खहं विउलाहं ।
अह वा णंदु ण को करइ रवि मेल्लिवि कमलाहं ।।

15. मणुयत्तणु दुल्लहु लहिवि भोयहं पेरिउ जेण ।
इंधणकज्जें कप्पयरु मूलहो खंडिउ तेण ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[11] वह ही धर्म शुद्ध (है) जो पूरी तरह (स्व) काया से (अपने आप से) किया जाता है। (और) वह (ही) धन उज्ज्वल (है) जो न्याय से आता है।

[12] और भी जो (मनुष्य) जहाँ (जैसा) उपकार कर सकता है वह वहाँ (वैसा) उपकार करे। हे मनुष्य ! (तू) जीवन के लाभ को ग्रहण करके देह को निरर्थक मत बना।

[13] अनियन्त्रित इन्द्रिय (जब) एक (विषय) में (ही लीन होती है) तो (व्यक्ति) सैकड़ों दुःखों को प्राप्त करता है। फिर जिसकी पाँचों (ही इन्द्रियाँ) स्वच्छन्द हैं, उस (व्यक्ति) का क्या पूछा जाए ?

[14] हे मनुष्य ! यदि (तू) विपुल सुखों को चाहता है, (तो) सन्तोष कर। सूर्य को छोड़कर उन कमलों के लिए और कौन हर्ष (प्रदान) करता है ?

[15] दुर्लभ मनुष्य-जन्म को पाकर जिसके द्वारा (वह) भोगों के लिए लगा दिया गया (है) उसके द्वारा ईंधन के प्रयोजन से कल्पतरु मूल से काटा गया (है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्याकरणिक विश्लेषण
एवं
शब्दार्थ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेत-सूची

अक —अकर्मक क्रिया

अनि —अनियमित

आज्ञा —आज्ञा

कर्म —कर्मवाच्य

क्रिविअ —क्रिया विशेषण अव्यय

प्रे —प्रेरणार्थक क्रिया

भवि —भविष्यत्काल

भाव —भाववाच्य

भूकृ —भूतकालिक कृदन्त

व —वर्तमानकाल

वकृ —वर्तमान कृदन्त

वि —विशेषण

विधि — विधि

विधिकृ —विधिकृदन्त

स —सर्वनाम

संकृ —सम्बन्धक कृदन्त

सक —सकर्मक क्रिया

सवि —सर्वनाम विशेषण

स्त्री —स्त्रीलिंग

हेकृ —हेत्वर्थक कृदन्त

- ( ) —इस प्रकार के कोष्ठक में मूल शब्द रखा गया है।
- [( )+( )+( )...] इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर + चिह्न शब्दों में संधि का द्योतक है। यहाँ अन्दर के कोष्ठकों में मूल शब्द ही रखे गए हैं।
- [( )—( ) ( )....] इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर '—' चिह्न समास का द्योतक है।
- [[( )—( )-( )] वि] जहाँ समस्तपद विशेषण का कार्य करता है वहाँ इस प्रकार के कोष्ठक का प्रयोग किया गया है।
- जहाँ कोष्ठक के बाहर केवल संख्या (जैसे 1/1, 2/1....आदि) ही लिखी है वहाँ उस कोष्ठक के अन्दर का शब्द **'संज्ञा'** है।
- जहां कर्मवाच्य, कृदन्त आदि अपभ्रंश के नियमानुसार नहीं बने हैं वहां कोष्ठक के बाहर **अनि'** भी लिखा गया है।

1/1 **अक या सक** —उत्तम पुरुष/एकवचन

1/2 **अक या सक**—उत्तम पुरुष/बहुवचन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2/1 अक या सक—मध्यम पुरुष/एकवचन
2/2 अक या सक—मध्यम पुरुष/बहुवचन
3/1 अक या सक—अन्य पुरुष/एकवचन
3/2 अक या सक—अन्य पुरुष/बहुवचन
1/1—प्रथमा/एकवचन
1/2—प्रथमा/बहुवचन
2/1—द्वितीया/एकवचन
2/2 – द्वितीया/बहुवचन
3/1—तृतीया/एकवचन
3/2—तृतीया/बहुवचन

4/1—चतुर्थी/एकवचन
4/2—चतुर्थी/बहुवचन
5/1—पंचमी/एकवचन
5/2—पंचमी/बहुवचन
6/1—षष्ठी/एकवचन
6/2—षष्ठी/बहुवचन
7/1—सप्तमी/एकवचन
7/2—सप्तमी/बहुवचन
8/1—संबोधन/एकवचन
8/2—संबोधन/बहुवचन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ

पाठ–1

पउमचरिउ

सन्धि–22

	कोसलणन्दणेण	[(कोसल)–(णन्दण) 3/1]	कोशलनगर के (राज-) पुत्र द्वारा
	स-कलत्तें	[(स) वि–(कलत्त) 3/1]	पत्नी सहित
	णिय-घरु	[(णिय) वि–(घर) 1/1]	अपने घर
	आएं	(आअ) भूकृ 3/1 अनि	पहुँचे हुए (के द्वारा)
	आसाढट्ठमिहिँ	[(आसाढ) + (अट्ठमिहिँ)] [(आसाढ)–(अट्ठमी) 7/1]	अषाढ की अष्टमी के दिन
	किउ	(किअ) भूकृ 1/1 अनि	किया गया
	ण्हवणु	(ण्हवण) 1/1	अभिषेक
	जिणिन्दहो	(जिणिन्द) 6/1	जिनेन्द्र का
	राएं	(राअ) 3/1	राजा के द्वारा

22.1

1.	सुर-समर-सहासेंहि	[(सुर)–(समर)–(सहास[1]) 3/2]	देवताओं के साथ हजारों युद्धों में
	दुम्महेण	(दुम्मह) 3/1 वि	कठिनाई से मारे जानेवाले
	किउ	(किअ) भूकृ 1/1 अनि	किया गया
	ण्हवणु	(ण्हवण) 1/1	अभिषेक
	जिणिन्दहो	(जिणिन्द) 6/1	जिनेन्द्र का
	दसरहेण	(दसरह) 3/1	दशरथ के द्वारा
2.	पट्ठवियइँ	(पट्ठव) भूकृ 1/2	भेजा गया
	जिण-तणु-धोवयाइँ	[(जिण)–(तणु)–(धोवय) 1/2 वि]	जिनेश्वर के तन को धोनेवाला
	देविहिँ[2]	(देवी) 4/2	देवियों के लिए
	दिव्वइँ	(दिव्व) 1/2 वि	दिव्य
	गन्धोदयाइँ	(गन्धोदय) 1/2	गन्धोदक
3.	सुप्पहहे	(सुप्पहा) 6/1	सुप्रभा के
	णवर	अव्यय	केवल

---

1. कभी-कभी सप्तमी के स्थान पर तृतीया विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है (हेम प्राकृत व्याकरण 3–137)।
2. श्रीवास्तव, अपभ्रंश भाषा का अध्ययन, पृष्ठ 151।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	कञ्चुइ	(कञ्चुइ) 1/1	कञ्चुकी
	ण	अव्यय	नहीं
	पत्तु	(पत्त) भूकृ 1/1 अनि	पहुँचा
	पहु	(पहु) 1/1	स्वामी (राजा)
	पभणइ	(पभण) व 3/1 सक	कहता है
	रहसुच्छलिय-गत्तु	[(रहस)+(उच्छलिय)+(गत्तु)] [[(रहस)–(उच्छल→उच्छलिय) भूकृ–(गत्त) 1/1]वि]	हर्ष से पुलकित शरीरवाले
4.	कहे	(कह) विधि 2/1 सक	कहो
	काइँ	अव्यय	क्यों
	णियम्बिणि	(णियम्बिणी) 8/1	हे स्त्री
	मणे	(मण) 7/1	मन में
	विसण्ण	(विसण्ण→(स्त्री)विसण्णा) भूकृ 1/1 अनि	दुःखी
	चिर-चित्तिय	[(चिर)वि–(चित्तिय) भूकृ 1/1 अनि]	पुरानी चित्रित
	भित्ति	(भित्ति) 1/1	भीत
	व	अव्यय	की तरह
	थिय	(थिय→(स्त्री)थिया)भूकृ 1/1 अनि	स्थिर
	विवण्ण	(विवण्ण→(स्त्री)विवण्णा) 1/1 वि	निस्तेज
5.	पणवेप्पिणु	(पणव) संकृ	प्रणाम करके
	वुच्चइ	(वुच्चइ) व कर्म 3/1 सक अनि	कहा जाता है
	सुप्पहाए	(सुप्पहा) 3/1	सुप्रभा के द्वारा
	किर	(अव्यय) सम्बोधनार्थक	हे प्रभु
	काइँ	(काइँ) 1/1 सवि	क्या
	महु	(अम्ह) 6/1 स	मेरे
	तणियए	(तणिया) 3/1 वि	सम्बन्धार्थक परसर्ग विशेषण
	कहाए	(कहा) 3/1	चर्चा से
6.	जइ	अव्यय	यदि
	हउँ	(अम्ह) 1/1 स	मैं
	जे	अव्यय	भी
	पाणवल्लहिय	[(पाण)+(वल्लहा)+(इय)] [(पाण)–(वल्लहा) 1/1]	प्राणों से प्यारी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	इव = अव्यय	इस प्रकार
देव	(देव) 8/1	हे देव
तो	अव्यय	तो
गन्ध-सलिलु	[(गन्ध)-(सलिल) 2/1]	गन्धोदक
पावइ	(पाव) व 3/1 सक	पाती है
ण	अव्यय	नहीं
केम	अव्यय	क्यों

7.	तहिं	(त) 7/1 सवि	उसी
	अवसरे	(अवसर) 7/1	समय पर
	कञ्चुइ	(कञ्चुइ) 1/1	कञ्चुकी
	ढुक्कु	(ढुक्क) भूकृ 1/1 अनि	पहुँचा
	पासु	(पास) 2/1	पास
	छण-ससि	[(छण)-(ससि) 1/1]	शरद की पूर्णिमा के चन्द्रमा
	व	अव्यय	की तरह
	णिरन्तर-धवलियासु	[(णिरन्तर)+(धवलिय)+(आसु)] [[(णिरन्तर) वि-(धवलिय) भूकृ - (आस) 1/1] वि]	निरन्तर सफेद किया गया मुख

8.	गय-दन्तु	[[(गय) भूकृ अनि - (दन्त) 1/1] वि]	दन्त (-समूह) टूट गया
	अयंगमु	(अयंगम) 1/1 वि	जड़
	दंड-पाणि	[[(दंड)-(पाणि) 1/1] वि]	हाथ में लकड़ी (वाला)
	अणियच्छिय-पहु	[[(अणियच्छिय) भूकृ - (पहु) 1/1] वि]	न देखा गया (अदृष्ट)-पथ
	पक्खलिय-वाणि	[[(पक्खलिय) भूकृ - (वाणी) 1/1] वि]	लड़खड़ाती हुई वाणी (वाला)

9.	गरहिउ	(गरह) भूकृ 1/1	निन्दा किया गया
	दसरहेण	(दसरह) 3/1	दशरथ के द्वारा
	पइँ	(तुम्ह) 3/1 स	तुम्हारे द्वारा
	कञ्चुइ	(कञ्चुइ) 8/1	हे कञ्चुकी
	काइँ	अव्यय	क्यों
	चिराविउ	(चिराव) भूकृ 1/1	देर की गयी
	जलु	(जल) 1/1	गन्धोदक
	जिण-वयणु	[(जिण)-(वयण) 1/1]	जिन-वचन
	जिह	अव्यय	के सदृश

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

सुप्पहहे[1]	(सुप्पहा) 6/1	सुप्रभा के द्वारा
दवत्ति	अव्यय	शीघ्र
ण	अव्यय	नहीं
पाविउ	(पाव) भूकृ 1/1	पाया गया

22.2

1.	पणवेप्पिणु	(पणव) संकृ	प्रणाम करके
	तेएा	(त) 3/1 स	उसके द्वारा
	वि	अव्यय	भी
	वुत्तु	(वुत्त) भूकृ 1/1 अनि	कहा गया
	एम	अव्यय	इस प्रकार
	गय	(गय) भूकृ 1/2 अनि	चले गए
	दियहा	(दियह) 1/2	दिन
	जोव्वणु	(जोव्वण) 1/1	यौवन
	ल्हसिउ	(ल्हस) भूकृ 1/1	खिसक गया
	देव	(देव) 8/1	हे देव
2.	पढमाउसु	[(पढम)+(आउसु)] [(पढम) वि-(आउस) 2/1]	प्रारम्भिक आयु को
	जर	(जरा) 1/1	बुढ़ापा
	धवलन्ति	(धवल→धवलन्त→(स्त्री)धवलन्ती) वकृ 1/1	सफेद करता हुआ
	आय	(आय) भूकृ 1/1 अनि	आ गया
	पुणु	अव्यय	और
	असइ	(असइ) 1/1	कुलटा
	व	अव्यय	की तरह
1. **सुदंसणचरिउ**—मुनि नयनन्दि, सम्पादक–अनुवादक–डॉ. हीरालाल जैन, प्रकाशक प्राकृत, जैन-शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान वैशाली, बिहार।

2. **जैनविद्या–7**—नयनन्दि विशेषांक, अक्टूबर 1987, प्रकाशक जैनविद्या संस्थान श्रीमहावीरजी, दिगम्बर जैन नसियां भट्टारकजी, सवाई रामसिंह रोड, जयपुर–4।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कवि कनकामर

अपभ्रंश वाङ्मय के प्रतिनिधि कवियों की शृंखला में एक नाम मुनि कनकामर का भी आता है।

कनकामर का जन्म ब्राह्मणवंश के चन्द्रऋषि गोत्रीय परिवार में हुआ था। जैनधर्म से प्रभावित होकर इन्होंने जैनधर्म स्वीकार किया और बाद में दिगम्बर मुनि-दीक्षा धारण की। इनका बाल्यावस्था का नाम अज्ञात है। मुनि दीक्षा के बाद ये 'मुनि कनकामर' के नाम से जाने गये, इसी नाम से ये ज्ञात और विख्यात हैं।

इनका स्थितिकाल ईसा की ग्यारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध है। कनकामर ने अपभ्रंश भाषा में एक खण्डकाव्य 'करकण्डचरिउ' की रचना की। ग्रन्थ की रचना 'आसाइय' नगरी में की गई। पं मंगलदेव इनके गुरु थे।

मुनि कनकामर अपभ्रंश के अतिरिक्त कई भाषाओं के विद्वान थे।

करकण्डचरिउ—यह कवि की एकमात्र रचना है। कथा का प्रमुख पात्र 'करकण्डु' है, समूचे काव्य में इसी के चरित्र का विशद वर्णन है।

'करकण्डु' की कथा जैन-साहित्य में तो प्रसिद्ध है ही, बौद्ध-साहित्य में भी इसका पर्याप्त वर्णन है। दोनों ही परम्पराओं/धर्मों/साहित्यों में 'करकण्डु' को 'प्रत्येकबुद्ध'[1] माना गया है।

'करकण्डचरिउ' 10 सन्धियों का काव्य है। इसमें श्रुतपंचमी के फल तथा पंच-कल्याणक विधि का वर्णन है। 'करकण्डचरिउ' का अपभ्रंश-काव्य परम्परा में एक विशिष्ट स्थान है। यह रचना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अन्य विशेषताओं के साथ इसमें दसवीं शताब्दी के जैनधर्म और संस्कृति के स्वरूप का तथा मन्दिरों के शिल्प का अंकन है।

'करकण्डचरिउ' अपभ्रंश साहित्य की वीर-शृंगार और शान्त रसयुक्त एक अनूठी रचना है।

---

1. जो केवलज्ञान प्राप्तकर बिना धर्मोपदेश दिये ही मोक्ष चले जाते हैं उन्हें प्रत्येकबुद्ध कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष अध्ययन के लिए सहायक ग्रन्थ—

1. **करकण्डचरिउ**—मुनि कनकामर, सम्पा.–अनु.–डॉ. हीरालाल जैन, प्रकाशक–भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन ।

2. **जैनविद्या–8**—कनकामर विशेषांक, मार्च 1988, प्रकाशक–जैनविद्या संस्थान श्रीमहावीरजी, दिगम्बर जैन नसियां भट्टारकजी, सवाई रामसिंह रोड, जयपुर–4 ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाकवि जोइन्दु

जोइन्दु (योगीन्दु) अपभ्रंश भाषा के एक सशक्त आध्यात्मिक कवि हैं। अपभ्रंश वाङ्मय के रहस्यवाद-निरूपण में कवि जोइन्दु का नाम सर्वोपरि है। इन्होंने अपभ्रंश साहित्य में अध्यात्म-क्षेत्र को नया आयाम दिया है।

जोइन्दु जैनधर्म के दिगम्बर आम्नाय के आचार्य थे और उच्चकोटि के आत्मिक रहस्यवादी साधक थे।

अध्यात्मवेत्ता जोइन्दु के जीवन के सन्दर्भ में कोई वर्णन नहीं मिलता। जोइन्दु के काल-निर्धारण के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतभेद है। कोई उन्हें 7वीं शताब्दी का, कोई 8वीं का और कोई 10वीं या 11वीं शती का मानते हैं। परन्तु अधिकांश इतिहासकारों का मत है कि जोइन्दु विक्रम सम्वत् 700 के आस-पास हुए हैं।

जोइन्दु के नाम पर निम्नलिखित रचनाओं का उल्लेख मिलता है—

1. परमात्मप्रकाश
2. योगसार
3. नौकारश्रावकाचार
4. अध्यात्मसन्दोह
5. सुभाषितम्
6. तत्वार्थ टीका
7. दोहापाहुड
8. अमृताशीति
9. निजात्माष्टक

परन्तु इनमें से प्रारम्भ की दो ही रचनाएं निर्भ्रान्तिरूप से जोइन्दु की मानी जाती हैं।

परमात्मप्रकाश—यह जैनदर्शन पर आधारित अध्यात्म का एक अनूठा ग्रन्थ है। जोइन्दु ने इस मुक्तक काव्य की रचना अपने शिष्य भट्ट प्रभाकर के कुछ प्रश्नों का उत्तर देने के लिए की। और आत्मा को परमात्मा बनने का मार्ग प्रकाशित किया। इस ग्रन्थ में आत्मा का बहिरात्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा इन त्रिविधरूप वर्णन किया गया है।

परमात्मप्रकाश अपभ्रंश के मुक्तक काव्यों में शिखरस्थ है।

योगसार—जोइन्दु की दूसरी रचना है। यह भी पूर्णत: आध्यात्मिक है। यह ग्रन्थ 'परमात्म-प्रकाश' के विचारों का अनुवर्तन है। योगसार में अध्यात्म की गूढ़ता को बड़ी सरलता से व्यंजित किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस ग्रन्थ की रचना संसार से भयभीत मुमुक्षुओं को संबोधने के लिए की गई है। 'योगसार' का योग मुक्ति का उपाय है। यह स्व को स्व के द्वारा स्व से जोड़ने की प्रक्रिया का वर्णन करता है।

दोनों रचनाएं अपभ्रंश के विशिष्ट छन्द 'दोहा' में रचित हैं। जोइन्दु के अधिकांश वर्णन साम्प्रदायिकता से अलिप्त हैं इसलिए उनकी पदावली व काव्यशैली सहज-सामान्य है, प्रिय है, लोक-प्रचलित है। उन्होंने अपने दोहों में लोकोक्तियों और मुहावरों का भी प्रयोग किया है इससे आध्यात्मिक तत्व भी सर्वजन बोध्य हो गये हैं। उनकी रहस्यमयी रचनाओं का प्रभाव परवर्ती अपभ्रंश कवियों पर ही नहीं अपितु हिन्दी के सन्तकवियों पर भी प्रचुरता से पड़ा है।

विशेष अध्ययन के लिए सहायक ग्रन्थ—

1. **परमात्मप्रकाश और योगसार**—श्रीमद् योगीन्दु, प्रकाशक–श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल, श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास (गुजरात)।

2. **परमात्मप्रकाश और योगसार चयनिका**—सम्पादक– डॉ. कमलचन्द सोगाणी, प्रकाशक–प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर–3।

3. **जैनविद्या-9**—योगीन्दु विशेषांक, नवम्बर 1988, प्रकाशक-जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी, जयपुर–4।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि रामसिंह

रामसिंह जैन मुनि थे और जैन आध्यात्मिक रहस्यवादी धारा के प्रमुख कवि ।

इनके सम्बन्ध में अधिक जानकारी नहीं मिलती । अनुमानतः ये पश्चिम प्रदेश के निवासी थे । पण्डित राहुल सांकृत्यायन इन्हें राजस्थान का बताते हैं । क्योंकि इनके उदाहरण एवं उपमाएं राजस्थानी रंग में रंगे हुए हैं। इनके दोहों में प्रयुक्त शब्द योग एवं तांत्रिक ग्रन्थों का स्मरण दिलाते हैं जिनके पीठ राजस्थान में सबसे अधिक हैं । इससे भी यह अनुमान दृढ़ होता है कि ये राजस्थान के थे ।

डॉ. हीरालाल जैन इनका समय 10वीं शताब्दी मानते हैं ।

पाहुडदोहा— पाहुडदोहा मुनि रामसिंह की एकमात्र कृति है । पाहुड का अर्थ उपहार, अधिकार, श्रुतदान आदि होते हैं । यहां यह 'उपहार' के विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त है । पाहुडदोहा जैन मुनियों की आत्मानुभूति, परमात्म-संदेश का सरल भाषा तथा दोहा छन्द में मानव जीवन के लिए 'उपहार' स्वरूप है । 'पाहुडदोहा' आत्मानुभूतियों का संग्रह है, उसी का उपहार है, भेंट है ।

इस ग्रन्थ में गुरु की महत्ता स्वीकार्य है किन्तु अधिक महत्व आत्मानुभूति को ही दिया गया है, उसके सामने केवल शब्दज्ञान को व्यर्थ बताया गया है ।

मुनि रामसिंह उदारमना चिन्तक हैं जो सम्प्रदाय और समाज की रूढ़ियों का विरोध करते हुए मानवता की सामान्य भूमि पर खड़े हैं। ये साम्प्रदायिकता व संकीर्णताओं के विरोधी हैं । इन्होंने उस जनसाधारण के लिए ज्ञान के सहज द्वार खोले हैं जिसे पढ़ने-लिखने की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकती थी ।

मुनिश्री की भाषा सरल, सहज और पैनी है । तथ्य और उसकी अभिव्यक्ति दोनों ही असरदार है । ऐसी संक्षिप्त एवं भावपूर्ण, सटीक अभिव्यक्ति पूरे अपभ्रंश साहित्य में कम ही देखने को मिलती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष अध्ययन के लिए सहायक ग्रन्थ—

1. **पाहुडदोहा**—मुनि रामसिंह, सम्पा.-हीरालाल जैन, प्रकाशक-कारंजा जैन पब्लिकेशन सोसायटी, कारंजा (बरार)।

2. **पाहुडदोहा चयनिका**—सम्पा.-डॉ. कमलचन्द सोगाणी, प्रकाशक-अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर-4।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य हेमचन्द्र सूरि

हेमचन्द्र सूरि साहित्यजगत् के एक यशस्वी विद्वान थे, अगाध पाण्डित्य के धनी थे और अपभ्रंश, प्राकृत, संस्कृत आदि भाषाओं के प्रकाण्ड विद्वान, इसीलिए इन्हें 'कलिकाल सर्वज्ञ' कहा जाता है।

हेमचन्द्र सूरि का जन्म गुजरात के धक्कलपुर/धन्धूका ग्राम में मोढ़ वैश्य जैन परिवार में ई. सन् 1088 में हुआ था। इनके पिता का नाम चाचिग तथा माता का नाम पाहिणी था। इनके बचपन का नाम चंगदेव था। ई. सन् 1109 में अन्हिलवाड जैन मठ की गुरु-गद्दी पर आसीन होने के बाद ये 'आचार्य-सूरि' पद से विभूषित हुए और 'आचार्य हेमचन्द्र सूरि' कहलाने लगे। यही मठ इनके साहित्य-सृजन का प्रधान केन्द्र था।

हेमचन्द्र सूरि को कई राजाओं का आश्रय प्राप्त था किन्तु प्रधान संरक्षण चालुक्यराज जयसिंह सिद्धराज व कुमारपाल का रहा। कुमारपाल ने तो हेमचन्द्र के प्रभाव से जैनधर्म स्वीकार लिया था।

आचार्य हेमचन्द्र की अनेक रचनाएं हैं जिनमें अभिधानचिन्तामणि, योगशास्त्र, छन्दोऽनुशासन, देशीनाममाला, द्वयाश्रय काव्य, त्रिषष्ठिशलाका पुरुष और शब्दानुशासन प्रमुख हैं। शब्दानुशासन ग्रन्थ सिद्धराज जयसिंह को समर्पित किया था इसलिए यह ग्रन्थ 'सिद्धहेम शब्दानुशासन' के नाम से जाना जाता है।

आचार्य हेमचन्द्र अपने युग के प्रधान पुरुष थे जिनकी सर्वतोमुखी प्रतिभा ने अपभ्रंश साहित्य को स्थायित्व प्रदान किया। इन्होंने 'शब्दानुशासन' व 'छन्दोऽनुशासन' में अनेक अपभ्रंश दोहे उद्धृत किये हैं जो संयोग, वियोग, वीर, उत्साह, हास्य, नीति, अन्योक्ति आदि से सम्बद्ध हैं। इन दोहों का साहित्यिक सौन्दर्य सम्पूर्ण अपभ्रंश साहित्य में सबसे अलग है।

व्याकरण के क्षेत्र में भी इनकी मौलिकता के दर्शन होते हैं। इन्होंने अन्य वैयाकरणों की भांति पाणिनी व्याकरण के लोकोपयोगी अंशों की व्याख्या/टीका करके ही संतोष नहीं किया बल्कि अपने समय तक की भाषाओं के व्याकरण बनाये और देशी भाषा और शब्दों को आगे बढ़ाया।

अपनी तलस्पर्शी प्रतिभा और अपभ्रंश के संचयन-संरक्षण के लिए हेमचन्द्र साहित्य-जगत् में सदैव अविस्मरणीय हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य देवसेन

दिगम्बर जैन ग्रन्थकारों में आचार्य देवसेन एक सुप्रसिद्ध नाम है । आचार्यश्री ने अपभ्रंश, प्राकृत, संस्कृत तीनों भाषाओं में ग्रन्थ-रचना की है । इनके प्रकाशित ग्रन्थों में दर्शन-सार, आराधनासार, तत्वसार, नयचक्र, भावसंग्रह प्राकृत भाषा की और आलापपद्धति संस्कृत भाषा की प्रमुख रचनाएं हैं ।

इनके ग्रन्थों के विषय, भाव व भाषा आदि के साम्य के आधार पर विद्वानों का मत है कि अपभ्रंश भाषा के मुक्तक काव्य 'सावयधम्म दोहा' के रचयिता 'आचार्य देवसेन' ही हैं । इनके 'भावसंग्रह' में भी पाँच पद्य अपभ्रंश भाषा के रड्डा छन्द में पाये जाते हैं, शेष भाग में भी अपभ्रंश भाषा का प्रभाव अधिक दिखता है ।

आचार्य देवसेन का समय 10वीं शताब्दी माना गया है ।

सावयधम्मदोहा—इस ग्रन्थ की रचना विक्रम की 10वीं शताब्दी में मानी जाती है । यह ग्रन्थ दोहा छन्द का एक प्राचीनतम उदाहरण है । इसका विषय श्रावकों का धर्म व आचार है ।

'सावयधम्मदोहा' धार्मिक उपदेश तथा सूक्ति की दृष्टि से तो सुन्दर है ही साथ ही भाषा की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाकवि रइधू

महाकवि रइधू अपभ्रंश-साहित्य-जगत के सुप्रसिद्ध कवि हैं। अपभ्रंश-जगत में सर्वाधिक साहित्य-सृजन का श्रेय महाकवि रइधू को ही है।

रइधू के पिता का नाम साहू हरिसिंह तथा माता का नाम विजयश्री था। कवि के जन्मस्थान के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है किन्तु उनकी रचनाओं में वर्णित अनेक प्रसंगों के आधार से यह अनुमान दृढ़ होता है कि उनका निवास हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के सीमान्त से लेकर ग्वालियर तक के बीच किसी स्थान पर रहा होगा।

कवि ने गोपाचल (ग्वालियर) नगर का विभिन्न दृष्टिकोणों से जिस प्रकार का वर्णन किया है उससे प्रतीत होता है कि उनकी जन्मभूमि/निवासभूमि तो गोपाचल या उसके सन्निकट रही ही होगी पर कार्यभूमि तो गोपाचल ही थी।

रइधू ने पृथक्-पृथक् आश्रयदाताओं के आश्रय में अपना साहित्य-सृजन किया।

अनेक अन्तर्बाह्य साक्ष्यों के आधार पर रइधू का स्थितिकाल विक्रम सम्वत् 1439-1530 (ईस्वी सन् 1382-1473) माना जाता है।

इन्होंने कुल कितने ग्रन्थों की रचना की यह तो स्पष्ट ज्ञात नहीं है किन्तु 28 ग्रन्थों की जानकारी तो उपलब्ध होती है—

1. बलहद्दचरिउ	2. मेहेसरचरिउ	3. कोमुइकहपवंधु
4. जसहरचरिउ	5. पुण्णासवकहा	6. अप्पसंबोहकव्व
7. सावयचरिउ	8. सुकोसलचरिउ	9. पासणाहचरिउ
10. सम्मइजिणचरिउ	11. सिद्धचक्कमाहप्प	12. वित्तसार
13. सिद्धन्तत्थसार	14. धण्णकुमारचरिउ	15. अरिट्ठणेमिचरिउ
16. जीमंधरचरिउ	17. सोलहकारणजयमाल	18. दहलक्खणजयमाल
19. सम्मत्तगुणणिहाणकव्व	20. संतिणाहचरिउ	21. बारहभावना
22. उवएसमाल/उवएसरयणमाल	23. महापुराण	24. पज्जुण्णचरिउ
25. करकंडचरिउ	26. सुदंसणचरिउ	27. रत्नत्रयी
28. भविसयत्तकहा		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनमें से अन्तिम सात रचनाएं अभी उपलब्ध नहीं हुई हैं।

रइधू की विशिष्टता है कि गृहस्थ होते हुए उन्होंने विपुल साहित्य की रचना की। ग्रन्थ-रचना एवं मूर्तिप्रतिष्ठा-कार्य उनकी अभिरुचि के प्रमुख विषय थे। इन्हें उक्त विशाल साहित्य का निर्माण करने की प्रतिभा अपने पिता से उत्तराधिकार में मिली थी।

धण्णकुमारचरिउ—प्रस्तुत ग्रन्थ एक पौराणिक चरितकाव्य है। इसमें एक **श्रेष्ठि-पुत्र** धन्यकुमार का जीवनचरित निबद्ध है।

धन्यकुमार अपने पूर्वभव में अकृतपुण्य नाम का एक पितृविहीन दरिद्र बालक था। एक बार उसने अपनी माँ के साथ एक मुनिराज को आहारदान किया। उसी के फलस्वरूप वह देवगति में जन्मा और बाद में धन्यकुमार के रूप में उत्पन्न हुआ। इस भव में सर्वगुण-सर्व-साधन सम्पन्न होते हुए भी उसे पूर्वकृत कर्मों के कारण अनेक विपत्तियों/आपदाओं का सामना करना पड़ता है पर वह तब भी धैर्य और साहस नहीं छोड़ता। अपने साले शालिभद्र के वैराग्य से प्रेरणा लेकर धन्यकुमार को भी वैराग्य हो जाता है जिससे वह भी दीक्षा लेकर तप करता है और सद्गति प्राप्त करता है।

विशेष अध्ययन के लिए सहायक ग्रन्थ—

1- **रइधू ग्रन्थावली–भाग–1, 2** सम्पादक–डॉ. राजाराम जैन, प्रकाशक–जीवराज जैन ग्रन्थमाला, जैन संस्कृति संरक्षक संघ, शोलापुर, महाराष्ट्र।

2 **रइधू साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन**—डॉ राजाराम जैन, प्रकाशक–प्राकृत, जैनशास्त्र अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली, बिहार।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट-2

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-1

पउमचरिउ

सन्धि-22

प्रस्तुत कडवक महाकवि स्वयंभू विरचित पउमचरिउ से लिया गया है। यह उस समय का वर्णन है जब राजा दशरथ अपने चारों पुत्रों का विवाह सम्पन्न कराकर अयोध्या लौट आते हैं।

22.1 अयोध्या आने के पश्चात् दशरथ-पुत्र राम अषाढ़की अष्टमी के दिन पत्नी (सीता) के साथ जिनेन्द्र का अभिषेक करवाते हैं। स्वयं दशरथ भी अभिषेक करते हैं। जिनेन्द्र के अभिषेक का गन्धोदक सभी को दिया जाता है। (दशरथ की रानी) सुप्रभा के पास गंधोदक देर से पहुँचता है जिससे सुप्रभा नाराज होती है। इसका कारण जानने के लिए राजा दशरथ कंचुकी को वहाँ बुलाते हैं।

22.2.3 कंचुकी अपनी वृद्धावस्था को देरी से आने का कारण बताते हुए नश्वर शरीर का वर्णन करता है। कंचुकी के द्वारा नश्वर शरीर का सजीव वर्णन सुनकर राजा दशरथ को विरक्ति हो जाती है और वे सम्पूर्ण वैभव (राज्य) राघव को देकर तप करने का दृढ़ निश्चय करते हैं। अपने विचार के अनुसार दशरथ राम के राज्याभिषेक एवं स्वयं के संन्यास-ग्रहण की घोषणा करते हैं।

22.7.8 राम के राज्याभिषेक की घोषणा से रानी कैकेयी विचलित हो उठती है, वह अपने पुत्र भरत को राजा बनाना चाहती है। इसके लिए वह दशरथ द्वारा पूर्व में स्वीकृत दो वचनों की याद दिलाकर राजा दशरथ द्वारा दूसरी घोषणा करवाती है। रानी कैकेयी के वचन मानकर राजा दशरथ भरत के लिए राज्य, राम के लिए वनवास और स्वयं के लिए प्रव्रज्या की घोषणा करते हैं।

23 3 इसके बाद राम स्वयं अपने हाथों से भरत के सिर पर राजपट्ट बांधते हैं और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास को जाने के लिए माता से आज्ञा लेने जाते हैं। राम की माता अपराजिता राम से उनके उद्विग्न चित्त व सादगी से, बिना वैभव से आने का कारण पूछती है। राम माता से वनवास को जाने की आज्ञा माँगते हुए पूर्व में अपनी ओर से किये गये अपराधों की क्षमा माँगते हैं।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

पाठ-2

पउमचरिउ

सन्धि-24

पउमचरिउ की चौबीसवीं सन्धि में वर्णित इस काव्यांश में उस समय का वर्णन है जबकि राम-लक्ष्मण और सीता वनवास को चले जाते हैं और उनके बिना सम्पूर्ण महल सुनसान नजर आता है।

24.1 नगर के सभी नागरिक व्याकुल हैं। उस समय पृथ्वी भी निःश्वास लेती हुई प्रतीत होती है। नगर के लोग लक्ष्मण को एक क्षण भी विस्मृत नहीं कर पाते। अपनी प्रत्येक क्रिया में, साधन-प्रसाधन में उन्हें लक्ष्मण का स्मरण होता है।

24.3 राजा दशरथ भरत का राजतिलक करने लगते हैं परन्तु भरत उन्हें ऐसा करने से रोकता है। वह राज्य की असारता को लक्ष्य करते हुए अपनी संन्यास-ग्रहण की इच्छा व्यक्त करता है।

24.4 राजा दशरथ भरत को ऐसा करने से मना करते हैं और कहते हैं कि तुम्हें अभी प्रव्रज्या से क्या ? अभी तुम बालक हो, इसलिए यह नहीं समझते कि जिन-प्रव्रज्या कितनी असहनीय होती है। अतः तुम राज करते हुए विषय-सुखों का उपभोग करो। वे भरत को तपस्या में होने वाले दुःख व कठिनाइयाँ बताते हैं।

24.5 दशरथ के द्वारा बालक के लिए संन्यास की अनुपयुक्तता की बात सुनकर राजा भरत दुःखी होता है और पिता से पूछता है—क्या बालक का जन्म नहीं होता, मृत्यु नहीं होती ? अगर ऐसा नहीं होता तो बालक प्रव्रज्या के लिए क्यों नहीं जा सकता ? किन्तु दशरथ ने उन्हें समझाकर, डराकर पहले राज्य-सुख का उपभोग करने तथा बाद में प्रव्रज्या को जाने के लिए कहकर पट्ट बांधा और स्वयं ने प्रव्रज्या के लिए प्रस्थान किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-3

पउमचरिउ

सन्धि-27

27.14 प्रस्तुत काव्यांश पउमचरिउ से लिया गया है। इसमें राम, लक्ष्मण और सीता के वनवास के समय की एक घटना का वर्णन है। वनवास में वे वनों, पर्वतों आदि में भटकते रहते हैं। इस काव्यांश में बताया है कि तीनों विन्ध्याचल पर्वत, ताप्ती नदी पार कर आगे बढ़ जाते हैं। मार्ग में सीता को प्यास सताने लगी। पानी की खोज करते हुए, सीता को सान्त्वना देते हुए तीनों अरुण गांव में आए। वहाँ उन्हें एक घर दिखाई दिया, वह घर बिल्कुल खाली और सुनसान था। वे उस घर में प्रवेश करते हैं और पानी पीते हैं। वह कपिल नाम के व्यक्ति का घर था। वह अत्यन्त क्रोधी स्वभाव का था। उसी समय कपिल वहाँ आता है। राम, लक्ष्मण और सीता को अपने घर में देखकर वह क्रोध से चिल्लाता है। उसके कटु वचनों को सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं। वे उसे मारने लगते हैं, राम उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।

27.15 चलते-चलते दिन के अन्तिम प्रहर में उस घने वन में उन्हें एक महावटवृक्ष दिखाई दिया, जिस पर विभिन्न प्रकार के पक्षी बैठे हुए कलरव कर रहे थे। वह वटवृक्ष ऐसा दिखा मानो स्वयं उपाध्याय आसन पर स्थित हों। राम और लक्ष्मण ने उस वृक्ष को प्रणाम कर अभिनन्दन किया।

सन्धि-28

जैसे ही सीतासहित राम व लक्ष्मण उस वृक्ष के नीचे बैठते हैं वैसे ही आकाश में बादल छा जाते हैं। आकाश में छाए हुए बादल किस प्रकार लग रहे हैं, इसी का आलंकारिक वर्णन इस काव्यांश में है।

28.1,2,3 आकाश में बादल छा जाना, बिजलियां कड़कना, उन सभी को चीरते हुए वर्षा का आना, प्रस्तुत कडवकों में कवि ने इन सब का, युद्ध में सेना के बाणों के प्रहार के समान कल्पना कर, वर्णन किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-4

पउमचरिउ

76.3 जब राम, लक्ष्मण और सीता पिता की आज्ञा का पालन करते हुए चौदह वर्ष के वनवास में जाते हैं तब वहां रावण कपट वेश धारण कर सीता का हरण करता है। सीता को पुन: प्राप्त करने हेतु राम लंकापति रावण से युद्ध करते हैं। रावण के इस कार्य से दु:खी होकर विभीषण राम की शरण में आ जाता है। अन्त में राम की जीत होती है और रावण युद्ध में मारा जाता है।

रावण को मरा हुआ देखकर विभीषण मूर्च्छित हो जाता है। होश आने पर वह स्वयं मृत्यु की इच्छा करने लगता है। प्रस्तुत पद्यांश में उसके करुण विलाप का वर्णन किया गया है।

76.7 प्रस्तुत कडवक में रावण की मृत्यु के पश्चात् दु:खी रानियों का वर्णन किया गया है कि उन सबको किस तरह अपना अस्तित्व समाप्त होता दिखाई देता है। रावण की मृत्यु के बाद ही वे सब भी मृतप्राय: हो गई हैं। उनके भावों का आलंकारिक वर्णन कवि ने यहाँ किया है। उनको दु:ख की जो अनुभूति हो रही है, प्रिय के बिछोह की जो वेदना हो रही है कवि ने उसी का विभिन्न उपमाओं के द्वारा वर्णन किया है।

77.1 राम के द्वारा रावण के मारे जाने से पूरा अन्त:पुर दु:खी है। कुम्भकरण व इन्द्रजीत को भी रावण के मारे जाने की सूचना मिलती है तो वे अत्यन्त करुण विलाप करते हुए बेहोश हो जाते हैं। होश आने पर रावण की वीरता का बखान कर विलाप करने लगते हैं और यह कहते हैं कि रावण की अनुपस्थिति में सब सुख नीरस हैं। भाई के वियोग में विभीषण विलाप करता है तो वानर-समूह भी रोता है। मरा हुआ रावण वानर-समूह को कैसा लगता है/दिखाई देता है, कवि ने इसी का ही विभिन्न उपमाओं से विभूषित वर्णन किया है। धरती पर पड़े हुए रावण को राम–लक्ष्मण भी अत्यधिक दु:खी हो अश्रुपूरित नेत्रों से देखते हैं।

77.2 विभीषण को समझाते हुए राम कहते हैं कि हे विभीषण! तुम रावण के लिए क्यों रोते हो? रोया तो ऐसे पापी को जाता है जिसके बोझ से धरती दु:खी है, जिसके जीने से धरती व्याकुल है, अर्थात् जो घोर पापी है, उसे रोया जाता है। तुम रावण को क्यों रोते हो?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

77.4 राम द्वारा समझाने पर विभीषण जवाब देते हैं—हे राघव ! मैं इतना इसलिए रोया हूँ कि रावण ने अपना अपयश अधिक फैलाया है, उसने अपने इस अमूल्य जीवन को तिनके के समान बना दिया। उसका जीवन व्यर्थ ही गया, यही सोचकर मैं रोता हूँ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-5

पउमचरिउ

83.2 प्रस्तुत काव्यांश पउमचरिउ की तियासीवीं सन्धि से लिये गये हैं। इसमें उस समय का वर्णन है जब राम लोकापवाद के कारण सीता को राज्य से निर्वासित करते हैं और राजा वज्रजंघ उसे बहन बनाकर पुण्डरीक नगर ले जाता है, वहीं उसके दो पुत्रों लवण व अंकुश का जन्म होता है। दोनों भाई मामा (राजा वज्रजंघ, जिन्होंने उनका पालन-पोषण किया है) के समान ही अजेय व वीर होते हैं। वे सम्पूर्ण पृथ्वी पर अपनी वीरता की पताका फहराते हैं। नारद के मुख से राम, लक्ष्मण की वीरता का बखान एवं राम के द्वारा अपनी माता को कलंकित कहकर निकाल देने की बात को सुनकर दोनों भाई मामा के साथ अयोध्या पर चढ़ाई करते हैं। लवण-अंकुश बड़ी वीरता से युद्ध करते हैं। तभी नारद राम से उन दोनों का परिचय करवाते है और कहते हैं—ये ही तुम्हारे पुत्र लवण-अंकुश हैं। यह सुनकर राम उन्हें गले लगाते हैं और जयघोष के साथ नगर में ले जाते हैं।

लवण-अंकुश नगर में प्रवेश करते हैं उस समय भामण्डल, नल-नील, अंग-अंगद, लंकाधिप, किष्किन्धराजा, जनक, कनक और हनुमान भी वहां उपस्थित थे। पूरी सभा में राम, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, लवण-अंकुश ऐसे लग रहे थे मानो पांचों मन्दराचल एक साथ आ मिले हों। सभी ने राम का अभिनन्दन किया और कहा कि हे राम! तुम धन्य हो जिसके ऐसे पुत्र हैं, पर पूरी सभा में सीता की कमी खटक रही है। आप (उसकी) सीता की कोई परीक्षा करके उन्हें वापस ले आयें। लोकापवाद में विश्वास करना ठीक नहीं।

83 3 यह सुनकर राम ने कहा कि मैं सीता देवी के सतीत्व को जानता हूँ, उसके व्रत व गुणों को जानता हूँ, मैं सीता के बारे में सभी कुछ जानता हूँ पर यह नहीं जानता कि उस पर प्रजाजन ने कलंक क्यों लगाया?

83.4 सर्वगुण-सम्पन्न राज-स्वामिनी पर लगे कलंक को निराधार बताने के लिए उसी समय प्रजाजन के सामने सभा में ही विभीषण ने त्रिजटा को और हनुमान ने लंकासुन्दरी को बुलवाया। दोनों ने सभा में आकर गर्वीले शब्दों में सीता के सतीत्व का वर्णन करते हुए कहा कि असम्भव कार्य भी सम्भव हो जाये पर सीता का सतीत्व नहीं डिग सकता। फिर भी अगर आपको विश्वास नहीं होता तो तिल, चावल, विष, जल और आग इन पाँचों में से किसी भी एक पदार्थ से उसकी परीक्षा ले लीजिए।

83.5 त्रिजटा व लंकासुन्दरी से परीक्षा करवाने की बात सुनकर राम सन्तुष्ट हो गये—हाँ, यह सही है। उन्होंने इस कार्य को कार्यान्वित करने का आदेश दिया। विभीषण, अंगद,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुग्रीव और हनुमान पुष्पक विमान में सीता को लेने के लिए रवाना हुए। वे पुण्डरीक नगर में पहुँचे। सब वहाँ सीता देवी को सकुशल देखकर बहुत प्रसन्न हुए। वे सीता की जय-जयकार करते हुए लवण व अंकुश की वीरता का बखान करने लगे और कहने लगे—अब तुम्हारे बुरे दिन समाप्त हुए, अब अयोध्या चलिए। पति व देवर तथा पुत्रों से मिलकर आनन्दपूर्वक निवास कीजिए।

83.6 अयोध्या वापस जाने की बात सुनकर सीता विह्वल हो जाती है और भर्रायी आवाज में कहती है—मेरे सामने कठोर हृदय राम का नाम मत लो। मुझ निर्दोष को राम ने ऐसे भयंकर जंगल में छुड़वा दिया जहाँ यम और विधाता भी अपने प्राण छोड़ देता है। अब विमान भेजने से कोई मतलब नहीं। दुष्ट (चुगलखोर) लोगों के कहने से (राम ने) मुझे जो दुःख दिया है, वह कभी नहीं मिट सकता।

83.8,9 इस प्रकार पहले तो सीता अयोध्या जाने से मना करती है परन्तु फिर सभी का विशेष अनुरोध देखकर सीता कोशलनगर आ जाती है। सारा नगर जब सीता को देखकर सन्तोष की सांस ले रहा था, जयघोष कर रहा था, उस समय सीता ने राम को जो कुछ कहा वही सब प्रस्तुत पद में वर्णित है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-6

महापुराण

16.3 प्रस्तुत काव्यांश महाकवि पुष्पदन्त रचित महापुराण का अंश है। यह प्रसंग ऋषभदेव के पुत्र भरत--बाहुबलि आख्यान का है।

ऋषभदेव के सौ पुत्रों में भरत सबसे बड़े थे और बाहुबलि उनसे छोटे। ऋषभदेव ने अपना राज्य सब पुत्रों में बांट दिया और स्वयं ने संन्यास ले लिया। सब पुत्र अपने-अपने राज्य से सन्तुष्ट थे। किन्तु भरत अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे। वे दिग्विजय हेतु सैन्यबल-सहित निकल पड़े। अनेक राजाओं को जीतकर वे अपने नगर अयोध्या लौटते हैं, किन्तु उनका विजय चक्र नगर में प्रवेश नहीं करता। वह चक्र नगर में तभी प्रवेश कर सकता था जब सारे राजा उनकी आधीनता स्वीकार कर लेते।

बाहुबलिसहित उनके निन्यानवे भाई भरत की आधीनता स्वीकार नहीं करते। कुछ भाई तो आधीनता स्वीकार करने के बजाय राजपाट त्याग कर जिन-दीक्षा ग्रहण कर लेते हैं परन्तु बाहुबलि न आधीनता स्वीकार करते हैं न संन्यास ग्रहण करते हैं। वे भरत से राज्य हेतु युद्ध करने को कहते हैं। यहाँ नगर में प्रवेश से पूर्व ठहरे हुए चक्र का आलंकारिक वर्णन है।

16.4 चक्र नगर में प्रवेश नहीं करता इससे भरत को आश्चर्य होता है। वे मन्त्री से चक्र के नगर में प्रवेश न होने का कारण पूछते हैं।

प्रस्तुत कडवक में चक्र के नगर में प्रवेश न करने के कारणों पर भरत व पुरोहित के वार्तालाप का वर्णन है।

16.7 चक्र के ठहर जाने का कारण सुन (समझ) लेने के पश्चात् भरत अपने दूत के साथ अन्य भाइयों के पास आधीनता स्वीकार करने हेतु सन्देश भिजवाते हैं। प्रस्तुत पद्य में दूत का सन्देश व कुमारगणों द्वारा भरत की आधीनता अस्वीकार करने का वर्णन है। कुमारगण अनेक तर्क देते हुए भरत नरेश की आधीनता स्वीकार करने को मना करते हैं और अन्त में यही कहते हैं कि हम उसी राजा को प्रणाम करते हैं जिसने चार गतियों के दुःखों का निवारण किया हो।

16.8 उपर्युक्त प्रसंग में ही अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कुमारगण कहते हैं कि धरती के लिए प्रणाम करना उचित नहीं। वे सभी अभिमानहीन जीवन को निरर्थक बताते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। सभी कुमारगण कहते हैं कि अधीन (सेवक) रहनेवाला व्यक्ति कितना ही गुणी क्यों न हो सब बेकार है।

16.9 सभी कुमारगण मनुष्य-जन्म को दुर्लभ बताते हैं और इस अमूल्य जीवन को दासता में रहकर नष्ट नहीं करना चाहते। उनका मानना है कि भोगों में लिप्त रहकर अपने समस्त जीवन को नष्ट करनेवाले मनुष्य के समान हीन कोई नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–7

महापुराण

पाठ छः की कथा के अनुक्रम में ही इस कडवक में वर्णन है कि मनुष्य-जीवन का महत्व बताकर सभी भाई मुनि-वेश धारणकर कैलाश पर्वत पर तप के लिए प्रस्थान करते हैं। एक बाहुबलि रह जाते हैं जो न तप करते हैं और न ही आधीनता स्वीकार करते हैं ।

16.19 इस कडवक में उस समय का वर्णन है जब दूत आकर राजा भरत को बताता है कि आपके शेष सब भाई तो तप के लिए कैलाश पर्वत पर चले गये किन्तु एक बाहुबलि ही ऐसे हैं जो न तप साधते हैं और न ही आधीनता । दूत के मुख से ऐसे वचन सुनकर भरत पुनः (बाहुबलि के पास) दूत भेजता है । दूत बाहुबलि की प्रशंसा कर भरत की आधीनता स्वीकार करने को कहता है पर बाहुबलि मना कर देते हैं और युद्ध के लिए कहते हैं ।

16.20 बाहुबलि के मुख से युद्ध की बात व भरत के लिए अपमानित (कटु) शब्द सुनकर दूत भरत की वीरता का बखान करता है और कहता है कि अधिक कहने से क्या लाभ ? अब भरत आपको रणभूमि में ही मिलेंगे और विजय प्राप्त करेंगे ।

16.21 दूत के मुख से भरत के गुणों को सुनकर बाहुबलि जो जवाब देते हैं, प्रस्तुत कडवक में उसी का वर्णन है ।

16.22 बाहुबलि से मिलकर दूत अपने नगर अयोध्या आकर भरत को बताते हैं—हे राजन्! बाहुबलि आपकी आज्ञा नहीं मानता । वह बड़ा विषम है और पृथ्वी देने के बजाय युद्ध करना ही श्रेष्ठ समझता है । इसलिए वह अवश्य ही युद्ध करेगा ।

———

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

पाठ–8

महापुराण

17.7,8 पाठ सात की कथा के सन्दर्भ में ही भरत व बाहुबलि की सेनाएं युद्ध-मैदान में एक-दूसरे के विरुद्ध तैयार हैं। युद्ध-दुन्दुभी बजने के बाद जैसे ही आक्रमण प्रारम्भ होने वाला होता है, दोनों पक्षों के मन्त्रीगण बीच में आते हैं और दोनों सेनाओं को युद्धविराम के लिए शपथ दिलाते हैं। उनकी शपथ को सुनकर दोनों सेनाएं चित्रलिखित सी खड़ी हो जाती हैं।

17.9 मन्त्रीगण दोनों ही नरेशों को प्रणाम करते हैं, उन्हें उनके गुणों के बारे में बताते हुए दोनों की तुलना करते हैं और कहते हैं कि आप दोनों ही अत्यन्त वीर हैं, अपनी विजय के लिए आप दोनों ही धर्म और न्याय से युक्त परस्पर तीन प्रकार का युद्ध कर अपनी वीरता व विजय का निर्णय करें तो उचित होगा, अन्यथा विजयश्री व वीरता का निर्णय होना कठिन है। व्यर्थ ही सैनिकों का रक्त बहाना उचित नहीं।

17.10 उन्होंने सबसे पहले दृष्टि-युद्ध का सुझाव दिया, जिसमें कोई भी अपनी पलक न हिलाए। दूसरा जलयुद्ध, जिसमें दोनों एक दूसरे पर पानी उछालें। तीसरा मल्लयुद्ध, जिसमें दोनों तब तक मल्लयुद्ध करें जब तक एक दूसरे के द्वारा उठा नहीं लिए जाते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–9

जम्बूसामिचरिउ

9.8 प्रस्तुत काव्यांश महाकवि वीर द्वारा विरचित जम्बूसामिचरिउ की नवीं सन्धि के आठवें कडवक से उद्‌धृत है। जंबूकुमार राजगृही के श्रेष्ठी अरहदास के पुत्र हैं। वे केरल के राजा को युद्ध में परास्त कर अपने राज्य को लौट रहे होते हैं कि किसी प्रसंग से उनके मन में वैराग्य उत्पन्न होता है और वे माता–पिता से दीक्षा की आज्ञा लेने जाते हैं।

माता–पिता पुत्र को अनेक प्रकार से समझाते हैं कि पहले वे उन चारों कन्याओं से विवाह करें जिनके साथ उनका विवाह-सम्बन्ध निश्चित किया जा चुका है, और सांसारिक सुखों का उपभोग करें। परन्तु जंबू अपने निश्चय पर दृढ़ रहते हैं। यह स्थिति देखकर कन्याओं के पिता को सन्देश भिजवाया जाता है कि कन्याओं के लिए कोई अन्य वर की तलाश करें। यह बात चारों ही कन्याएं स्वीकार नहीं करती। उन सभी को इस बात का पक्का विश्वास था कि अपने अपूर्व सौन्दर्य से जम्बूकुमार को वश में कर लेंगी। इसलिए वे मात्र एक रात के लिए विवाह करने का प्रस्ताव रखती हैं। कुमार एक रात के लिए विवाह करने को तैयार हो जाता है पर एक शर्त के साथ कि—इस रात में यदि मैं भोगानुरक्त हो जाऊँ तो ठीक अन्यथा दूसरे दिन प्रातः मैं दीक्षा धारण कर लूंगा।

विवाह के पश्चात् जम्बूकुमार की चारों पत्नियां उनको आकर्षित करने के लिए संसार–आसक्ति की अनेक कथाओं, अन्तर्कथाओं का सहारा लेकर समझाने का प्रयत्न करती हैं जिनके जवाब में स्वयं जम्बूकुमार भी कथाओं के माध्यम से संसार की असारता, जीवन की नश्वरता का वर्णन करते हुए अपने व्रत पर ही दृढ़ रहते हैं।

विनयश्री कुमार को कथानक कहती है कि किस प्रकार एक गरीब संखिणी नामक कबाड़ी स्व-अधीन (जो स्वयं के पास है) लक्ष्मी का उपभोग नहीं करता और श्रेष्ठ स्वर्गसुख की आकांक्षा में ही अपना मूल भी गवाँ देता है यही हाल इनका (जम्बूकुमार) का होगा।

9.11 दूसरी वधू रूपश्री जम्बूकुमार से कहती है—अत्यधिक अनुपलब्ध सुखों की इच्छा करनेवाले के उपलब्ध सुखों का भी नाश हो जाता है। वह ठगा जाता है।

प्रत्युत्तर में कुमार कथा कहता है कि जो मूर्ख विषयसुखों में अन्धा होकर रहता है वह अवश्य ही विनाश को प्राप्त होता है। जिस प्रकार मांस खाने के लालच में गीदड़ को रात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीत जाने का पता ही नहीं चला और सुबह कुत्तों ने उसे खा लिया । इस कडवक में वही कथा वर्णित है ।

10.11 नववधुओं की संसार-आसक्ति की कथाएं एवं उनके उत्तर में कुमार द्वारा संसार की नश्वरता, शरीर की असारता की कथाओं को विद्युच्चर नामक चोर सुनता रहता है । जम्बूकुमार की माता उसे देख लेती है । उससे यह पूछे जाने पर कि वह कौन है तथा यहाँ क्या करने आया था ? वह अपना परिचय बताता है और माता को आश्वस्त करता है कि अगर किसी प्रकार मैं अन्दर चला जाऊँ तो कुमार को विषय-सुखों की ओर जरूर अग्रसर कर दूंगा । यदि मैं असफल रहा तो प्रातः मैं स्वयं भी तपश्चरण/संन्यास ग्रहण कर लूंगा । माता उस चोर को कुमार के कक्ष में ले जाती है और कुमार से यह कहकर परिचय कराती है कि यह तुम्हारे मामा हैं ।

फिर मामा (विद्युच्चर) व भान्जे (जम्बू) का कथाओं के माध्यम से वार्तालाप होता है । विद्युच्चर के मुख से यह सुनकर कि तुम्हारे लिए राज्य-सुख ही श्रेष्ठ है, देव सुख के लिए मन में दमन श्रेष्ठ नहीं, स्वाधीन सुखों को छोड़नेवाले को कोई सुख नहीं मिलता ।

जम्बूकुमार मनुष्य-जीवन का महत्व आदि के बारे में एक कथा का दृष्टान्त देते हैं । प्रस्तुत कडवक में उसी का वर्णन है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–10

सुदंसणचरिउ

2.10,11 प्रस्तुत काव्यांश मुनि नयनन्दिकृत 'सुदंसणचरिउ' से लिया गया है।

चम्पानगरी में ऋषभदास नाम के एक सेठ थे। उनके सुभग नाम का एक ग्वाला था। उस सुभग ग्वाले को एक बार वन में मुनिराज के दर्शन होते हैं। मुनिराज के द्वारा वह णमोकार मन्त्र का उपदेश प्राप्त करता है। वह निरन्तर उसका जाप करता है। सेठ ऋषभदास उसको मन्त्र का प्रभाव समझाते हैं और साथ में सप्त व्यसनों के दुष्परिणाम के बारे में भी बताते हैं।

ये सप्तव्यसन क्या है? इनके परिणाम कैसे होते हैं? यही प्रस्तुत काव्यांश में वर्णित है। सेठ ऋषभदेव गोप को समझाते हुए कहते हैं कि ये सप्त-व्यसन करोड़ों जन्मों तक भारी दुःखों को देनेवाले हैं। अतः हे पुत्र! तू मन को संयम में रख और इन व्यसनों से दूर रह।

8.7 प्रस्तुत कडवक सुदंसणचरिउ की आठवीं सन्धि से लिया गया है। महामुनि के उपदेशों के प्रभाव से ऋषभदास सेठ को संसार से विरक्ति होती है और वे अपने पुत्र को गृहस्थी का भार सौंप कर तपस्या के लिए चले जाते हैं। उनका पुत्र सुदर्शन व पुत्रवधू मनोरमा प्रसन्नतापूर्वक रहते हैं। वसन्तोत्सव में रानी अभया सुदर्शन को देखकर उस पर मुग्ध हो जाती है और सुदर्शन को अपने वश में करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करती है। वह कहती है—या तो वह सुदर्शन को वश में करेगी अन्यथा मर जायेगी।

पंडिता (रानी की दासी) रानी को समझाती हुई कहती है कि आवेग में आकर शील का नाश नहीं करना चाहिए। प्रस्तुत काव्य में शील की प्रशंसाकर उसके कारण अमर हुई अनेक सतियों के उदाहरण प्रस्तुत किये हैं और रानी को बार-बार समझाया है कि हर तरह से शील की रक्षा करनी ही चाहिए। शील ही सच्चा आभूषण है, शीलवान की सभी सराहना करते हैं।

8.9 पंडिता के बार-बार समझाने पर भी रानी अभया अपना हठ नहीं छोड़ती है और सुदर्शन की रट लगाये रहती है तो पंडिता सोचती है और कहती है—जो कुछ, जिस प्रकार, जिसके द्वारा जहाँ होने वाला है, वह उसी देहधारी के द्वारा, वहाँ पर घटित होकर ही रहेगा। होनहार अति बलवान होता है, वह टलता नहीं। इस कडवक में इसी तथ्य को अनेक उदाहरणों से स्पष्ट किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

8.32 इस काव्यांश में सम्यक् चारित्र की दुर्लभता का वर्णन किया गया है। कवि कहते हैं कि सम्यक् चारित्र के आगे सभी दुर्लभ वस्तुएं भी सुलभ समझो, यहाँ कवि ने सुदर्शन द्वारा स्वगत भाषण (अपने से बातचीत) का सुन्दर वर्णन किया है। सुदर्शन यही सोच रहा है कि जिनशासन के अनुसार अति पवित्र वस्तु जिसे मैं पहले कभी नहीं पा सका, उस सम्यक् चारित्र को कैसे नष्ट कर दूं ? यह तो पाताल के शेषनाग, कश्मीर के केसरपिण्ड, मानसरोवर में कमलखण्ड, खान में से हीरे की प्राप्ति से भी दुर्लभ है। अर्थात् ये सभी तो सम्भव हैं पर सम्यक् चारित्र अति दुर्लभ है और अगर वह मेरे पास है तो मैं किस प्रकार उसे नष्ट होने दूं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ–11

सुदंसणचरिउ

3.1 प्रस्तुत काव्यांश मुनि नयनन्दी रचित सुदंसणचरिउ की तीसरी सन्धि से लिया गया है। इस काव्य में उस समय का वर्णन है जबकि सेठ ऋषभदास का ग्वाला (सुभग) णमोकार मन्त्र का प्रभाव जान निरन्तर उसी का स्मरण करता रहता है। एक बार गंगानदी में जलक्रीड़ा करता हुआ ठूँठ से आहत होकर णमोकार मन्त्र का स्मरण करता हुआ मृत्यु को प्राप्त होता है।

इधर सेठानी अर्हद्दासी एक रात में पाँच स्वप्न देखती है, उन्हीं का वर्णन प्रस्तुत काव्य में वर्णित है।

3.2 प्रातःकाल सेठानी अपने पति ऋषभदास (सेठ)के साथ जिन-मन्दिर में स्वप्न-फल पूछने जाती है। वहाँ मुनिराज उसे स्वप्न-फल को समझाते हुए कहते हैं कि तुम्हारे द्वारा स्वप्न में देखे गये दृश्यों से यह ज्ञात होता है कि तुम्हारे धैर्यवान, त्यागी व लक्ष्मीवान, गुणों का समूह, पापरूपी मल को नष्ट करनेवाला पुत्र होगा।

3.5 प्रस्तुत काव्यांश में सेठ ऋषभदास के घर पुत्र–जन्म होने के पश्चात् का वर्णन है कि किस प्रकार सुदर्शन के जन्मोत्सव को सेठ के साथ-साथ स्वयं प्रकृति भी हर्षोल्लास के साथ मनाती है। कवि कहता है—पुत्र के उत्पन्न होने से सम्पूर्ण परिवेश ही आनन्दित हो रहा था। उसी बीच छठे दिन माता पुत्र को लेकर उसके नामकरण के लिए जिन-मन्दिर गई।

3.6 सेठानी के मुख से यह सुनकर कि बन्धुजनों ने इसका नाम कुम्भ राशि में रखने को कहा है, महामुनि ने कहा कि पुत्री तेरे द्वारा स्वप्न में सुन्दर और उच्च सुदर्शन मेरु को देखा गया था इसलिए इसका नाम सुदर्शन ही रखना उचित है। प्रस्तुत काव्यांश में बढ़ते हुए बालक का आलंकारिक वर्णन दोधक छन्द में निबद्ध किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-12

करकंडचरिउ

2.16,17,18 प्रस्तुत काव्यांश मुनि कनकामर रचित करकंडचरिउ से लिये गये हैं। अंगदेश का राजा धाडीवाहन रानी पद्मावती के साथ हाथी पर बैठकर सैर करने जाते हैं। दैवयोग से हाथी जंगल की ओर भागता है, राजा तो एक पेड़ को पकड़कर बच जाते हैं पर हाथी रानी को लेकर आगे निकल जाता है। हाथी एक जलाशय में प्रवेश करता है और रानी कूदकर वन में प्रवेश करती है। उसके प्रभाव से वन हरा-भरा हो जाता है। वनमाली उसे अपने घर बहन बनाकर ले जाता है। परन्तु उसकी पत्नी दोनों पर सन्देह करती है और रानी को श्मशान में छुड़वा देती है। श्मशान में रानी एक पुत्र को जन्म देती है। उस पुत्र को रानी के लाख मना करने पर भी एक मातंग (चाण्डाल) यह कहकर ले जाता है कि मैं एक विद्याधर हूँ और श्राप के कारण मातंग हो गया हूँ। श्राप देते समय मुनि ने यह भी कहा था कि जब दंतिपुर के श्मशान में करकंडु का जन्म हो तो उसका लालन-पालन करना, वह जब पुनः राज्य प्राप्त करेगा तो तुम विद्याधर हो जाओगे। इस तरह रानी को समझाकर यथोचित लालन-पालन की प्रतिज्ञा कर वह उस बालक को ले जाता है। वह उसे नाना प्रकार की विद्याएं सिखाता है तथा सत्संगति की शिक्षा देता है।

प्रस्तुत काव्यांश में विद्याधर उसे उच्च पुरुषों की संगति का फल एक कहानी के माध्यम से समझा रहा है। विद्याधर बताता है कि एक वणिक एक उच्च पुरुष की संगति कर किस तरह भूमण्डल का उपभोग कर सकता है, उसकी कीर्ति किस प्रकार फैलती है।

———

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठ-13

धण्णकुमारचरिउ

3.16 प्रस्तुत काव्यांश महाकवि रइधू द्वारा लिखित धण्णकुमारचरिउ की तीसरी सन्धि से लिया गया है। भोगावती अपने पुत्र अकृतपुण्य के साथ अपने भाई के यहाँ रहती है। अकृतपुण्य वहाँ गाय-बछड़े चराता है।

एक दिन अकृतपुण्य गाय–बछड़े चराते हुए घने जंगल में चला जाता है, थकान होने के कारण अपना वस्त्र बिछाकर पेड़ के नीचे सो जाता है। उसी समय तेज आँधी चलती है, बिजली चमकती है, जिससे घबराकर गाय–बछड़े अपने घर आ जाते हैं। उन गाय–बछड़ों को जंगल में न पाकर अकृतपुण्य भय के कारण जंगल में ही रह जाता है।

पुत्र को घर न आया जानकर माता भोगावती अत्यधिक दुःखी होती है और सभी को साथ लेकर पुत्र को ढूंढने जंगल की ओर जाती है। अकृतपुण्य मामा के साथ ग्रामवासियों को शस्त्र लिए हुए आते देखता है तो सोचता है कि गाय–बछड़ों के खो जाने के कारण ये सब मुझे मारने आए हैं, इसलिए वह और आगे भाग जाता है।

भय से भागते हुए अकृतपुण्य एक गुफा में पहुँच जाता है। वहाँ मुनि वीरसेन शास्त्र पढ़ रहे थे। अकृतपुण्य शुभगति और सुखों को देनेवाले उन वचनों को सुनता है, उन पर चिन्तन करता है कि उसी समय एक सिंह के आक्रमण से मारा जाता है। शुभ भावों से मरकर वह प्रथम स्वर्ग को प्राप्त करता है।

3 19 स्वर्ग के सुखों को देखकर वह विचार करने लगता है कि मेरा कौनसा पुण्य है जिससे मुझे यह सब प्राप्त हुआ। अकृतपुण्य स्वर्ग में अपने दुःखों को याद करता है उसी समय उधर उसकी माता व मामा उस गुफा के द्वार पर आते हैं और भयंकर दुःख देनेवाला दृश्य (अकृतपुण्य का क्षत–विक्षत शरीर) देखते हैं।

3.20 पुत्र के दसों दिशाओं में बिखरे अंगों को देखकर माता मूर्च्छित हो जाती है, नाना प्रकार से रुदन करती है और स्वयं भी मरने को तैयार हो जाती है। स्वर्ग से माता का विलाप एवं दुःख देखकर व गुफा में स्थित मुनिराज के चरणों में प्रणाम करने की भावना लेकर अकृतपुण्य माया से अपनी पुरानी देह का रूप धारण कर माता के सामने आकर उसको प्रणाम करता है।

3.21 अकृतपुण्य रोती हुई माता को अनेक प्रकार से समझाता है। संसार की असारता, जीवन की क्षणभंगुरता को समझाते हुए जिन-आगम का स्मरण करने को कहता है जिसके कारण स्वयं अकृतपुण्य ने प्रथम स्वर्ग में देवों द्वारा पूज्य 'सुर' का स्थान प्राप्त किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शुद्धि पत्र

पृष्ठ संख्या	पंक्ति संख्या	कडवक संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
7	5	22.8.6	(वह उस ओर)	कैकेयी(उस ओर)
10	1	24.3.7	दीसवन्तु	दोसवन्तु
31	17	83.5.9	स्थित है	स्थित रहती है
32	4	83.8.7	ण भीय	सीय ण भीय
35	9	16.4.1	[1–2]	[1]
35	11	16.4.2,3	[3–4]	[2–3]
35	13	16.4.4,5,6	[5–6–7]	[4–5–6]
35	19	16.4.7	[8]	[7]
35	21	16.4.8	[9]	[8]
35	23	16.4.9	[10]	[9]
35	27	16.7.1	[1–2]	[1]
37	1	16.7.2	[3]	[2]
37	3	16.7.3	[4]	[3]
37	4	16.7.4	[5]	[4]
37	6	16.7.5	[6]	[5]
37	7	16.7.6	[7]	[6]
37	9	16.7.7	[8]	[7]
37	10	16 7.8	[9]	[8]
37	12	16 7.9	[10]	[9]
37	14	16.7.10	[11]	[10]
37	20	16.8.1	[1–2]	[1]
37	22	16.8.2	[3]	[2]
37	24	16.8.3	[4]	[3]
37	26	16.8.4	[5]	[4]
37	28	16.8.5	[6]	[5]
37	29	16.8.6	[7]	[6]
39	1	16.8.7	[8]	[7]
39	3	16.8.8	[9]	[8]
39	5	16.8.9	[10]	[9]
39	6	16.8.10	[11]	[10]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृष्ठ संख्या	पंक्ति संख्या	कडवक संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
57	11	2.10.7	[8]	[7]
58	12	2.11	5	13
60	17	8.32.3	करसीरएँ	कस्सीरएँ
64	5	3.1.9	रण	गउ
67	25	3.5.10	स्थित	स्थिर

नोट—पृष्ठ संख्या 37 पर कडवक संख्या 16.7.7 (शुद्ध की हुई) के हिन्दी अनुवाद को इस प्रकार पढ़ें—जो न जीर्ण होता है (न) क्षीण होता है तो (हम) (उसको) प्रणाम करते हैं। यदि (कोई अपनी) पीठ भंग नहीं करता तो (हम उसको) प्रणाम करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सहायक पुस्तकें एवं कोश

1.	पउमचरिउ (भाग 1-5)	महाकवि स्वयंभू सम्पा.—डॉ. हरिवल्लभ भायाणी अनु.—डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन (भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली)
2.	महापुराण	महाकवि पुष्पदन्त सम्पा.—डॉ. पी.एल. वैद्य (भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली)
3.	जंबूसामिचरिउ	महाकवि वीर सम्पा.—डॉ. विमलप्रकाश जैन (भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली)
4.	सुदंसणचरिउ	मुनि नयनन्दि सम्पा—डॉ. हीरालाल जैन (प्राकृत, जैनशास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली, बिहार)
5.	करकंडचरिउ	मुनि कनकामर सम्पा.—डॉ. हीरालाल जैन (भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली)
6.	धण्णकुमारचरिउ (रइधू ग्रन्थावली, भाग-1)	महाकवि रइधू सम्पा.—डॉ. राजाराम जैन (जीवराज जैन ग्रन्थमाला, जैन संस्कृति संरक्षण संघ, शोलपुर-महाराष्ट्र)
7.	परमात्मप्रकाश	योगीन्दु (परमश्रुत प्रभावक मण्डल, अगास-गुजरात)
8.	पाहुडदोहा	मुनि रामसिंह सम्पा.—डॉ. हीरालाल जैन (अंबादास चवरे दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला कारंजा(बरार))

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. सावयधम्मदोहा — आचार्य देवसेन
सम्पा.—डॉ. हीरालाल जैन
(कारंजा जैन पब्लिकेशन सोसायटी, कारंजा, बरार)

10. हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण (भाग 1–2) — व्याख्याता श्री प्यारचन्दजी महाराज
(श्री जैन दिवाकर दिव्य ज्योति कार्यालय, मेवाड़ी बाजार, ब्यावर)

11. प्राकृत भाषाओं का व्याकरण — डॉ. आर. पिशल
(बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना)

12. अभिनव प्राकृत व्याकरण — डॉ. नेमिचन्द शास्त्री
(तारा पब्लिकेशन, वाराणसी)

13. अपभ्रंश भाषा का अध्ययन — श्री वीरेन्द्र श्रीवास्तव
(एस. चाँद एण्ड कं. प्रा. लि., नई दिल्ली)

14. पाइय सद्द महण्णवो — पं. हरगोविन्ददास त्रिकमचन्द सेठ
(प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी)

15. अपभ्रंश-हिन्दी कोश (भाग 1–2) — डॉ. नरेशकुमार
(इण्डो–विजन प्रा. लि. 11A, 220, नेहरु नगर, गाजियाबाद)

16. वृहत् हिन्दी कोश — सम्पा—कालिकाप्रसाद आदि
(ज्ञानमण्डल लिमिटेड, बनारस)

17. संस्कृत-हिन्दी कोश — वामन शिवराम आप्टे
(मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली)

18. अपभ्रंश रचना सौरभ — डॉ. कमलचन्द सोगाणी
(अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर)

19. Apabhramsa of Hemchandra : Dr. Kantilal Baldevram Vyas
(Prakrit Text Society, Ahmedabad)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org